आज का मौसम
34.0° अधिकतम तापमान
27.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.44
सूर्यास्त 06.45

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

आश्विन शुक्ल पक्ष षष्ठी उपरांत 02:27 सप्तमी विक्रम संवत 2082


रविवार, 28 सितंबर 2025, वर्ष 4, अंक 47, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



भारत दूरसंचार उपकरण बनाने वाले देशों में शामिल : सिंधिया - 12



आर्थिक तरक्की की मिसाल बन गया यूपी - 12



नासा-इसरो निसार उपग्रह ने पृथ्वी की सतह की पहली रडार तस्वीरें भेजीं - 13



आखिरी वार के लिए तैयार सूर्यकुमार के जांबाज - 14


लोक दर्पण
रामलीला : लोकनाट्य संस्कृति की बहुमूल्य निधि

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, रामलीला : लोकनाट्य संस्कृति की बहुमूल्य निधि व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

☞ www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### पूर्वांचल विवि: पूर्व वीसी प्रो. यूपी सिंह का निधन

**गोरखपुर।** महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. उदय प्रताप सिंह (यू. पी. सिंह) का शनिवार सुबह निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे और पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। प्रो. सिंह का अंतिम संस्कार रविवार (28 सितंबर) को पावन राप्ती नदी के राजघाट पर दिन में 12 बजे से होगा। इस अवसर पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे। योगी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर के अध्यक्ष, आदर्श शिक्षक, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में गणित विभाग के पूर्व आचार्य एवं अध्यक्ष, पूर्व कुलपति प्रो. यूपी सिंह जी का निधन अपूरणीय क्षति है।

### तिहाड़ में भूख हड़ताल करेंगे इंजीनियर रशीद

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के बारामूला से लोकसभा सदस्य शेख अब्दुल रशीद ने शनिवार को कहा कि वह अहिंसा के सिद्धांत के महत्व को उजागर करने के लिए गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर तिहाड़ जेल में दो दिवसीय भूख हड़ताल पर बैठेंगे। लोकसभा सांसद शेख अब्दुल रशीद को इंजीनियर रशीद के नाम से भी जाना जाता है। 'बापू' को संबोधित और लोकसभा अध्यक्ष को भेजे गए एक हस्तलिखित पत्र में सांसद ने कहा कि पूरी दुनिया को शांति की सख्त जरूरत है। सांसद शेख अब्दुल रशीद वर्तमान में आतंकवाद के वित्तपोषण के मामले में नयी दिल्ली में स्थित तिहाड़ जेल में बंद हैं।

### अवैध हथियार बरामद तीन बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के उत्तर पश्चिम जिले की पुलिस ने त्योहारों के मद्देनज़र अपनी चौकसी बढ़ा दी है, जिसके परिणामस्वरूप दो अलग-अलग कार्रवाईयों में हथियार लेकर घूम रहे तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके कब्जे से तीन देशी पिस्तौल, नौ ज़िंदा और नौ खाली कारतूस के साथ एक महिंद्रा एक्सयूवी 500 कार भी ज़ब्त की है। जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने शनिवार को बताया कि जहांगीरपुरी पुलिस ने 26 सितंबर को सीडी पार्क से भलस्वा डेयरी निवासी अभिषेक उर्फ अक्कू और देव उर्फ अनूज को गिरफ्तार कर दो देशी पिस्तौल, चार ज़िंदा-दो खाली कारतूस बरामद किए।

# मौलाना भूल गया कि शासन किसका है : योगी

## बरेली में हुए बवाल को लेकर मुख्यमंत्री ने दी कड़ी चेतावनी

- कहा-ऐसा सबक सिखाएंगे कि पीढ़ियां दंगा करना भूल जाएंगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ





बरेली में हिंसा के दूसरे दिन सुरक्षा के बावत मुस्तैद पुलिस बल।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को एक कार्यक्रम में कहा कि उनकी सरकार ने 2017 के बाद से दंगाइयों और माफिया को चुन-चुनकर सबक सिखाया है। बरेली की हालिया घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि एक मौलाना भूल गया था कि शासन किसका है। उसने धमकी दी थी कि सड़क जाम होगा और कर्फ्यू लगेगा, लेकिन हमने कहा कि न जाम होगा, न कर्फ्यू लगेगा। हम ऐसा सबक सिखाएंगे कि तुम्हारी आने वाली पीढ़ियां भी दंगा करना भूल जाएंगी।

योगी ने जोर देकर कहा कि 2017 से पहले उप्र को जातिवाद, परिवारवाद और भ्रष्टाचार ने बीमारू राज्य बना दिया था। उस समय दंगाइयों को मुख्यमंत्री आवास में बुलाकर सम्मानित किया जाता था, पेशेवर अपराधियों और माफियाओं के सामने सत्ता नतमस्तक रहती थी। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि चाचा-भतीजा वसूली में लगे थे और सत्ता का मुखिया माफिया के कुत्ते से हाथ मिलाकर गौरवान्वित होता था। योगी ने कहा कि हमने दंगाइयों को उनकी भाषा में जवाब दिया, अब उनकी सात पीढ़ियां याद रखेंगीं। परिवारवाद और भ्रष्टाचार पर हमने बुलडोजर चलाया, सपा सरकार में चाचा-भतीजा वसूली में लगे थे। हर जिले में पहले एक माफिया मिलता था, अब हर जिले में मेडिकल कॉलेज दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने बुलडोजर के जरिए माफिया राज का अंत किया और उत्तर प्रदेश को विकास की राह पर आगे बढ़ाया। 2016 में यूपी की अर्थव्यवस्था 12 लाख करोड़ थी, इस साल 35 लाख करोड़ पर पहुंचेगी।

हमने पिछले साढ़े आठ सालों में विकसित यूपी की आधारशिला रख दी है, अब भव्य इमारत बनाने का समय है। योगी ने सीएजी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि वर्ष 2023 में यूपी 37 हजार करोड़ रुपये का राजस्व अधिशेष वाला राज्य था, जो बढ़कर 70 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। प्रति व्यक्ति आय 45 हजार से बढ़कर 1.20 लाख रुपये हो गई है। उन्होंने कहा कि आज यूपी बीमारू नहीं, बल्कि देश की ग्रोथ स्टोरी का इंजन है।

यह उपलब्धि उन लोगों के लिए अविश्वसनीय है, जिनमें पौरुष और संकल्प की कमी थी।

## हिंसा का मुख्य साजिशकर्ता मौलाना तौकीर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विभिन्न धाराओं में तौकीर समेत 12 उपद्रवी भेजे गए जेल
- 10 एफआईआर, सौ से अधिक नामजद, तीन हजार आरोपी

**अमृत विचार :** जुमे की नमाज के बाद बिना अनुमति प्रदर्शन और उपद्रवियों से पुलिस पर पथराव और फायरिंग कराकर शहर को सुलगाने के मुख्य साजिशकर्ता आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां समेत 12 दंगाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शनिवार सुबह मौलाना सहित सभी आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। मौलाना को फतेहगढ़ जेल में भेजा है, जबकि अन्य 11 को बरेली की जिला जेल भेजा गया है। मामले में पुलिस ने अलग-अलग थानों में 10 एफआईआर दर्ज की हैं। जिसमें मौलाना तौकीर रजा खां समेत सौ से अधिक को नामजद और तीन हजार के करीब अज्ञात आरोपी बनाए गए हैं। पुलिस 31 उपद्रवियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के आह्वान पर जुमे की नमाज के बाद दोपहर में आई लव मोहम्मद पोस्टर पर की गई कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन कर रहे उपद्रवियों ने पुलिस पर पथराव करने के बाद फायरिंग की थी। शहर में पांच स्थानों पर भारी बवाल हुआ था। हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पुलिस ने शुक्रवार रात 12:50 बजे के करीब मौलाना तौकीर को फाइक एंक्लेव स्थित दोस्त फरहत खां के घर से गिरफ्तार किया था, जबकि बवाल के समय खलील तिराहे से 7 अन्य आरोपियों सहित 11 को गिरफ्तार किया। मौलाना तौकीर रजा का शनिवार सुबह 5:10 बजे जिला अस्पताल में मेडिकल कराकर कोर्ट में पेश किया गया।

> शहर में बवाल कराने वाले मुख्य साजिशकर्ता मौलाना तौकीर रजा खां समेत 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। अलग-अलग थानों में 10 एफआईआर दर्ज की गई हैं।
> -अनुराग आर्य, एसएसपी।

# कांग्रेस ने जनता को लूटने का कोई भी मौका नहीं छोड़ा: प्रधानमंत्री

- ओडिशा के झारसुगुड़ा में नमो युवा समावेश कार्यक्रम में बोले प्रधानमंत्री मोदी

झारसुगुड़ा (ओडिशा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने देश के लोगों को लूटा और निम्न आय वर्ग के लोगों पर भी कर लगाया। ओडिशा के झारसुगुड़ा में 'नमो युवा समावेश' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने लोगों को कांग्रेस और उसके सहयोगियों द्वारा की जा रही कथित लूट के प्रति आगाह किया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने लोगों को लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ा और दो लाख रुपये सालाना आय वालों पर भी कर लगा दिया। भाजपा सरकार ने इस सीमा को बढ़ाकर 12 लाख रुपये से ज्यादा कर दिया...कांग्रेस और उसके सहयोगियों से सावधान रहें, क्योंकि वे लोगों को लूटते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की ओर से जीएसटी में सुधार और लोगों को राहत दिए जाने के बाद कांग्रेस ने भाजपा सरकार को गाली देना शुरू कर दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब हमारी सरकार ने सीमेंट की कीमतें कम कीं, तो हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपना कर लगा दिया। जब हमने जीएसटी दरें कम कीं, तो पूरे देश में कीमतें कम हो गईं, लेकिन कांग्रेस आम लोगों को यह राहत नहीं देना चाहती। जीएसटी परिषद ने हाल ही में कर दरों को युक्तिसंगत बनाने और पांच व 18 प्रतिशत की दो दरें कायम रखने का निर्णय लिया था। 22 सितंबर से लागू इस फैसले से उत्पादों व सेवाओं की कीमतों में कमी आने की उम्मीद थी।



ओडिशा में विभिन्न विकास परियोजनाओं को हरी झंडी दिखाते प्रधानमंत्री मोदी।

### 60 हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा के झारसुगुड़ा से दूरसंचार, रेलवे और उच्च शिक्षा जैसे क्षेत्रों से जुड़ीं 60,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरुआत की। मोदी ने देश भर में आठ आईआईटी के विस्तार की आधारशिला रखी। गुजरात के सूरत जिले में बरहामपुर को उधना से जोड़ने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। 1,400 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 34 किलोमीटर लंबी रेल लाइन राष्ट्र को समर्पित किया। संबलपुर शहर में फ्लाईओवर का उद्घाटन किया।

### बीएसएनएल के स्वदेशी 4जी नेटवर्क की शुरुआत की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के स्वदेशी 4जी नेटवर्क का उद्घाटन किया। 97,500 से अधिक 4जी मोबाइल टावरों का भी उद्घाटन किया, जिनमें से 92,600 टावर इसी टेलीकॉम सेवा प्रदाता की 4जी तकनीक से लैस हैं। स्वदेशी 4जी नेटवर्क की शुरुआत के साथ ही भारत डेनमार्क, स्वीडन, दक्षिण कोरिया और चीन जैसे देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है।

# पाकिस्तानी जासूस के संपर्क में थे वांगचुक : डीजीपी

- द डॉन के कार्यक्रम में की थी शिरकत, बांग्लादेश भी गए थे

लेह, एजेंसी

लद्दाख के पुलिस महानिदेशक एस.डी. सिंह जामवाल ने शनिवार को कहा कि कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के विरोध-प्रदर्शनों के वीडियो सीमा पार भेजने वाले एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट की पिछले माह हुई गिरफ्तारी के संदर्भ में, पुलिस वांगचुक के पाकिस्तान से कथित संबंधों की जांच कर रही है। जामवाल ने सोनम वांगचुक को बुधवार को हुई हिंसा का जिम्मेदार बताया। इस हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हुए थे। वांगचुक को शुक्रवार को रासुका के तहत हिरासत में लिया गया था।

जामवाल ने कहा कि उनका यूट्यूब पर उपलब्ध प्रोफाइल और इतिहास देखें, तो उनके भाषण लोगों को उकसाने वाले प्रतीत होते हैं, क्योंकि उन्होंने अरब क्रांति और नेपाल, बांग्लादेश एवं श्रीलंका में हाल की अशांति का जिक्र किया था। वांगचुक का अपना एक एजेंडा था। एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट हमारी हिरासत में है, जो वांगचुक के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों के वीडियो सीमा पार भेज रहा था। पुलिस प्रमुख ने वांगचुक की कुछ विदेश यात्राओं को संदिग्ध बताते हुए कहा कि उन्होंने पाकिस्तान में द डॉन समाचार पत्र के एक कार्यक्रम में भाग लिया और बांग्लादेश भी गए।

### लेह शहर में कर्फ्यू में चार घंटे की ढील

**लेह।** लद्दाख के हिंसा प्रभावित लेह शहर में कर्फ्यू लगाए जाने के तीन दिन बाद शनिवार दोपहर से कुछ घंटों के लिए प्रतिबंधों में ढील दी गई, जिससे दुकानों के बाहर कतार में खड़े निवासियों को राहत मिली। डीजीपी ने बताया कि कर्फ्यू में कुल चार घंटे की ढील दी गई है। पुराने शहर में दोपहर एक से तीन तक और नए क्षेत्र में साढ़े तीन से शाम साढ़े पांच बजे तक ढील दी गई है।



कर्फ्यू में ढील मिलने के बाद लेह में दुकानों पर खरीदारी को पहुंचे लोग।

## दो साल हो सकता है संसदीय समितियों का कार्यकाल, सरकार कर रही विचार

- लोकसभा अध्यक्ष-राज्यसभा के सभापति से करेंगे विमर्श

**नई दिल्ली।** सरकार संसद की स्थायी समितियों का कार्यकाल बढ़ाकर दो साल करने पर विचार कर रही है, क्योंकि कुछ सांसदों ने शिकायत की है कि मौजूदा एक साल का कार्यकाल कोई सार्थक योगदान देने के लिए बहुत कम है। सरकार लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति सीपी. राधाकृष्णन के साथ विचार-विमर्श के बाद इस संबंध में कोई निर्णय ले सकती है। संसदीय समितियों का नया कार्यकाल सितंबर के अंत या अक्टूबर की शुरुआत में प्रारंभ होता है, जो इस पर निर्भर करता है कि समितियां किस तारीख को गठित की गई हैं।

## अभिनेता विजय की रैली में मची भगदड़, 20 की मौत

- सौ से अधिक घायल, बढ़ सकती है मृतक संख्या

**करुर।** तमिलनाडु के करुर में अभिनेता विजय की रैली में भगदड़ मचने से 20 लोगों की मौत और 100 अधिक लोगों के घायल होने की सूचना है। मृतकों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो सकती है।

तमिलनाडु में शनिवार को अभिनेता से नेता बने विजय की रैली में हजारों लोग एकत्र हो गए, इस दौरान भगदड़ मचने से 20 से अधिक लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है और 100 से ज्यादा लोगों के घायल होने की बात कही गई। जिला प्रशासन ने घायलों को पास के अस्पताल पहुंचाया है। मुख्यमंत्री एम स्टालिन ने घायलों को हर मदद पहुंचाने का आदेश दिया है।

# भारत मैत्री भाव से दुनिया के साथ लेकिन दबाव में झुकेगा नहीं : योगी

- स्वदेशी बीएसएनएल 4जी नेटवर्क के उद्घाटन में वर्चुवली जुड़े मुख्यमंत्री
- कहा-बीएसएनएल की सेवाओं को हर ग्राम पंचायत के साथ जोड़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत मैत्री भाव से विश्व के साथ चलेगा लेकिन किसी के दबाव में नहीं झुकेगा। योगी शनिवार को स्वदेशी तकनीक पर आधारित बीएसएनएल 4जी नेटवर्क और भारत नेट परियोजना के ऑनलाइन उद्घाटन के अवसर पर लखनऊ में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडिशा में एक विशेष कार्यक्रम के तहत स्वदेशी बीएसएनएल 4जी नेटवर्क' का उद्घाटन किया, जिसमें देश भर से सभी मुख्यमंत्री और संबंधित विभाग के मंत्री और अधिकारी ऑनलाइन मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उनकी सरकार ने भारत संचार निगम लिमिटेड(बीएसएनएल) की सेवाओं को उत्तर प्रदेश के हर ग्राम पंचायत के साथ जोड़ दिया है। कहा कि भारत नेट के स्वदेशी 4जी इंफ्रास्ट्रक्चर डिजिटल क्रांति को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। योगी ने बताया कि 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने हर ग्राम पंचायत को ऑप्टिकल फाइबर और नेटवर्किंग से जोड़ने का संकल्प लिया था, जो भारत नेट ने साकार किया।

### डिजिटल पेमेंट से मिल रही राहत

योगी ने बीते दौर की कठिनाइयों का जिक्र करते हुए कहा कि पहले पेंशन के लिए लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, जिसमें आधा पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता था। अब डीबीटी के जरिए 1 करोड़ निराश्रित महिलाओं, वृद्धों और दिव्यांगों को सालाना 12,000 रुपये की पेंशन सीधे खाते में मिलती है। 60 लाख से अधिक अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी छात्रों को 6,000 करोड़ रुपये की स्कॉलरशिप डिजिटल रूप से दी जा रही है। यूपीआई के जरिए भारत ने सबसे अधिक डिजिटल पेमेंट का रिकॉर्ड बनाया है।

**मिसाल** | शाहजहांपुर की नेहा की अगुआई में एकता समूह की सभी 10 सदस्य बन चुकी हैं सफल उद्यमी

# मशरूम की खेती से बनाई नारी सुरक्षा-सम्मान की नई राह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मशरूम को बड़े बाजारों तक पहुंचाने, महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का लक्ष्य

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जनपद के ग्राम जिन्दपुरा की नेहा कश्यप मिशन शक्ति के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की एक प्रेरणादायक मिसाल बनकर उभरी हैं।

एकता स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की अध्यक्ष के रूप में नेहा ने 10 से अधिक ग्रामीण महिलाओं को जागरूक कर मशरूम खेती जैसे अभिनव उद्यम की नींव रखी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महिला सशक्तीकरण मुहिम ने नेहा को न केवल आर्थिक स्वतंत्रता दी, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को सुरक्षा और सम्मान की नई राह भी दिखाई है।

नेहा कश्यप की यात्रा तब शुरू हुई जब उन्होंने उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की योजना के तहत एकता समूह का गठन किया। समूह की कोषाध्यक्ष नूरजहां और सचिव माया देवी के साथ मिलकर नेहा ने 10 महिलाओं को छोटी-छोटी बचत के लिए प्रेरित किया। नेहा कश्यप कहती हैं कि मैंने सोचा कि सीमित संसाधनों से भी हम अपनी जिंदगी बदल सकते हैं। मशरूम खेती का विचार मुझे आया और समूह ने इसे स्वीकार किया। स्टार्टअप फंड, रिवाल्विंग फंड, सीआईएफ और सीसीएल से मिले वित्तीय सहयोग ने उनके सपने को पंख दिए। नेहा ने अपने 42 फीट लंबे और 36 फीट चौड़े मशरूम फार्म की स्थापना की, जिसमें 30 हजार रुपये की लागत आई। 10 हजार रुपये झोपड़ी और बांस के प्लेटफॉर्म, 2 हजार रुपये भूसा-कंपोस्ट, 3 हजार रुपये के बीज, 2हजार रुपये के रासायनिक दवाएं-खाद और 4,800 रुपये पारिश्रमिक पर खर्च हुए। परिवार के सहयोग से उन्होंने वटन और ढिंगरी प्रजाति की खेती शुरू की, जिससे मासिक 40,000 से 50,000 रुपये की आमदनी होती है। नेहा कहती हैं मिशन शक्ति ने हमें प्रशिक्षण और सुरक्षा दी। अब हम आत्मनिर्भर हैं, मैं अपने समूह को और सशक्त करना चाहती हूं। सरकार का सहयोग हमें आगे बढ़ा रहा है।

### जरी और सिलाई पर भी दिया ध्यान

नेहा की अगुआई में एकता समूह की सभी 10 सदस्य सफल उद्यमी बन चुकी हैं। मशरूम खेती के अलावा बकरी पालन, जरी, और सिलाई जैसे कार्यों से उन्होंने रोजगार और आर्थिक सुधार हासिल किया। विकास खंड निगोही में ऐसे कई एसएचजी हैं, जो मिशन शक्ति की बदौलत प्रगति कर रहे हैं। नेहा अब अपने मशरूम उद्यम को और विस्तार देने की योजना बना रही हैं।

### मिशन शक्ति अभियान से प्रेरणा

नेहा का लक्ष्य है कि उत्पादन को बड़े बाजारों तक पहुंचाया जाए और समूह की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जाए। वे चाहती हैं कि जिन्दपुरा गांव की महिलाएं आने वाले समय में पूरे जिले और प्रदेश के लिए आदर्श बनें। नेहा कश्यप का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मिशन शक्ति अभियान उनकी प्रेरणा का बड़ा आधार बना। इसने विश्वास दिलाया कि महिलाएं समाज की दिशा भी बदल सकती हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### विवाद के बीच लगी 'आई लव योगी' की होर्डिंग्स

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी में 'आई लव मोहम्मद' विवाद के बीच लखनऊ की सड़कों पर 'आई लव योगी आदित्यनाथ' व 'आई लव बुलडोजर' की होर्डिंग्स लगाई गई हैं। यह होर्डिंग्स भाजपा युवा मोर्चा, लखनऊ के महासचिव अमित त्रिपाठी की तरफ से लगाई गई हैं। इसकी तस्वीरें सामने आईं तो राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गईं। उत्तर प्रदेश में इन दिनों 'आई लव मोहम्मद' मामला तूल पकड़ रहा है। कई शहरों से इसको लेकर प्रदर्शन की खबरें सामने आई हैं। सीएम योगी ने शनिवार को लखनऊ और श्रावस्ती के मंच से कार्रवाई को लेकर कड़े संदेश भी दिए। दरअसल, विवाद की शुरुआत 9 सितंबर को हुई थी, जब कानपुर में बारावफात जुलूस के दौरान सार्वजनिक मार्ग पर 'आई लव मोहम्मद' लिखे बोर्ड लगाए गए। इस पर पुलिस ने नौ नामजद और 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### धर्म के नाम पर तनाव फैला रही सरकार : संजय

**अमृत विचार, लखनऊ :** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार सुनियोजित तरीके से धर्म और त्योहारों के नाम पर समाज में तनाव फैला रही है। बेरोजगारी, किसानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और महंगाई जैसे असली मुद्दों को दबाने के लिए धर्म के नाम पर झगड़े का खेल चला रही है। आप सांसद ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा नए-नए धार्मिक विवाद खड़े करती है। उन्होंने "आई लव मोहम्मद", "आई लव महादेव" और अब "आई लव आदित्यनाथ" जैसे विवादों का उदाहरण देते हुए कहा कि कल को "आई लव मोदी" भी शुरू हो जाएगा।

### रोलर फ्लोर मिल उद्योग की सराहना

**अमृत विचार, लखनऊ :** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश 380 लाख टन गेहूं का उत्पादन करते हुए देश का सबसे ज्यादा गेहूं, चीनी व दुग्ध उत्पादक राज्य है। इसमें रोलर फ्लोर मिल उद्योग की भूमिका अत्यंत सराहनीय है, प्रतिदिन लाखों टन गेहूं की प्रोसेसिंग कर आटा, मैदा, सूजी जैसे उत्पादों की आपूर्ति के साथ ही लाखों लोगों को रोजगार मिल रहा है। उप मुख्यमंत्री, शनिवार को एक निजी होटल में यूपी रोलर फ्लोर मिलर्स एसोसिएशन के 62वें वार्षिक महासम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस उद्योग को प्राथमिकता दे रही है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति के प्रमुख सचिव रणवीर प्रसाद, निवर्तमान अध्यक्ष धर्मेन्द्र जैन, नव निर्वाचित अध्यक्ष दीपक कुमार बजाज, उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता और उपाध्यक्ष सुरेश सिंघल मौजूद रहे।

### बिना ई-वेबिल स्क्रैप ला रहे ट्रक पकड़े गए

**अमृत विचार, लखनऊ :** दरें घटने के बाद भी जीएसटी चोर सक्रिय हैं। त्यौहारी सीजन शुरू होते ही राज्यकर विभाग की मोबाइल और सचल दल इकाई हरकत में आ गई है। नतीजा लगातार जीएसटी चोरी कर लाई जा रही गाड़ियों के पकड़े जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। पूर्वांचल हाइवे समेत राजधानी से जुडे. विभिन्न एक्सप्रेस पर स्क्रैप की करीब आधा दर्जन गाड़ियां पकड़ी गईं। इन सभी पर 30 टन से अधिक स्क्रैप बिना कागजातों के परिवहन होते पकड़ा गया। बीते तीन दिनों में राजस्व क्षति पहुंचाने वाली बिना ई-वेबिल के स्क्रैप की पांच गाड़ियां पकड़ी गईं। प्रमुख सचिव के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में इन सभी गाड़ियों को अलग-अलग रूट से पकड़ा गया। पूर्वांचल हाइवे पर पकड़े गए वाहन पर करीब 10 टन स्क्रैप लदा हुआ था। जांच के दौरान कोई भी वैध प्रपत्र चालक नहीं दिखा सका। इसी तरह अन्य वाहनों से लाए जा रहे स्क्रैप को पकड़ा गया। दस लाख से अधिक की कर चोरी मिली है।

## अनियमितता के मामले में राज्यकर की सहायक आयुक्त निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वित्तीय अनियमितता के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। राज्यकर की सहायक आयुक्त नीलम यादव को निलंबित कर दिया गया है।

लखनऊ में तैनात नीलम यादव पर आईटीसी के रूप में सरकार को 33.11 करोड़ रुपये राजस्व का नुकसान पहुंचाने का आरोप है। निलंबन अवधि में सहारनपुर कार्यालय से संबद्ध किया गया है। नीलम यादव के निलंबन का आदेश संयुक्त सचिव राज्य कर रघुवीर प्रसाद ने जारी किया। आरोप है कि फर्म सर्वश्री पटेल इंटरप्राइजेज राज्य कर खंड 10 लखनऊ की भौगोलिक सीमा में है। लेकिन नीलम यादव ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर लापरवाही और त्रुटिपूर्ण तरीके से पंजीयन जारी कर बोगस व्यापार का अवसर दिया। पंजीयन सत्यापन व रिटर्न स्क्रूटनी आदि कामों में अपने दायित्व का ठीक से निर्वहन नहीं किया। इससे आईटीसी के रूप में 33.11 करोड़ रुपये की राजस्व क्षति हुई है।

## अब 'समय पर भुगतान' प्रणाली से होगा फंड स्थानांतरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का पैसा सीधे और समय पर पहुंचेगा
- केंद्रीय धनराशि को लेकर वित्त विभाग के एसीएस ने जारी किया शासनादेश

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार ने योजनाओं से दी जाने वाली धनराशि के भुगतान के लिए 'जस्ट-इन-टाइम' (समय पर भुगतान) प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है। इसके बाद अब लाभार्थियों को समय पर सीधे पैसा मिलेगा और बीच में राशि रोककर रखने की जरूरत खत्म हो जाएगी।

वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने केंद्र सरकार के निर्देश पर शासनादेश जारी किया है। नई व्यवस्था में यदि किसी योजना से जुड़ी भुगतान फाइल दोपहर 3 बजे तक भेज दी जाती है तो उसी दिन उसका निपटारा हो जाएगा। पहले जहां धनराशि कई दिन या हफ्तों तक लंबित रहती थी, वहीं अब भुगतान आदेश प्रतिदिन मदर सैन्क्शन (मुख्य स्वीकृति) के आधार पर जारी होंगे। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी कारण से लेनदेन असफल रहता है तो उसे 90 दिन तक दोबारा जारी करने का अवसर रहेगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि लाभार्थी किसी तकनीकी कारण से अपने हक से वंचित न रह जाए।

इस नई प्रणाली से योजनाओं की पारदर्शिता और दक्षता दोनों में वृद्धि होगी। अब न तो अग्रिम राशि रोककर रखनी पड़ेगी और न ही भुगतान की प्रक्रिया लंबी खिंचेगी। सरकार का मानना है कि इससे करोड़ों लाभार्थियों को समय पर धन मिल सकेगा और विभागों पर भी अनावश्यक बोझ घटेगा।


### दोनों विकल्पों से सीधे खाते में पैसा

नई व्यवस्था में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के दोनों विकल्प अकाउंट आधारित और आधार आधारित खुले हैं। लेकिन एक ही भुगतान फाइल में एक ही मोड इस्तेमाल होगा। कर कटौती जैसे टीडीएस या जीएसटी राज्य आईएफएमआईएस से होगी। पीएफएमएस केवल नेट और ग्रॉस अमाउंट को आगे भेजेगा। अगर किसी कारण से भुगतान फेल हो जाए तो राज्य को 90 दिन तक उसे दोबारा जारी करने का अवसर रहेगा। इसके बाद रकम स्वत: अनस्पेंट मानकर केंद्र को लौटानी होगी। कई राज्यों की सफल पहल भी साझा की गई हैं।

# आई लव मोहम्मद की अराजकता को 'चंड-मुंड' की तरह रौंदेंगे : योगी

## श्रावस्ती से मुख्यमंत्री का कड़ा संदेश, बोले- कई पीढ़ियों के लिए नजीर बनेगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/श्रावस्ती



मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत युवाओं को ऋण वितरित करते योगी आदित्यनाथ।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को श्रावस्ती से अराजक तत्वों को सख्त संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि 'आई लव मोहम्मद' के नाम पर उपद्रव करने वालों को 'चंड-मुंड' समझा जाएगा और उन पर ऐसी कार्रवाई होगी, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए नजीर बनेगी। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि सनातन सभी का सम्मान करता है, लेकिन जो मूल्यों की अवहेलना कर अराजकता फैलाएगा, वह न छूटेगा और न छूट पाएगा।

मुख्यमंत्री योगी 510 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को शांति और विकास रास नहीं आता। जब भी कोई हिंदू पर्व आता है, उनकी गर्मी बढ़ जाती है। ऐसे तत्वों की गर्मी को शांत करने के लिए डेंटिंग-पेंटिंग करनी ही पड़ती है। योगी ने स्पष्ट किया कि उपासना व्यक्तिगत विषय है, सार्वजनिक प्रदर्शन का नहीं। यही कारण है कि प्रदेश में धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर पर लगाया गया प्रतिबंध आगे भी यथावत रहेगा।

उन्होंने अराजक तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि बेटियों को परेशान करने वालों, व्यापारियों और पुलिस पर हमला करने वालों, प्रतिष्ठानों में आगजनी करने वालों को हम छोड़ेंगे नहीं। ऐसे लोगों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई होगी कि उनकी कई पीढ़ियां सबक लेंगी। मुख्यमंत्री ने उन्हें 'बुजदिल' करार देते हुए कहा कि जो बच्चे और महिलाओं की आड़ में काम करते हैं, उन्हें इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। योगी ने कहा कि शारदीय नवरात्र और विजयादशमी के पर्व पर उपद्रव करने वाले मां भगवती का भी अपमान करते हैं। मां भगवती चंड-मुंड का संहार करती हैं, उसी प्रकार हम समाज के लिए खतरा पैदा करने वालों को रौंदेंगे। उन्होंने कहा कि तालिबानी व्यवस्था और 'दारुल इस्लाम' की सोच को उत्तर प्रदेश में कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तालिबानी व्यवस्था तो उन्हें जहन्नुम में भी नहीं मिलने वाली है।

योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज भारत पूरी दुनिया को विकास का संदेश दे रहा है। नए भारत का नया उत्तर प्रदेश उपद्रवियों और माफियाओं से निपटना जानता है। अब वे दिन लद गए, जब सपा-बसपा और कांग्रेस की सरकारें माफिया से हाथ मिलाती थीं। हमारी सरकार बुलडोजर चलाकर अराजकता का अंत करना जानती है।

श्रावस्ती में एयरपोर्ट निर्माण की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि इससे पर्यटन को नई दिशा मिलेगी और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। यहां देश-दुनिया से पर्यटक आएंगे, जिससे श्रावस्ती का सर्वांगीण विकास होगा।

### महर्षि वाल्मीकि जयंती पर छुट्टी

मुख्यमंत्री योगी ने महर्षि वाल्मीकि के जन्मदिवस (7 अक्तूबर) पर प्रदेश में सरकारी अवकाश घोषित किया। साथ ही सभी देवालयों में संस्कृति व पर्यटन विभाग के सहयोग से अखंड रामायण पाठ कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि हमारी आस्था और आदर्श के प्रतीक हैं। उन्होंने रामायण जैसा पहला संस्कृत महाकाव्य रचकर मानवता को अमूल्य धरोहर दी है। मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री मोदी की ओर से अयोध्या एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर किए जाने का भी उल्लेख किया और कहा कि इससे उनकी महत्ता को और बल मिला है।

# बिना डिप्लोमा मिली सैकड़ों लैब टेक्नीशियन को नौकरी

## चयन आयोग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 2016 में एलटी के 921 पदों की भर्ती का मामला पहुंचा न्यायालय नई भर्तियों पर लग चुकी है रोक
- अंतिम तिथि तक डिप्लोमा पूरा करने वाले 300 अभ्यर्थियों को मिली नियुक्ति

**अमृत विचार :** चहेतों को टेक्नीशियन की नौकरी दिलाने में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने अपनी ही कलम का दुरुपयोग नहीं किया, बल्कि उनके हाथ उप्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग तक पहुंच गए। आयोग के अधिकारियों से सांठगांठ कर जमकर फर्जीवाड़ा किया और दोनो हाथों से रेवड़ी बांटी। लैब टेक्नीशियन (एलटी) के 921 पदों के लिए विज्ञापन संख्या 17-परीक्षा/2016 की चयन प्रक्रिया में अनियमितताएं बरती गईं, 2019 में सैकड़ों ऐसे अभ्यर्थियों को नौकरी मिल गयी जो आवेदन करने की तिथि तक 5 अक्टूबर 2016 तक अर्ह ही नहीं थे, हालांकि मामला न्यायालय में पहुंच चुका है और न्यायालय के हस्तक्षेप से नई भर्तियों पर रोक लग चुकी है।

पीड़ित अभ्यर्थियों का कहना है कि 15 सितंबर 2016 को स्वास्थ्य विभाग में 729 और चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिए 192 पद, कुल 921 लैब टेक्नीशियन पदों के लिए आयोग की ओर से अंतिम तिथि 5 अक्टूबर 2016 तक आवेदन मांगे गए थे। निर्धारित चयन प्रक्रिया के तहत 7, 8 व 9 नवंबर 2016 को निर्धारित परीक्षाएं भी आयोजित की गईं। नियमानुसार, किसी भी भर्ती में शैक्षिक योग्यता विज्ञापन की अंतिम तिथि तक पूर्ण होनी चाहिए, लेकिन इस शर्त की अनदेखी की गयी। इतना ही नहीं, आयोग और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से उच्च न्यायालय के सिंगल बेंच आदेश (रिट संख्या 145/2017) की गलत व्याख्या कर 2019 में लगभग 250 से 300 अयोग्य अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी गई। जो विभिन्न मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में कार्यरत भी हैं।

शिकायतकर्ताओं ने कहा कि अधिकारियों की घोर अनियमितताओं को लेकर न्यायालय में पुनः डबल बेंच में गए, जहां मामला विचाराधीन है। अधिकारियों के इस घोटाले से हजारों योग्य और प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों को अपने हक से वंचित होना पड़ा है।

### फर्जीवाड़े में शामिल आरोपी अभ्यर्थी

शिकायतकर्ताओं ने शिकायत के साक्ष्य रूप में न्यायालय में तमाम चयनित अयोग्य अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए हैं, जो वर्तमान में नौकरी कर रहे हैं, उनमें भूपेंद्र व उमंग चौधरी (मेडिकल कॉलेज, झांसी), अतुल चौरसिया (मेडिकल कॉलेज, कन्नौज), कीर्ति (सीएमओ, रायबरेली), रेनू कुमारी (महिला अस्पताल, गाजियाबाद), अमित गौतम (सीएमओ, कानपुर देहात), अखिलेश कुशवाहा (सीएमओ, प्रतापगढ़) और रस्मी सिंह (सीएमओ, गौतमबुद्ध नगर) जैसे कई नाम शामिल हैं।

### जांच की मांग के साथ सरकार को चेतावनी

पीड़ित अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री समेत अन्य अधिकारियों से मांग की है कि चयनित सभी अभ्यर्थियों की मार्कशीट और डिग्री की जांच कराई जाए। अंतिम तिथि के बाद डिप्लोमा प्राप्त करने वालों को तत्काल सेवा से हटाया जाए और पूरे मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित की जाए। दोषी अधिकारियों और आयोग के जिम्मेदार पदाधिकारियों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाए। अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो वे न्याय की लड़ाई और तेज करेंगे।

## विकसित यूपी अभियान के लिए अब तक मिले 11 लाख सुझाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में 'समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047' अभियान के तहत पूरे प्रदेश से 11 लाख सुझाव प्राप्त हुए हैं। इनमें से लगभग 8 .5 लाख सुझाव ग्रामीण क्षेत्रों से और 2 .5 लाख शहरी क्षेत्रों से आए हैं। आयु वर्ग के अनुसार, सबसे ज्यादा साढ़े 5 लाख से अधिक सुझाव 31 से 60 वर्ष के लोगों की रही, जबकि बड़ी संख्या में युवाओं (साढ़े 4 लाख) और वरिष्ठ नागरिकों (करीब एक लाख) ने भी अपने विचार साझा किए हैं। शिक्षा, ग्रामीण एवं शहरी विकास, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि, आईटी-टेक्नोलॉजी, उद्योग और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में लोगों ने विशेष रुचि दिखाई है।

## एमपी शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. यूपी सिंह का निधन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अंतिम संस्कार आज गोरखपुर में होगा, शामिल होंगे योगी



**अमृत विचार :** महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष और पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. उदय प्रताप सिंह (प्रो. यूपी सिंह) का शनिवार सुबह निधन हो गया। 92 वर्षीय प्रो. सिंह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। उनके निधन से शिक्षा जगत और गोरक्षपीठ परिवार में शोक की लहर है।

मूल रूप से गाजीपुर निवासी प्रो. सिंह का जन्म 1 सितंबर 1933 को हुआ था। गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद वे वहां गणित विभाग में आचार्य और अध्यक्ष रहे। बाद में उन्हें पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर का कुलपति बनने का अवसर मिला।

प्रो. सिंह उन विरले व्यक्तित्वों में रहे, जिन्हें लगातार तीन पीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ, महंत अवेद्यनाथ और वर्तमान गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सानिध्य में कार्य करने का अवसर मिला। वर्ष 2018 में वे एमपी शिक्षा परिषद के अध्यक्ष बने और अंतिम सांस तक इस पद पर कार्यरत रहे। राउनके निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त किया और रविवार को गोरखपुर के राजघाट पर होने वाले अंतिम संस्कार में शामिल होने की घोषणा की।

## किसानों की उपज के निर्यात को समझौता

### लुलु ग्रुप और उत्कृष्ट प्रोड्यूसर कंपनी ने किया एमओयू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 में मिला अंतरराष्ट्रीय बाजार



वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 समारोह के दौरान एमओयू साइन करते अधिकारी।

**अमृत विचार :** प्रगति मैदान नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 में प्रदेश के किसानों के लिए शनिवार को एक समझौता (एमओयू) हुआ है। लुलु ग्रुप और उत्कृष्ट कृषि प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों ने निर्यात योग्य फल एवं सब्जियों की आपूर्ति के लिए एमओयू साइन किया गया। इसके अंतर्गत लुलु ग्रुप द्वारा प्रदेश के किसानों से गुणवत्तापूर्ण फल एवं सब्जियों को खरीद कर सऊदी अरब, दुबई, कतर, ओमान सहित खाड़ी देशों में निर्यात किया जाएगा।

समारोह में एपीडा के अध्यक्ष अभिषेक देव, इंस्पेक्टर जनरल ऑफ फॉरेस्ट कृष्ण बहादुर सिंह तथा उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की विशेष सचिव प्रेरणा शर्मा उपस्थित रहीं।

मालूम हो कि उत्कृष्ट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा किसानों को आईपीएम (एकीकृत कीट प्रबंधन) के अंतर्गत सतत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक हरदोई जिले में 550, लखनऊ में 250, बाराबंकी में 150 और सीतापुर में 60 किसानों को खेतों पर ही प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

## खाद के लिए जान भी गंवा रहे किसान : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में पूरे प्रदेश का किसान खाद संकट से जूझ रहा है। प्रदेश में खाद को लेकर हाहाकार है। खाद के लिए लाइनों में लगे किसानों की तबीयत बिगड़ रही है। भाजपा किसान विरोधी है। खाद के लिए किसी की जान चली जाए और सरकार कुछ न करे। यह संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है।

सपा प्रमुख ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि आगरा के अकोला सहकारी समिति पर खाद के लिए तीन दिन से गोदाम के चक्कर लगा रहे किसान की लाइन में तबीयत बिगड़ गयी, बाद में मौत हो गयी। इससे पहले भी किसानों के साथ इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। भाजपा सरकार में बड़े पैमाने पर खाद की कालाबाजारी हो रही है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार किसानों को खाद, बीज, बिजली उपलब्ध कराने में विफल है। उन्होंने कहा कि कई जिलों की सहकारी समितियों में खाद नहीं है। किसानों को पिछले साल न गेहूं की फसल के लिए यूरिया, डीएपी मिली और न धान के लिए खाद मिली, अब आलू और चना-मटर, सरसों के लिए खाद नहीं मिल रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा 9 साल से किसानों से झूठे वादे करती रही है।

**इंस्पायर अवार्ड योजना** | प्रदेश की टॉप टेन सूची में लखनऊ मंडल के चार जनपद शामिल

# लखनऊ मंडल से हुए रिकॉर्ड 31881 नामांकन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नामांकन के लिए मात्र तीन दिन शेष पंजीकरण कराने की अपील

**अमृत विचार :** केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना इंस्पायर अवार्ड मॉनक में सर्वाधिक नामांकन लखनऊ मंडल के ज़िलों में हुआ है। प्रदेश की टॉप टेन सूची में लखनऊ मंडल के चार जनपद शामिल हैं। इसके लिए नामांकन 15 जून से ही प्रारम्भ है। नामांकन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर घोषित है जिसके लिए अब महज तीन दिन शेष बचा है।

संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ मण्डल कार्यालय के मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में इस वर्ष जब नामांकन की पात्रता परिधि भी बढ़ाकर कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के लिए कर दी गयी तो लखनऊ मण्डल के सभी जनपदों ने अपने नामांकन के आंकड़े भी तीव्रता से बढ़े हैं। लखनऊ मण्डल के सभी जिलों लखीमपुर खीरी, हरदोई, सीतापुर, लखनऊ, उन्नाव, रायबरेली के जिला विद्यालय निरीक्षक को जनपद में शेष रह गए सभी विद्यालयों से इंस्पायर अवार्ड मॉनक योजना 2025-26 में अधिक से अधिक पंजीकरण कराने की अपील की जा रही है। मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि अभी तीन दिन शेष हैं।

> लखनऊ मंडल के सभी छह जनपदों में किसी भी विद्यालय को इंस्पायर मॉनक पोर्टल पर नामांकन करने में आने वाली किसी भी तरह की समस्या के लिए उनसे 9415012946 पर सम्पर्क कर सकते हैं।
>
> -डॉ. दिनेश कुमार, मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी, लखनऊ मंडल

### ये हैं आंकड़े

राज्य कार्यालय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 27 सितम्बर के पूर्वान्ह तक लखनऊ मंडल के 6 जिलों से नामांकन की स्थिति निम्नवत है।

1-लखनऊ जनपद से 6602 नामांकन

2-हरदोई जनपद से 6384 नामांकन

3-उन्नाव जनपद से 5453 नामांकन

4-लखीमपुर खीरी जनपद से 5049 नामांकन

5-सीतापुर जनपद से 4883 नामांकन

6-रायबरेली जनपद से कुल 3510 नामांकन

इस प्रकार अब तक लखनऊ मण्डल से कुल 31881 नामांकन हुए हैं। संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने मण्डल के सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को उनके कुशल रणनीति से गुणवत्तापरक मौलिक विचारों में अधिकाधिक नामांकन कराने पर सराहना की है।

## विकास में पर्यटन प्रमुख स्तंभ : जयवीर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आगरा में उच्चीकृत क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय के सूचना केंद्र का किया गया लोकार्पण

**अमृत विचार :** पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उप्र. की विकास यात्रा में पर्यटन हमेशा ही एक प्रमुख स्तंभ रहा है। हमें पर्यटन को ऐसा समावेशी बनाना है, जो समुदाय आधारित हो और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार हो। हर नई पहल हमें विकसित भारत के सपनों के और करीब ले जाती है, जहां उप्र. एक प्रमुख वैश्विक पर्यटन गंतव्य के रूप में चमकता दिखाई देगा।

पर्यटन मंत्री, शनिवार को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर आगरा में आयोजित समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यटन के विकास में हम सतत परिवर्तन की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं, हमारा दृष्टिकोण स्पष्ट है। इस मौके पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने आगरा में उच्चीकृत क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय के पर्यटन सूचना केंद्र का लोकार्पण किया। तत्पश्चात, छात्रों के समूहों को इको, हेरिटेज और आध्यात्मिक पर्यटन के लिए रवाना किया। प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने बताया कि स्थानीय पर्यटन कार्यालय का उद्घाटन स्थानीय समुदायों के लिए नई संभावनाओं और आगंतुकों के लिए बेहतर सेवाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

### मुख्यमंत्री फेलोशिप विजेताओं का सम्मान

उप्र. पर्यटन विभाग द्वारा संचालित मान्यवर कांशीराम प्रबंधन संस्थान (एमकेआईटीएम), लखनऊ में विश्व पर्यटन दिवस (27 सितंबर) के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री फेलोशिप विजेता ज्योति तिवारी (बलरामपुर) और आदित्य त्यागी (मुजफ्फरनगर), अभिलाष गुप्ता (सीतापुर) को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कई जिले में हेरिटेज वॉक, निबंध लेखन, प्रभात फेरी, स्थानीय व्यंजनों पर चर्चा आदि हुए। बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। गोरखपुर मंडल में हाल ही में पंजीकृत संपत्तियों को निवेश मित्र के तहत एग्रो-प्रॉपर्टी प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

## षष्ठम कात्यायनी



कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती शक्ति के नौ रूपों में छठवीं रूप हैं। कात्यायनी अमरकोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है। संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, शाकुम्भरी व ईश्वरी इन्हीं के अन्य नाम हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी शामिल हैं में भी प्रचलित हैं। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है।

**बीज मंत्र... क्लीं श्री त्रिनेत्राय नमः।**

## न्यूज ब्रीफ

### 12 वाहनों का चालान

**शुजागंज, अयोध्या। अमृत विचार :** एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देशन शुजागंज चौकी क्षेत्र में शनिवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व चौकी प्रभारी शंकर लाल यादव ने किया। इस दौरान दो और चार पहिया वाहनों की सघन जांच की गई। अभियान के दौरान कुल 12 वाहनों का चालान किया गया ।चौकी प्रभारी शंकर लाल यादव ने वाहन चालकों को हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने, दस्तावेज पूरे रखने, और यातायात नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी।

### दुष्कर्म में आरोपी को जमानत नहीं

**अयोध्या, अमृत विचार :** शादी का झांसा देकर 20 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपी को कोर्ट ने जमानत पर रिहा करने से इनकार कर दिया है। यह आदेश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम रवि कुमार गुप्ता की अदालत से हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश चंद्र देवरस ने बताया की रुदौली कोतवाली के एक गांव की रहने वाली 20 वर्षीय किशोरी से रौनाही थाने के कोडरा गांव निवासी अंशु ने दुष्कर्म किया था। इसकी रिपोर्ट उसकी बड़ी बहन ने अंशु के खिलाफ दर्ज कराई थी। सनी के बाद कोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज कर दी।

### 14231 विद्यार्थियों के खाते में आई छात्रवृत्ति

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जयनाथ गुप्ता ने बताया कि वर्तमान शैक्षिक सत्र 2025-26 में अन्य पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा-09-10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11-12) योजनान्तर्गत जनपद में कुल 14231 छात्र-छात्राओं के बैंक खातों में भी छात्रवृत्ति की धनराशि भेजी गई है।

### 10 दिव्यांगों को दी ट्राई साईकिल

**अयोध्या, अमृत विचार :** सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत शनिवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा सर्किट हाउस सभागार में विधायक रूदौली रामचंद्र यादव, नगर विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता ने 10 दिव्यांगजन को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल का वितरण किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, विधायक गोसाईगंज के प्रतिनिधि अखिलेश सिंह उपस्थित रहे।

### अविवि में मातृ सम्मेलन का आयोजन

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में सेवा पखवाड़ा के तहत प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से कुलपति कर्नल डॉ बिजेंद्र सिंह अध्यक्षता में मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता दीदी मां मंदाकिनी रामकिंकर श्रीरामचरितमानस मर्मज्ञ रही। कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रभु श्री राम राष्ट्र मंगल के प्रतीक है। कुलानुशासक प्रो एसएस मिश्रा ने भी छात्रों का संबोधन किया। संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने किया।

### छात्राओं और शिक्षकों की हुई काउंसिलिंग

**अयोध्या, अमृत विचार :** मिशन शक्ति 5.0 के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना रौनाही पुलिस टीम द्वारा कम्पोजिट विद्यालय हाजीपुर बरसेन्डी में छात्राओ व अध्यापकों के साथ काउंसिलिंग की गई। छात्राओं और महिलाओं की सुरक्षा और गैर झिझक शिकायत दर्ज कराना, पीड़ित सहायता, कानूनी सहायता की व्यवस्था देना आदि की जानकारी दी गई। क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।



12 वर्ष आयु में विजेता यश विद्या मंदिर अयोध्या की टीम के साथ महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व रायबरेली विधायक अदिति सिंह।



17 वर्ष आयु में विजेता हार्टफुलनेस स्कूल तमिलनाडु की टीम के साथ खेल मंत्री गिरीश चंद यादव, स्कूल के संरक्षक अतुल सिंह, अध्यक्ष शांतनु सिंह व अन्य।

# अयोध्या, तमिलनाडु व केरल की बेटियों ने जीता खिताब

## सीबीएसई राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता गर्ल्स 2025 का समापन

## खेलमंत्री, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष, महापौर, विधायक व आरआरएस के प्रान्त प्रचारक ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** आशापुर स्थित अवध इंटरनेशल स्कूल परिसर में चल रही पांच दिवसीय सीबीएसई राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता गर्ल्स 2025 का शनिवार को समापन हो गया। इसमें अयोध्या, तमिलनाडु और केरल की बेटियों ने अपने-अपने वर्ग में बेहतर खेल का प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चन्द्र यादव, विशिष्ट अतिथि महापौर अयोध्या गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक रुदौली रामचन्द्र यादव, विधायक रायबरेली अदिति सिंह, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त प्रचारक, अवध प्रान्त कौशल किशोर ने विजेता व उपविजेता टीम को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। ऑवर ओन स्कूल शारजाह की टीम को तीनों आयु वर्गों में प्रतिभाग करने के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती व गणेश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद के प्रतिनिधि अजमेर से आए श्याम सुन्दर शर्मा ने कहा कि मैंने पहली बार किसी विद्यालय में ऐसे खेल का आयोजन देखा। जहां देश-विदेश से आईं 60 टीमों के 800 खिलाड़ियों को हर तरह से बेहतर व्यवस्था मिली। आयोजन मंडल से जुड़े सभी सदस्यों ने अपनी मेहनत व सेवाभाव से किसी को भी शिकायत का कोई मौका नहीं दिया।

विशिष्ट अतिथि आरएसएस के प्रान्त प्रचारक कौशल किशोर ने विद्यालय के संरक्षक, निदेशिका एवं अध्यक्ष को इस आयोजन के लिए बधाई दी। विद्यालय के अध्यक्ष एवं क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष शान्तनु सिंह से आग्रह किया कि विद्यालय परिसर में वर्ष भर में एक बार जिले के खिलाडि़यों के लिए कोई एक प्रतियोगिता आयोजित की जाए। खिलाडि़यो का उत्साहवर्धन किया जाए, जिससे कि उनमें खेल के प्रति लगाव हो और वो अपनी प्रतिभा से देश-प्रदेश व जिले के नाम रोशन करें।

विद्यालय के संरक्षक अतुल कुमार सिंह ने कहा कि कोई भी प्रतियोगिता सफल तभी मानी जाती है जब उसमें लिए गये निर्णय निर्विवाद हो। यह कार्य निष्पक्ष निर्णायक मंडल ही कर सकता है। इस प्रतियोगिता में किसी भी निर्णय के विरुद्ध आपत्ति नहीं दर्ज कराई गई। सभी की मेहनत से ही भीषण गर्मी के बाद भी यह आयोजन निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हुआ। उन्होंने इतने बडे. आयोजन को सफल बनाने में लगे सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। समापन समारोह में विद्यालय की निदेशिका कविता सिंह, अध्यक्ष शान्तनु सिंह, प्रधानाचार्य विष्णु कुमार गुप्ता, रमाशंकर सिंह, अभय सिंह, सुधीर मिश्रा, अखिलेश पाठक, संजय सावलानी, रमेश गुप्ता, सुनील तिवारी, सीबीएसई के पर्यवेक्षक एवं तकनीकी प्रतिनिधि बृजेन्द्र प्रताप सिंह और आशीष झा समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



19 वर्ष आयु में विजेता टीम एसएन पब्लिक स्कूल इल्लापली केरल की टीम के साथ महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व रायबरेली विधायक अदिति सिंह।

### अयोध्या अपार संभावनाओं की धरती : महापौर

विशिष्ट अतिथि गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन कराने के लिए विद्यालय प्रबन्धन बधाई का पात्र है। वर्तमान समय में अयोध्या अपार सम्भावनाओं एवं अवसरों की धरती हो गई है। उन्होंने सभी प्रतिभागी व विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास से सफलता जरूर मिलती है।

### विदेशी टीमों के आने से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता हो गई : अदिति

विशिष्ट अतिथि विधायक रायबरेली अदिति सिंह ने कहा कि ओमान, कतर व शारजहा की टीमें आने से यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय न हो कर अंतरराष्ट्रीय हो गई। ये सिर्फ अयोध्या ही नहीं पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए स्कूल प्रबन्धन को बधाई देते हुए भविष्य में भी इस तरह की और प्रतियोगिता कराने की उम्मीद जताई।



समापन समारोह को संबोधित करते आरएसएस के प्रांत प्रचारक कौशल किशोर।

### किशोरावस्था में मोटापा एक अभिशाप : अपर्णा

विशिष्ट अतिथि राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने प्रधानमंत्री के पोषण माह के अन्तर्गत स्वस्थ भारत की संकल्पना के लिए खो-खो जैसे खेलों के आयोजन पर बल दिया। किशोरावस्था के मोटापे को अभिशाप बताते हुए एवं इससे बचने के लिए खेलों को बढ़ावा देने के आवश्यकता पर बल दिया।

### युवा खिलाड़ी ओलंपिक में भी लाएंगे मेडल: खेलमंत्री

मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। सभी खिलाड़ी इसी तरह मेहनत करें। प्रधानमंत्री के आह्वान कि खिलाड़ी एक घंटे खेल के मैदान में सार्थक परिणाम देखने को मिलेगा। हमें उम्मीद है कि देश के युवा खिलाड़ी एशियन गेम्स, कॉमन वेल्थ आदि सभी खेलों के साथ .साथ ओलंपिक में बेहतर खेल का प्रदर्शन कर देश के लिए मेडल लाएंगे। उन्होंने पराजित हुए खिलाड़ियों से अपील करते हुए कहा कि निराश न हों, अपनी खामियों को चिह्नित करें और उसे दूर करने के लिए मेहनत करें। निरंतर अभ्यास से अगली बार वो भी सफल होंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी खेल नीति की सराहना करते हुए सरकार की तरफ से उभरते खिलाड़ियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। कहा कि देश का कोई भी प्रतिभावान खिलाड़ी धन के अभाव में अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन करने से वंचित न हो, ऐसा सरकार का प्रयास है। हर मंडल में एक खेल विश्वविद्यालय स्थापित करने की केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजना के बारे में भी जानकारी दी।

### किसी भी तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं करेगी सरकार : अपर्णा



देश में हर नागरिक को अपने धर्म का पालन करने, पूजा-पाठ करने की पूरी स्वतंत्रता है। सभी देशवासियों के धर्म का सम्मान है, लेकिन धर्म के नाम पर अशांति या अराजकता फैलाने की छूट किसी को नहीं है। सरकार किसी भी तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं करेगी। ये बातें शनिवार को राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कहीं। वह बरेली प्रकरण पर पत्रकारों से वार्ता कर रहीं थीं। कहा कि माहौल खराब करने की ऐसी कोई भी कोशिश होगी तो उसे अपराध मानकर सख्त कार्रवाई होगी। बरेली प्रकरण में सरकार ने जो कदम उठाया वो सही है।

### धर्म के नाम पर अराजकता फैलाने की छूट नहीं : यादव



खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि देश में सभी धर्मों के लोगों को अपने-अपने ढंग से पूजा-पाठ की छूट है, लेकिन धर्म के नाम पर माहौल खराब करने वालों के खिलाफ सरकार जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करती है। धर्म के नाम पर अराजकता फैलाने की छूट किसी को नहीं है। उत्तर प्रदेश सरकार किसी भी तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं करेगी।

### हार्टफुलनेस ने चित्रकूट स्कूल को हराया

17 वर्ष आयु वर्ग के फाइनल मैच में हार्टफुलनेस स्कूल तमिलनाडु ने चित्रकूट स्कूल कर्नाटक की टीम को 10-06 से हराया। श्रीनारायना पब्लिक स्कूल केरल एवं न्यू बाम्बे सिटी स्कूल, नवी मुम्बई ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### केरल की टीम ने हरियाणा को किया पराजित

19 वर्ष आयु वर्ग के फाइनल मैच में एसएन पब्लिक स्कूल, इलापल्ली केरल ने नारांचल सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल हरियाणा को 11-06 से पराजित किया। आनन्द स्कूल ऑफ एक्सीलेन्श भिवानी हरियाणा एवं यूनीवर्ष पब्लिक स्कूल ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### यश विद्या मन्दिर की टीम रही विजेता

प्रतियोगिता के अन्तिम दिन तीनों आयु वर्गों के फाइनल मैच खेले गये। इसमें 14 वर्ष आयु वर्ग में यश विद्या मन्दिर अयोध्या की टीम ने एलबीएस स्कूल रोहतक हरियाणा को 11-02 से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। हार्टफुलनेस स्कूल तमिलनाडु एवं व्यासा विद्यापीठ, केरल ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# एक दीया राम के नाम पहल से जुड़ेगा देश-विदेश का हर भक्त

अयोध्या कार्यालय

- ऑनलाइन माध्यम से भी जलाया जा सकेगा भक्ति का दीप, मिलेगा प्रसाद

**अमृत विचार:** रामनगरी में दीपोत्सव-2025 एक बार फिर आस्था, श्रद्धा और संस्कृति के विराट संगम का प्रतीक बनने जा रहा है। सरयू के पावन तट पर इस वर्ष 19 अक्टूबर को लाखों दीयों से जगमगाने वाली अयोध्या न केवल रोशनी का संसार रचेगी, बल्कि विश्व को यह संदेश भी देगी कि रामायण की मर्यादा और आदर्श आज भी मानवता को मार्गदर्शन दे रहे हैं।

अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद ने इस वर्ष एक अनोखी पहल की है'एक दीया राम के नाम'। इस कार्यक्रम के अंतर्गत देश-विदेश का हर श्रद्धालु चाहे भौतिक रूप से अयोध्या पहुंच पाए या न पहुंच पाए, लेकिन अपनी आस्था का दीप जला सकेगा। इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा दी गई है, जिससे भक्त अपनी श्रद्धा का अर्पण कर सकें। अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद मुख्य कार्यपालिका अधिकारी जयेंद्र कुमार ने बताया कि श्रद्धालु www.divyaayodhya.com/bookdiyaprashad पर जाकर अपनी इच्छानुसार दान कर सकते हैं। इस दान का आध्यात्मिक प्रतिफल भक्तों तक पवित्र प्रसाद के रूप में पहुंचाया जाएगा, जिसे उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की बहनों द्वारा तैयार किया जाएगा। इस बार दीपोत्सव केवल अयोध्या तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि 'एक दीया राम के नाम' के माध्यम से भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के कोने-कोने से भक्त इस दिव्य आयोजन का हिस्सा बनेंगे। जब सरयू तट पर दीपों की ज्योति प्रज्वलित होगी, तो उसके साथ ही विश्वभर में रामनाम की आभा गूंजेगी।

## जन औषधि केंद्र पर बाहर की दवाएं बेचने पर विवाद

- सोहावल सीएचसी का मामला, सीएमओ ने कही कार्रवाई की बात

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थापित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र में बाहर की जेनरिक और पेटेंट दवाएं बेचे जाने का मामला सामने आया है। शनिवार को एक प्रसूता को जबरन एंटीबायोटिक दवा बेचने पर विवाद खड़ा हो गया। जांच में केंद्र पर ज्यादातर बाहर की जेनरिक और पेटेंट दवा बेचने की बात सामने आई।

सीएचसी पर मंगलसी निवासी सावित्री पत्नी शिव सागर ने 19 सितंबर को एक पुत्री को जन्म दिया था। शनिवार को अपना टांका कटाने आई तो सूखने के लिये केंद्र के जिम्मेदारों ने जो पर्चा प्रसूता को थमाया उसमें ज्यादातर दवाएं बाहर की थीं, जिसे लेने के लिए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर भेजा गया। एक दवा सेफ्रोमैक्सीन एक्सेटिल टेबलेट की कीमत 585 रुपए दर्ज थी। सेल्समैन ने 25 प्रतिशत छूट पर देने की बात कही। इसी बात को लेकर प्रसूता के परिजनों से तू-तू मैं-मैं हो गई। सीएमओ डॉ. सुशील कुमार ने बताया केंद्र प्रभारी के न रहने से यहां व्यवस्थाएं लड़खड़ा जाती हैं। जन औषधि केंद्र का मामला संज्ञान में आया है। जांच में गड़बड़ी मिली तो कार्रवाई होना तय है।

## फिल्मी सितारों की रामलीला



फिल्मी रामलीला के दौरान मंचन करते कलाकार।

### छठे दिन शबरी के जूठे बेर और सीता हरण लीला का मंचन

**अयोध्या, अमृत विचार :** फिल्मी सितारों की रामलीला का आयोजन इस वर्ष राम कथा पार्क स्थित 120 फीट ऊंचे मंच पर थ्रीडी तकनीक के साथ किया जा रहा है। छठे दिन शबरी के जूठे बेर और सीता हरण लीला का मंचन किया गया। राम की भूमिका वेद सागर, सीता की भूमिका निभाने वाली अर्चना सक्सेना, लक्ष्मण की भूमिका राज मोदी और विजय कौशल ने रावण का किरदार निभाया ।आयोजन समिति के अध्यक्ष सुभाष मलिक ने बताया कि अयोध्या की रामलीला का सातवां संस्करण बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है, जिसमें सीता हरण जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का मंचन किया गया है। इस रामलीला में कई प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार की रामलीला इतिहास रचने जा रही है।

## एसडीएम व सीओ सदर ने विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण

**सोहावल, अयोध्या : अमृत विचार।** आगामी दो अक्टूबर को होने वाली मां दुर्गा के प्रतिमाओं का विसर्जन घाट स्थलों की हालत जस की तस है। दुर्व्यवस्था को लेकर दुर्गा पूजा समितियों के आयोजकों ने भी चिंता जाहिर करते हुए विसर्जन घाटों पर व्यवस्थाओं को जल्द पूरा कराने की मांग की है। शनिवार को एसडीएम सविता देवी ने सीओ सदर के साथ विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया ।रौनाही थाना क्षेत्र में मां दुर्गा की करीब 176 प्रतिमाओं का विसर्जन सरयू तट पर ढेमवा और इस्माइल नगर सिहोरा आदि घाटों पर होता है ।लगभग 40 प्रतिमाएं सिहोरा में और 100 से ज्यादा ढेमवा घाट पर विसर्जित होना है। शनिवार को उप जिलाअधिकारी व सीओ सदर व प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने विसर्जन स्थलों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने सिंचाई एवं बाढ़ खंड से जुड़े विभाग समय रहते घाटों को सही करने के लिये निर्देशित किया।

**तैयारी** | राम मंदिर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयार की जा रही रूपरेखा


# ध्वजारोहण कार्यक्रम में अयोध्यावासियों को मिलेगी वरीयता

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के तर्ज पर एक बार फिर राम मंदिर परिसर में 25 नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर ली गई है, जिसमें 10 हजार से अधिक अतिथि शामिल होंगे। ट्रस्ट के मुताबिक इस कार्यक्रम में अयोध्या और आसपास क्षेत्र के लोगों को ही वरीयता दी जाएगी।

राम जन्मभूमि परिसर में राम मंदिर, शेषावतार मंदिर, परकोटा के छह देवी देवताओं के साथ साथ ऋषि मुनियों के मंदिर का भी निर्माण पूर्ण हो चुका है। 25 नवंबर को आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद से आने वाले श्रद्धालु सभी मंदिरों में दर्शन कर सकें, इसके लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सुलभ दर्शन की व्यवस्था प्रारंभ करने की तैयारी में जुट गया है। इसके पहले 25 नवंबर को मुख्य मंदिर के 201 फीट ऊंचे ध्वज दंड में विजय ध्वज स्थापित किया जाएगा। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के मुताबिक 25 नवंबर को होने वाले कार्यक्रम को लेकर परिसर में तैयारी की जा रही है। बताया कि इस कार्यक्रम में अयोध्या के लोगों को वरियता मिले। इस पर ट्रस्ट के लोगों ने विचार पूर्वक मंथन किया है। अयोध्या के अधिक से अधिक लोगों को बुलाए जाने का विचार है। इसके साथ ही आसपास के जनपद से जुड़े लोग भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह बहुत ही भव्य कार्यक्रम होगा।





श्री रामजन्मभूमि के सप्त मण्डप में स्थापित निषाद राज एवं महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा।

### निषादराज और महर्षि वाल्मीकि की पहली तस्वीर जारी

राम मंदिर परिसर में बने सप्त मंडप में ऋषि मुनियों के भी मंदिर का निर्माण किया गया है, जिसमें सभी की प्रतिमाएं स्थापित हो गई हैं, लेकिन अभी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इन मंदिरों में दर्शन की अनुमति नहीं दी है। शनिवार को ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने महर्षि वाल्मीकि और निषाद राज की स्थापित प्रतिमा की पहली तस्वीर जारी की है। उनके मुताबिक 25 नवंबर को आयोजित कार्यक्रम के बाद श्रद्धालुओं को इन मंदिरों में भी दर्शन पूजन की अनुमति प्राप्त हो जाएगी।

# अवध विवि परिसर में दो शिक्षकों में चले लात घूसें, दोनों घायल

अयोध्या कार्यालय

- इंजीनियरिंग कॉलेज के इलेक्ट्रिकल विभाग का मामला, दोनों पक्ष ने दी पुलिस को तहरीर

**अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग कॉलेज के इलेक्ट्रिकल विभाग में कार्यरत दो शिक्षकों में शनिवार सुबह जमकर मारपीट हुई। वहां मौजूद विद्यार्थी तमाशबीन बने रहे। दोनों शिक्षकों ने कोतवाली नगर में तहरीर दी है।

इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रवक्ता के पद पर कार्यरत प्रियेश कुमार पांडेय निवासी जनपद गाजीपुर का आरोप है कि उनके विभाग में कार्यरत सहायक प्रवक्ता समरेंद्र प्रताप सिंह कॉलेज के ग्रुप में मेरे द्वारा क्लास न लिए जाने की भ्रामक अफवाह फैला रहे थे, जबकि मैंने क्लास लेने का साक्ष्य भी प्रस्तुत किया था। बताया कि शनिवार सुबह 10:30 बजे वह जब क्लास ले रहे थे, तभी समरेंद्र वहां आए तथा गालियां देते हुए मुझे लात-घूंसों से पीटने लगे। जिससे मेरा चेहरा लहूलुहान हो गया। इसके बाद वह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। वहीं, दूसरे पक्ष के शिक्षक समरेंद्र प्रताप सिंह का आरोप है कि वह शनिवार को जब अपने क्लास रूम में गए तो वहां पहले से प्रियेश पांडेय मौजूद थे। उन्हें देख मैं वापस अपने केबिन में जाने लगा तो उन्होंने मुझे गाली देते हुए मेरे ऊपर लात-घूंसों से हमला कर दिया। इससे मेरे शरीर पर कई जगह चोटें आई। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि दोनों पक्ष की तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, बताया जाता है कि काफी दिनों क्लास अटैंड न करने को लेकर दोनों एक दूसरे के ऊपर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे थे। कॉलेज के व्हाट्स एप ग्रुप भी दोनों ने पोस्ट भी डाली थी। वहीं, इस संदर्भ में अवध विवि के चीफ प्रॉक्टर प्रो. एसएस मिश्र का कहना है कि दोनों शिक्षकों के बीच मारपीट की सूचना पर मैं तत्काल मौके पर पहुंच गया था। दोनों अपना मेडिकल कराने जिला अस्पताल चले गए थे। मुझे अभी दोनों ने कोई सूचना शिकायत नहीं दी है, यदि मिलती है तो विवि के नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### 142 छात्राओं का जांचा हीमोग्लोबिन

रुदौली, अयोध्या। अटल आवासीय विद्यालय रुदौली में मिशन महिला सशक्तिकरण के तहत छात्राओं के हीमोग्लोबिन की जांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली अधीक्षक के नेतृत्व में की गई। चिकित्सक डॉ. कुलदीप तिवारी ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 8, 9 व 10 की 142 छात्राओं के हीमोग्लोबिन की जांच हुई। उन्होंने बताया कि छात्राओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं जागरूकता की जानकारी दी गई है।

### शहीद भगत सिंह का जन्मदिन मनाया

अयोध्या। शहीदे आजम भगतसिंह की जयंती के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम नन्द कांवेंट स्कूल और शहीद भगत सिंह स्मृति ट्रस्ट की ओर से मनाया गया। ट्रस्ट के सदस्य महावीर पाल ने भगत सिंह के जीवन और कृतित्व की जानकारी दी। ट्रस्ट की वरिष्ठ सदस्य और शिक्षिका मालती तिवारी ने कहा क्रांतिकारियों ने अपने लिए नहीं अपनों के लिए कुर्बानी दी। प्रबंधक रजनीकांत ने कहा कि आज हम सबको क्रांतिकारियों की कुर्बानी के बारे में आम लोगों को भी बताना होगा। प्रबंधक रजनीकांत, प्रधानाचार्य नीतू, एमपी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### मुकेश पांडेय को मिली पीएचडी की उपाधि



अयोध्या, अमृत विचार : साकेत कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष मुकेश पांडेय को पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है। उन्होंने अपना शोध कार्य 'उत्तर प्रदेश में लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण व ग्रामीण विकास अयोध्या जनपद के ग्राम पंचायतों का सूक्ष्म अध्ययन' विषय पर अवध विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र व ग्रामीण विषय के प्रो. आशुतोष सिन्हा के शोध निर्देशन में किया। उनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दानपति तिवारी सहित सभी शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### जीएसटी इंस्पेक्टर बनने पर छात्र सम्मानित

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : रुदौली के बरावां गांव निवासी श्याम जी मिश्रा के जीएसटी इंस्पेक्टर बनने पर विद्यालय के शिक्षकों व छात्रों ने स्वागत सम्मान किया। श्याम जी की सफलता पर क्षेत्र के अनेक लोगों ने उन्हें बधाई दी है। श्याम जी मिश्रा ने इंटरमीडिएट तक की शिक्षा अमानीगंज के मां कामाख्या देवी शिक्षण संस्थान इंटर कॉलेज चंदौरा से की। स्नातक की पढ़ाई के बाद उनका चयन जीएसटी निरीक्षक के पद पर चेन्नई में हुआ। तीन महीने के प्रशिक्षण के उपरांत जब वह अपने घर आए तो स्थानीय लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी। वहीं कामाख्या देवी इंटर कॉलेज के शिक्षकों ने भी अभिनंदन किया। पिता कमलेश मिश्रा कृषक व माता गृहणी हैं। विद्यालय के प्रबंधक काशीराम पांडे, प्रधानाचार्य अमरेंद्र पांडेय, शिक्षक अमरेंद्र मिश्रा, भूपेंद्र पांडे, भाजपा के मंडल अध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश शुक्ला, सतीश शुक्ला व विद्यालय के छात्र मौजूद रहे।

### मां पीतांबरा फिलिंग स्टेशन का मंत्री ने किया उद्घाटन

अयोध्या, अमृत विचार : सोहावल बड़ा गांव स्थित मां पीतांबरा फिलिंग स्टेशन (पेट्रोल पंप) का उद्घाटन शनिवार को मुख्य अतिथि आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने फीता काटकर किया। कहा कि इस प्रकार के प्रतिष्ठान रोजगार सृजन और क्षेत्रीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पंप स्वामी भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडेय 'खुन्नू', पूर्व सांसद लल्लू सिंह, विधायक रामचंद्र यादव, अमित सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### ट्रेलर की टक्कर से कार सवार चार युवक घायल

बीकापुर। कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर माफी तिराहे के पास प्रयागराज हाईवे पर शुक्रवार की रात ट्रेलर की चपेट में आने से एक कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। शाहगंज की तरफ से एक कार जैसे ही जलालपुर माफी तिराहे के पास प्रयागराज हाईवे पर पहुंची, इस दौरान सुल्तानपुर की तरफ से अयोध्या की तरफ जा रहे तेज गति ट्रेलर ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार महरुआ अंबेडकर नगर निवासी शुभम श्रीवास्तव, हरिहरपुर अयोध्या निवासी अखंड पांडेय, धर्मपुर सहादतगंज अयोध्या निवासी उत्कर्ष व जगदीशपुर इनायत नगर निवासी निशान मिश्रा घायल हो गए। पुलिस ने सभी को सीएचसी बीकापुर में पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक अखिलेश ने सभी को मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर रेफर कर दिया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# जल व सीवेज कर के दायरे में आए पांच वार्डों के 11 मोहल्ले

## जलकल जीएम की आख्या मिलने के बाद नगर निगम गृह स्वामियों से करेगा वसूली

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार :** नगर निगम के विस्तारित इलाकों में शामिल पांच वार्डों में जल व सीवेज कर की नई तस्वीर सामने आ रही है। इससे इन पांच वार्डों के 11 मोहल्ले प्रभावित होंगे। यहां के लोग अभी तक सिर्फ गृह कर दे रहे थे। जलकल जीएम की आख्या मिलने के बाद नगर निगम का कर विभाग अब इन मोहल्लों के आवासीय व अनावासीय संपत्ति मालिकों से कर की वसूली करेगा। यह एक अप्रैल 2025 से ही देय होगा।

रामनगरी में विकास की नई लहर के साथ-साथ नागरिकों पर भी नई जिम्मेदारियां आ रही हैं। विस्तारित इलाकों में जीआईएस सर्वे के बाद सभी संपत्ति के मालिक नगर निगम के कर देने के दायरे में आ गए हैं। कर वसूलने से पहले विस्तारित इलाकों में नोटिसें भेज दी गईं। उन्हें अवगत कराया गया कि आप सभी अब कर के दायरे में आ गए हैं। इसमें अमूमन ऐसे इलाके थे, जहां पर सीवेज और पेयजल की लाइन नहीं थी। ऐसे में लगभग सभी लोगों को सिर्फ गृह कर ही देना था, लेकिन जलकल विभाग के महाप्रबंधक सौरभ श्रीवास्तव ने हाल ही में विस्तारित इलाके के 19 वार्डों की रिपोर्ट नगर निगम को सौंपी है। उनकी आख्या के अनुसार पांच वार्डों के 11 मोहल्ले ऐसे हैं, जहां पर पानी और सीवेज की व्यवस्था की गई है या फिर आंशिक रूप से है। यह रिपोर्ट मिलते ही नगर निगम ने अब इन मोहल्लों के वासियों से कर वसूलने की तैयारी शुरू कर दी है।

### क्या कहता है नगर निगम का एक्ट




नगर निगम के एक्ट के मुताबिक 100 मीटर पानी की पाइपलाइन के निकट के लोगों से कर की वसूली की जाएगी। अगर गृह स्वामी ने पानी का कनेक्शन नहीं लिया है तब भी उससे कर वसूला जाएगा। यही नहीं पाइपलाइन पड़ने के बाद अगर आपूर्ति बहाल नहीं है तो भी लोगों से टैक्स वसूला जाएगा। यही हाल सीवेज लाइन का भी है। अगर घर से लाइन 100 मीटर के दायरे में है तो कर की वसूली अवश्य की जाएगी। चाहे आपने कनेक्शन लिया हो अथवा नहीं।

### अब तक 650 आपत्तियां का हुआ निस्तारण

विस्तारित इलाकों में कर व्यवस्था लागू करने से पहले नोटिसें भेजी गई थीं। नगर निगम प्रशासन ने नोटिस के जरिए यह कहा था कि जिसे भी सर्वे में निर्धारित कर अधिक या कम लग रहा हो तो वे अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए मुख्यालय के अलावा वार्डों में कैंप लगाए गए। जहां अब तक 650 आपत्तियों का निस्तारण किया जा चुका है। साथ ही बड़ी संख्या में नए करदाताओं ने 10 से 12 लाख रुपये का नगर निगम को राजस्व दिया है।

### कहां पड़ेगा जलकर व कहां लगेगा सीवेज कर

| वार्ड | परीसीमन | जीआईएस | पेयजल | सीवर लाइन |
|---|---|---|---|---|
| 1. हनुमत नगर | घोसियाना | देवनगर | आंशिक | नहीं |
| 2. हनुमत नगर | खाली टोला | नाका बाईपास | आंशिक | नहीं |
| 3. हनुमत नगर | रामनगर रोडि तलक नगर | हां | नहीं | |
| 4. अवेधनाथ | साकेतपुरी कॉलोनी (आंशिक) | ---- | हां | हां |
| 5. श्यामा प्रसाद मुखर्जी | जनौरा | तुरसरामपुर जोगीतारा | आंशिक | नहीं |
| 6. श्यामा प्रसाद मुखर्जी | जजेज कॉलोनी | ----- | आंशिक | हां |
| 7. श्यामा प्रसाद मुखर्जी | हनुमत नगर | ---- | आंशिक | हां |
| 8. कौशलपुरी | फेज 1 व 2 | रामनगर | हां | हां |
| 9. कौशलपुरी | मोदहा आंशिक | हां | हां | |
| 10. कौशलपुरी | कौशलपुरी कॉलोनी | आंशिक | हां | हां |
| 11. लाला लाजपत राय नगर | कौशलपुरी फेज 2 | ----- | हां | हां |

नोट : परीसीमन व जीआईएस से पहले मोहल्ला समझें।

"जलकल जीएम की आख्या मिलने के बाद कुछ वार्डों के मोहल्लों में कर की नई तस्वीर सामने आई है। कर प्राप्ति से नगर निगम का राजस्व बढ़ता है। साथ ही विकास कार्यों को कराने में भी सहयोग मिलता है। कुछ वार्डों के मोहल्लों में जल व सीवेज की जानकारियां मिली हैं। अब लोगों को कर एक अप्रैल 2025 से ही देय होगा।"
**-गजेंद्र सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, नगर निगम।**

### छात्राओं ने थाने की व्यवस्थाओं को देखा

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** शिक्षा क्षेत्र अमानीगंज के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने शनिवार को खंडासा थाना पहुंचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। पुलिस कर्मियों ने छात्राओं को थाने की कार्य प्रणाली को बारीकी से समझाया। भ्रमण के दौरान छात्राएं काफी उत्साहित दिखीं। प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार सोनकर ने अपराधों के रजिस्ट्रेशन और जांच प्रक्रिया के बारे में समझाया। छात्राओं ने प्रभारी निरीक्षक कक्ष, कंप्यूटर कक्ष, कार्यालय, बंदी गृह, महिला हेल्प डेस्क का भ्रमण किया। महिला उपनिरीक्षक निधि सिंह, कांस्टेबल रीना, आकांक्षा, दिव्यांशी ने विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग के बारे में बताया। शिक्षिका दीपमाला शुक्ला ने भ्रमण का उद्देश्य बताया।



मवई के अशरफपुर गंगरैला में विधायक रामचंद्र यादव का स्वागत करते आयोजक।

### मां दुर्गा की आराधना साहस का प्रतीक : विधायक

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** मवई ब्लॉक क्षेत्र के अशरफपुर गंगरेला गांव में दुर्गा पूजा महोत्सव श्रद्धा-भक्ति के माहौल में मनाया जा रहा है। शुक्रवार को जागरण में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भजनों की स्वर लहरियों और 'जय माता दी' के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव पहुंचे और भक्तों के साथ मिलकर मां दुर्गा की आराधना की। डॉ कुलदीप सिंह यादव ने विधायक का स्वागत किया। विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि मां दुर्गा की उपासना शक्ति, साहस और सद्भाव का प्रतीक है। अशरफपुर गंगरेला गांव में महोत्सव समाज को एकता और भाईचारे का संदेश देता है। रामदयाल, अशोक कुमार, संग्राम सिंह यादव, राधेश्याम, रवींद्र कुमार, रामबरन, गोपीचंद, शुग्गू बाबा, रामदेव, रमेश, चौधरी यादव, चेतराम आदि मौजूद रहे।



### हनुमान मंदिर परिसर में रोपित किए गए 100 पौधे

**अयोध्या, अमृत विचार :** विधानसभा मिल्कीपुर क्षेत्र के हनुमन्त नगर सिद्धनाथन स्थित हनुमान मंदिर परिसर में शनिवार को पूर्व सांसद लल्लू सिंह की अगुवाई में पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान पीपल, बरगद, नीम सहित करीब 100 पौधे रोपित किये गये। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। श्याम नारायण पाठक, जर्नादन मौर्या, बब्लू पासी, अर्जुन सिंह, अजय तिवारी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कुलपति के कार्यकाल के छह वर्ष होने पर किया सम्मानित

**कुमारगंज अयोध्या। अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के एग्री बिजनेस मैनेजमेंट प्रेक्षागृह में शनिवार को कुलपति कर्नल बिजेंद्र सिंह के कार्यकाल का छह वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शिक्षकों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने कुलपति एवं उनकी धर्मपत्नी को सम्मानित किया। कुलपति ने कहा कि आज विश्वविद्यालय ने जो मुकाम हासिल किया है, यह पूरे विश्वविद्यालय परिवार की ताकत है। निदेशक प्रशासन डॉ. सुशांत श्रीवास्तव ने कहा कि 700 विश्वविद्यालयों के बीच में एनआईआरएफ रैंकिंग में नरेंद्र देव कृषि विवि का नाम आना सम्मान की बात है। कुलपति के सचिव डा जसवंत सिंह, डा. सीताराम मिश्रा समेत समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।




टीईटी के विरोध में काली पट्टी बांध कर प्रदर्शन करतीं शिक्षिकाएं।

### शिक्षकों ने काली पट्टी बांध किया काम

**अयोध्या।** टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने शनिवार को काली पट्टी बांध कर शिक्षण कार्य किया। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अवधेश यादव ने बताया कि जिले में शिक्षक 22 सितंबर से विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधकर कार्य कर रहे हैं। शिक्षकों से पत्र पर हस्ताक्षर कराए जा रहे हैं। जिला मंत्री अशोक वर्मा, फूल चंद सरोज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. मनुजेश यादव, जिला उपाध्यक्ष डॉ. मुकेश आनंद, जिला संयुक्त मंत्री अजय वर्मा, जिला उपाध्यक्ष शशि यादव, जिला उपाध्यक्ष डॉ. मानसी द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## विधायक ने रामलीला समितियों को दिया आर्थिक सहयोग

अयोध्या कार्यालय।



रामलीला समितियों को आर्थिक सहयोग प्रदान करते नगर विधायक वेद प्रकाश।

**अमृत विचार :** भगवान राम की पावन धरा में आयोजित होने वाली रामलीला भव्य-दिव्य तरीके से संपन्न हो, इसके लिए उनको हमेशा से प्रोत्साहित करने के साथ ही हरसंभव सहायता के लिए हम सभी हमेशा प्रयासरत रहते हैं। आप लोग भगवान राम के आदर्शों को आम जनमानस में रामलीला के माध्यम से प्रसारित करके असत्य पर सत्य के विजय के प्रतीक को जीवंत बनाये हुए है, इसके लिए मैं आप सभी को धन्यवाद और शुभकामना देता हूं। यह बात नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कही। शनिवार को वह रिकाबगंज स्थित कार्यालय में परंपरागत रूप से रामलीला समितियों के पदाधिकारियों को विशेष आर्थिक सहयोग प्रदान कर रहे थे।

समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कहा कि केंद्रीय समिति अयोध्या की रामलीला को विश्व स्तरीय स्तर प्रदान करने के लिए प्रयासरत रहती है। रामलीला के कार्यक्रम लोगों को सत्य और मर्यादा के रास्ते पर चलने की शिक्षा देते हैं, इसमें नगर विधायक का अमूल्य सहयोग रहता है। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस बार रामलीला की शोभायात्रा शाम 5 बजे तक प्रारंभ कर दी जाएगी। बैठक में रानू द्विवेदी, सिद्धार्थ महान, रजनीश गुप्ता, कन्हैया अग्रवाल, हनुमान प्रसाद समेत अन्य मौजूद रहे।

### युवक की पिटाई करने पर चार लोगों पर केस

**बीकापुर, अमृत विचार:** दलित युवक की पिटाई करने के आरोप में बीकापुर कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियों के विरुद्ध दलित उत्पीड़न एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के हृदयीपुर निवासी राम नेवल द्वारा बताया गया कि 24 सितंबर को खजुरहट पथरकट चौराहे से धरमगंज को जाने वाले मार्ग पर स्थित बाग में पंडित का पुरवा मोहम्मदपुर निवासी दीपक यादव, बोदहरी हैदरगंज निवासी अभिषेक पाण्डेय, ताजपुर निवासी संदीप कुमार व एक अज्ञात व्यक्ति ने उनके पुत्र विवेक कुमार को जाति सूचक गाली देते हुए बुरी तरह से मारा पीटा। हल्ला गुहार मचाने पर आरोपी जान से मार डालने की धमकी देकर भाग गये। कोतवाली के कार्यवाहक प्रभारी गौरी शंकर पाल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। विवेचना सीओ द्वारा की जा रही है।




### वचन पूरा करने को राम चले वन, दर्शकों की आंखों में आए आंसू

**भेलसर, अयोध्या। अमृत विचार :** रुदौली में चल रही 136 साल पुरानी रामलीला में पाचवें दिन शुक्रवार को राम के वन गमन की लीला का मंचन किया गया। श्रीराम वन की ओर जाता देखकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। मंचन की शुरुआत अयोध्या नरेश दशरथ के राज दरबार से हुई। राम के राजतिलक की तैयारियां चल रही थीं। तभी दशरथ को सूचना मिली कि महारानी कैकेई कोप भवन में चली गई हैं। दशरथ कोप भवन पहुंचे और कैकेई से रूठने का कारण पूछा। मंथरा के समझाने पर कैकेई ने राम के राजतिलक का विरोध किया। उन्होंने भरत को राजगद्दी और दूसरा राम को चौदह वर्ष का वनवास मांगा। यह सुनकर दशरथ भाव विभोर हो गए। दशरथ का अभिनय बृजकिशोर और कैकेई का संदीप नवीन शुक्ला ने किया। यश बंशल के सुमंत और राज कुमार के मंथरा के अभिनय ने दर्शकों को प्रभावित किया।

## अशोक सिंघल की जयंती पर निःशुल्क कृत्रिम अंग का वितरण

अयोध्या कार्यालय



कारसेवकपुरम में अशोक सिंघल की जयंती समारोह में मौजूद संत महंत व महापौर।

- **कारसेवक पुरम में पहले दिन 115 लोगों ने उठाया सुविधा का लाभ**

**अमृत विचार :** अशोक सिंहल फाउंडेशन, विश्व हिंदू परिषद एवं भगवान महावीर विकलांग कल्याण सहायता समिति के संयुक्त तत्वावधान में अशोक सिंहल की 99वीं जयंती के अवसर पर कारसेवक पुरम में निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन प्रारंभ हुआ। पहले दिन लगभग 115 लोगों को निशुल्क सुविधा प्रदान किया गया। इसमें 55 लोगों को हाथ व पैर का कृत्रिम अंग प्रदान किया गया। वहीं 60 लोगों की आंख व रक्त की जांच की गई। चश्मा वितरित किया गया।

शिविर का उद्घाटन मेयर गिरीशपति त्रिपाठी, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष अपर्णा यादव, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महंत कमल नयन दास ने किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय, सदस्य डॉ. अनिल मिश्र, महंत मैथिलीरमन शरण, यतेंद्र मोहन मिश्र, जिलाधिकारी निखिल फुंडे, एसएसपी डॉक्टर गौरव ग्रोवर समेत अन्य लोग मौजूद रहे। महंत कमल नयन दास ने अशोक सिंहल के त्याग, बलिदान और धर्म के प्रति समर्पण को याद करते हुए पांचवें शिविर की सराहना की। व्यवस्थापक मनोज तिवारी ने बताया कि इस बार कुल 650 पंजीकरण प्राप्त हुए थे, जिसमें से 55 लोगों को फोन कर बुलाया गया है। अगले दिन के लिए 60 लोगों को सूचना देकर बुलाया गया है।

### भाजपा नेताओं ने अशोक सिंघल को अर्पित किया श्रद्धा सुमन



**अयोध्या।** मंदिर मुद्दे को जनांदोलन में बदलने वाले अशोक सिंघल की 99वीं जयंती पर शनिवार को रिकाबगंज हनुमानगढ़ी मंदिर के परिसर में भाजपा नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। भाजपा नेता दिनेश जायसवाल ने कहा कि श्रीराम जन्म भूमि मुक्ति आन्दोलन के लिये उनका अग्रणी योगदान और श्रीराम मंदिर के प्रति उनका जीवन पर्यन्त उनका समर्पण ही उनकी महानता को दर्शाता है। भाजपा नेता राजीव शुक्ला ने कहा कि मंदिर मुद्दे को जमीन से आसमान तक पहुंचाने वाले वह महानायक थे। श्रद्धा-सुमन अर्पित करने वालों में विनोद तिवारी, हनुमानगढ़ी मंदिर के मुख्य पुजारी रामजी मिश्रा, रघुनाथ, मनोज वैश्य, अजय ओझा, अरविंद त्रिवेदी, अर्जुन लाल गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहे।

## गांधी जयंती पर डाभासेमर स्टेडियम में आयोजित होगी दौड़ प्रतियोगिता

अयोध्या कार्यालय

- **समारोह को लेकर एडीएम सिटी योगानंद पांडेय ने की बैठक**

**अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी नगर योगानंद पांडे की अध्यक्षता में 156वें गांधी जयंती समारोह के संबंध में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। एडीएम ने नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में साफ सफाई कराकर चूने का छिड़काव कराएं।

एडीएम ने बताया कि दो अक्टूबर को डाभासेमर स्टेडियम में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन होगा। उन्होंने समस्त कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया कि अपने कार्यालय परिसर की साफ सफाई करें और गांधी जयंती को उत्साह के माहौल में समारोह मनाए। परिसर में स्थापित महापुरुषों व शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा। एडीएम ने निर्देश दिया कि प्रातः 09 बजे सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। उसके उपरांत महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया जाएगा। इस अवसर पर अनुसूचित जाति की सभी मलिन बस्तियों एवं कुष्ठ आश्रम अयोध्या में सफाई कार्यक्रम व फल व वस्त्र वितरित किया जाएगा। बताया कि प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक विकास प्रदर्शनी गांधी पार्क में लगाई जाएगी। इसके बाद सायं को जिला कारागार में बंदियों को मिष्ठान वितरण होगा।

**मिशन शक्ति फेज-5** | बेसिक शिक्षा अधिकारी ने किया उत्साहवर्धन

## एक दिन की बीएसए साक्षी ने ताबड़तोड़ दिए 50 आदेश

अयोध्या कार्यालय



बेसिक शिक्षा कार्यालय में एक दिन की बीएसए बनीं कुर्सी पर विराजमान छात्रा साक्षी।

- **कहा- सभी खंड शिक्षा अधिकारी व शिक्षक समय से पहुंचे स्कूल, आठ की छात्रा ने शिक्षा की गुणवत्ता पर दिया जोर**

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा कार्यालय में पूर्व माध्यमिक विद्यालय समहा कलापुर की कक्षा आठ की छात्रा साक्षी ने शनिवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी की कुर्सी संभाली। बेसिक शिक्षा अधिकारी की तरह समीक्षा शुरु कर एक दिन में 50 आदेश दिए। सबसे पहले खंड शिक्षा अधिकारियों और शिक्षकों को निर्देशित किया कि सभी समय से स्कूल पहुंचे। बच्चों को समय से मानक के अनुसार मिड-डे-मील देने के भी निर्देश देते हुए साक्षी ने शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर देते हुए सभी को बेसिक शिक्षा में आमूल चूल परिवर्तन के लिए आह्वान किया। इस दौरान नवागत बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद सरोज उसके बगल में बैठे मुस्कुराते रहे। उन्होंने साक्षी का उत्साहवर्धन भी किया। बीएसए ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में नेतृत्व, आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना को विकसित करना रहा। कहा कि आगे भी इसी तरह का आयोजन किया जाएगा।

एक दिन की बेसिक शिक्षा अधिकारी साक्षी ने कार्यालय की व्यवस्थागत गतिविधियों का अवलोकन किया। उसने बेसिक शिक्षा कार्यालय की गतिविधियों की भी जानकारी ली। इस अवसर पर जिला नोडल बालिका शिक्षा एवं मास्टर ट्रेनर्स डॉ. अनामिका मिश्रा, वंदना तिवारी, अपर्णा द्विवेदी, रेनू सिंह, गीता गुप्ता एवं शिप्रा श्रीवास्तव ने बीएसए को इस पहल के लिये धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां छात्राओं को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की प्रेरणा देती हैं। इस दौरान कार्यालय के सभी अधिकारी और लिपिक बीएसए बनी साक्षी को देख आह्लादित रहे।



राजबली इंटर कॉलेज में मेधावियों के साथ पूर्व मंत्री तेज नारायन व अन्य।

### कॉलेज के संस्थापक की पुण्यतिथि पर मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** राजबली स्मारक पब्लिक इंटर कॉलेज मडना के संस्थापक स्व राजबहादुर यादव की सातवीं पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को कॉलेज प्रांगण में आयोजित समारोह में मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडे पवन ने स्व राजबहादुर यादव के ग्रामीण अंचल में शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। कहा कि उनका उद्देश्य गांव के बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करना था, ताकि वे भी अपने भविष्य का निर्माण कर सकें। समारोह में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में प्रथम आने वाली छात्राएं गार्गी सिंह, रोशनी यादव, नैंसी यादव और कलश वर्मा को साइकिल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, उनके अभिभावकों को भी शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। अन्य मेधावी छात्रों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। पूर्व विधायक जयशंकर पांडे, पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव, सूर्यकांत पांडे, प्रबंधक रवि यादव, अध्यक्ष राम प्रताप यादव, सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, रोली यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

**न्यूज ब्रीफ**

### खाने में संतुलित आहार लेना आवश्यक

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र, महिला शिकायत एवम कल्याण प्रकोष्ठ के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए हुए गांव माधवपुर मसौधा में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में होम्योपैथिक चिकित्सा प्रभारी डॉ. दीपशा मिश्रा ने सभी को संतुलित आहार एवं पोषण के बारे में विस्तार से समझाया। संचालन डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. स्नेहा पटेल द्वारा किया गया। ग्राम प्रधान ऋषिकेश वर्मा एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### पीडी पांडेय इंटर कॉलेज में चला स्वच्छता अभियान

**अयोध्या।** पंडित हृदयराम शर्मा पीडी पांडेय इंटर कॉलेज सोनैसा रसूलाबाद में प्रधानाचार्य संजीव चतुर्वेदी ने स्वच्छता को लेकर एक सप्ताह, एक दिन, एक पीरियड स्वच्छता अभियान चलाने की शुरुआत की। जिसमें शनिवार को प्रधानाचार्य से लेकर सभी शिक्षक, कर्मचारी, एवं सभी छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि जब हम स्वच्छता पूर्ण माहौल में अध्ययन व अध्यापन करेंगे तो विद्यालय का पठन-पाठन और बेहतर होगा।

### पंचवटी के मार्मिक प्रसंग से दर्शक हुए भाव विभोर

**अयोध्या।** श्रीराम जानकी मंदिर के प्रांगण में 130वीं श्रीरामलीला महोत्सव में शुक्रवार की रात पंचवटी का मार्मिक प्रसंग मंचित किया गया। भावपूर्ण संवाद और कलाकारों की जीवंत अदायगी ने दर्शकों की आंखें नम कर दीं। कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन, कन्हैया अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, अखिलेश अग्रवाल ,दिग्विजय अग्रवाल व गौरव मदनानी ने दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

# मातृ शक्ति की आराधना हमारी संस्कृति : डॉ. बिजेंद्र

## अवध विवि के कुलपति ने कहा- सभी आत्मनिर्भर होकर समृद्ध भारत का निर्माण करें, डांडिया का हुआ आयोजन

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** मातृ शक्ति की आराधना हमारी पुरातन संस्कृति की परंपरा रही है। ये बात डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कही। वह परिसर के आचार्य नरेंद्र देव महिला छात्रावास एवं अहिल्याबाई होल्कर महिला छात्रावास में आयोजित डांडिया उत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर मां दुर्गा का पूजन-अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्राओं से अपील की कि सभी आत्मनिर्भर होकर समृद्ध भारत का निर्माण करें।



अवध विवि के महिला छात्रावास में डांडिया उत्सव पर मातृ पूजन करते कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह।

इसके बाद छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकों ने भी जमकर धमाल मचाया और डांडिया नृत्य का आनंद लिया। इस मौके पर कुलसचिव विनय सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेंदु शुक्ला, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक, डॉ.महिमा चौरसिया, डॉ. नीलम सिंह, डॉ. प्रतिभा सिंह, साधना पाठक, निर्मला मिश्रा और छात्राएं उपस्थित रहीं।

### भारत की संस्कृति और विविधता विश्व भर में अनूठी: कुलपति

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग द्वारा विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर पर्यटन एवं सतत परिवर्तन नामक शीर्षक पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। अध्यक्षीय के संबोधन में कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि भारत की संस्कृति और विविधता विश्व भर में अनूठी है। पर्यटन के माध्यम से हम सांस्कृतिक आदान-प्रदान एवं वैश्विक एकता को मजबूत कर सकते हैं। अयोध्या में एग्री टूरिज्म की बहुत संभावनाएं हैं। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने कहा कि पर्यटन से ही इतिहास को जाना जा सकता है। बताया कि यहां पर टेंपल का म्यूजियम बनाया जा रहा है जो अनोखा होगा। जिसको देखने विश्व भर के लोग अयोध्या आएंगे। उन्होंने छात्रों से कहा कि आप सभी अयोध्या के प्रति एक जिम्मेदार नागरिक एवं जिम्मेदार पर्यटक बने। मुख्य वक्ता स्क्वाड्रन लीडर तूलिका रानी ने कहा कि पर्यटन में सतत परिवर्तन की बहुत आवश्यकता है। इस परिवर्तन को करते हुए हमें अपनी संस्कृति एवं प्रकृति के साथ छेड़छाड़ नहीं करनी है, यदि हम ऐसा करेंगे तो प्रकृति हमें वापस देगा। कार्यक्रम में प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र वर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रो. एस एस मिश्रा, डॉ. संजय चौधरी, डॉ. निमिष मिश्रा, डॉ.आशुतोष पांडे, डॉ. दीपा सिंह समेत अन्य शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थिति रहे। आज नवम्बर माह में प्रस्तावित कांफ्रेंस का ब्रॉशर को भी रिलीज किया गया। मंच का संचालन डॉ. महेंद्र पाल सिंह ने किया।

### फेयरवेल पार्टी में छात्राओं ने किया सांस्कृतिक नृत्य

**अयोध्या, अमृत विचार:** नाका स्थित चिरंजीव नर्सिंग इंस्टीट्यूट में एएनएम व जीएनएम की छात्राओं ने फेयरवेल पार्टी पर संस्कृतिक नृत्य का आयोजन किया। शुभारंभ मुख्य अतिथि चिरंजीव हॉस्पिटल एवं नर्सिंग इन्स्टीट्यूट के चेयरमैन डॉ. उमेश चौधरी व निदेशिका डॉ. जयंती चौधरी ने किया। विदाई समारोह में सीनियर बैच की छात्राओं ने पढ़ाई के दौरान अपने अनुभव को साझा किया। समारोह को यादगार बनाने सांस्कृतिक कार्यक्रम में रैंप वॉक, गेम्स, एकल गीत, सामूहिक नृत्य छात्राओं ने प्रस्तुत किया। डॉ. उमेश व डॉ. जयंती व प्रधानाचार्य डॉ. विशाल अलवर्ट ने छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्रशासनिक अधिकारी रविमणि चौधरी, प्रबंधक केपी. मिश्र, रिंकी शुक्ला, अंकिता, सुचिता, सुषमा,प्रीति, अनुराधा, विजेंद्र, रूपाली, शिवम सहित अन्य सभी की सभी छात्राएं मौजूद रही।



एचसीजे अकादमी में दुर्गा पूजा उत्सव व दशहरा पर्व मनाते छात्र - छात्राएं।

### एचसीजे अकादमी में मना दुर्गा पूजा उत्सव व दशहरा

**अयोध्या, अमृत विचार :** एचसीजे अकादमी में दुर्गा पूजा उत्सव और दशहरा शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों ने रामलीला समेत विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए अपनी प्रतिभा की छाप छोड़ी। शुभारंभ हुकुमचंद जैन स्मारक शिक्षण संस्थान की चेयरपर्सन मंजुला जैन, प्रबंधक शिक्षा जैन, सीईओ उमेश जैन, प्रधानाचार्य दिलीप कुमार गुप्ता व प्रशासनिक अधिकारी अशोक तिवारी ने किया। कक्षा तीन से आठ तक के छात्रों ने बहुत ही रोमांचक रूप में रामलीला का मंचन किया। कक्षा तीन से पांच तक के छात्राओं ने नवदुर्गा माता के स्वरूप का वर्णन किया। रावण वध का मंचन रावण का पुतला जलाकर किया गया। कोऑर्डिनेटर शिप्रा मल्होत्रा, आकाशी यादव, संगीता पाण्डे, सुषमा पांडेय, भूमिका, किरन गौड़, अंकिता, दीपिका, बिंदु समेत अभिभावक मौजूद रहे।

# रायफल की बट से पीटने के आरोप में केस

**अयोध्या कार्यालय।**

**अमृत विचार :** मित्र मंच के अध्यक्ष शरद पाठक बाबा के पुत्र पर एक व्यक्ति को रायफल के बट से पीटने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में कोतवाली अयोध्या पुलिस ने केस दर्ज किया है। वहीं, बाबा ने आरोप को निराधार बताते हुए कहा कि राजा दियरा की संपत्ति के मामले कुछ भू-माफिया उनकी व उनके बेटे की हत्या की साजिश रच रहे हैं। 25 सितंबर को उनके बेटे पर हमला करने का प्रयास किया तो उसने आत्मरक्षा में यह कदम उठाया।

थाना महराजगंज के सिलौनी गांव निवासी रूपेश कुमार सिंह ने कोतवाली अयोध्या पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 25 सितंबर को शिवाजी नगर कॉलोनी में अपने मित्र पंकज सिंह के घर पर पीतांबर पांडेय से मिलने गए थे। वापस लौटते समय रास्ते में शरद पाठक के लड़के व उसके साथ तीन चार अन्य रायफलधारी युवकों ने उन्हें रोककर रायफल के बट से मारा पीटा। जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

### मेरी व बेटे की रची जा रही हत्या की साजिश : बाबा




दरअसल, मामला राजा दियरा की अयोध्या में स्थित बेशकीमती संपत्ति से जुड़ा है। शरद पाठक बाबा का कहना है कि राजा दियरा के वारिसों ने उन्हें भूमि का क्रय विक्रय करने के लिए पॉवर ऑफ एटार्नी दिया है, जो कुछ बड़े भूमाफिया को खल रहा है। इसको लेकर वह मेरी व मेरे बेटे की हत्या की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने एक ऑडियो क्लिप जारी कर इसकी पुष्टि करने की भी बात कही। कहा कि 25 सितंबर को इन्हीं भू-माफिया ने उनके बेटे पर जानलेवा हमला करने का प्रयास किया। जिस पर उसने निजी सुरक्षाकर्मियों ने आत्मरक्षा में यह कदम उठाया।

• **शरद का आरोप, भू-माफिया ने उनके बेटे पर किया हमला, आत्मरक्षा में उठाया कदम**



प्रतियोगिता का शुभारंभ कराते जिला अध्यक्ष संजीव सिंह। अमृत विचार

### प्रदेशीय विद्यालयी गतका प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ

**अयोध्या, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा विभाग के संयोजन में आदर्श इंटर कॉलेज में राज्य गतका प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। बालिका वर्ग 19 वर्ष आयु वर्ग सिंगल सोती मुकाबले में आगरा प्रथम मेरठ द्वितीय अयोध्या और प्रयागराज तृतीय स्थान पर रहा। उद्घाटन भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने किया। उत्तर प्रदेश गतका संघ के निर्णायकों द्वारा गत का खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य वरुण प्रताप सिंह ने जिला अध्यक्ष का स्वागत किया। संचालन मंडलीय सचिव धर्मेंद्र सिंह ने किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत बालिका 19 वर्ष सिंगल सोती मुकाबला खेला गया। मुकाबले में आगरा ने मेरठ को दो एक से पराजित कर स्पर्धा का खिताब अपने नाम किया। मेजबान अयोध्या और प्रयागराज को तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। बालिका 17 वर्ष सिंगल सोती स्पर्धा में मेरठ ने बस्ती को पराजित कर स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अयोध्या मंडल और की टीम तीसरे स्थान पर रही।

# योजनाओं के क्रियान्वयन में अनेदखी सहन नहीं: डीएम

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** डीएम अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैसबोर्ड के माध्यम से विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। डीएम ने समाज कल्याण, बेसिक शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग, महिला कल्याण, मत्स्य, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, अल्पसंख्यक विभाग आदि से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्ति बढ़ाने के लिए विभागों को निर्देश दिए। कहा योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीएम डैशबोर्ड पर जिन-जिन विभागों और योजनाओं में रैंकिंग की स्थिति अच्छी नहीं है उनको विशेष ध्यान देने के साथ ही समस्त विभागों को निरंतर बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। डीपीआरओ को निर्देशित किया कि एनएच 233, 128, 135 के दोनों तरफ कहीं भी गंदगी नहीं होनी चाहिए। यदि कहीं कूड़ा पड़ा है तो संबंधित की जिम्मेदारी तय करते हुए संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा कूड़ा फेंकने वाले नपा पंचायत पर पेनॉल्टी लगाएं।

# प्रधान ने आबादी की जमीन पर लगवाया खड़ंजा, पीड़ित ने सीएम से की शिकायत

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर:** दीवानी न्यायालय में वाद विचाराधीन होने के बावजूद भी आबादी की भूमि पर खड़ंजा लगाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने बीडीओ सहित उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मामला विकासखंड के ऐंनवा का है। गांव निवासी मुकेश यादव ने दिए गए शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि मेरे आबादी की भूमि में जबरदस्ती ग्राम प्रधान द्वारा खड़ंजा लगवा दिया गया। जबकि उक्त भूमि पूर्ण रूप से आबादी है और वर्तमान में एक मुकदमा दीवानी न्यायालय में विचाराधीन है। नियम कानून ताक पर रखकर ग्राम पंचायत द्वारा खडंज़ा लगाए जाने की शिकायत के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है। शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर पीड़ित



ग्राम प्रधान द्वारा ऐंनवा में लगवाया गया खड़ंजा।

ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही किए जाने की मांग की है। इस बाबत बीडीओ सतीश सिंह ने बताया कि तहसीलदार आलापुर के निर्देश पर खडंजा लगाया गया है। जब उनसे यह पूछा गया कि तहसीलदार द्वारा कोई आदेश जारी किया गया है तो उन्होंने कहा इस बाबत जानकारी नहीं है।

### मुआवजे की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-233 से प्रभावित किसानों ने आवासीय दर पर मुआवजे की मांग को लेकर एनएच दफ्तर पर प्रदर्शन किया। डीएम ने बताया कि प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा दिया जा चुका है। जो किसान असंतुष्ट हैं, उन्होंने उच्चतम न्यायालय में अपील की है, जिसकी सुनवाई अगले माह सात अक्टूबर को होनी है। किसानों की मुख्य मांग है कि उनकी अधिग्रहित की गई 0.5 हेक्टेयर भूमि का मुआवजा गैर-कृषि दर से दिया जाए। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि कुछ समय पहले प्रशासन और किसानों के बीच एक बैठक हुई थी। जिसमें किसानों द्वारा बताई गई कुछ भुगतान संबंधी शिकायतों का समाधान किया गया था। एक महिला किसान की जमीन अधिग्रहण में जाने के बाद उनके बेटे को टांडा तहसील से पट्टा भी दिलाया गया।

# नवीन परती जमीन से कब्जा हटवाए जाने की मांग

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर:** नवीन परती की जमीन से कब्जा न हटाए जाने को लेकर लोगों ने नगर पंचायत कार्यालय पर पहुंचकर कब्जा हटाए जाने की मांग की है।

कस्बा मामपुर स्थित गाटा संख्या 179 नवीन परती खाते में दर्ज है। जिस पर नपं द्वारा बाउंड्री वॉल भी बनाया गया था। इसी बीच गांव के एक व्यक्ति द्वारा फर्जी अभिलेखों के सहारे उक्त जमीन को अपने नाम कर लिया। इसकी शिकायत कस्बा निवासी अनिल कुमार, जयराम, रामदेव, दीपचन्द, रामआसरे, सीताराम, शाहिद लगभग दो दर्जन ग्रामीणों की शिकायत पर उप जिलाधिकारी ने अभिलेख फर्जी पाए जाने पर निरस्त कर दिया। लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाया गया। जिसे लेकर बीते दिवस उक्त लोगों ने उप जिलाधिकारी आलापुर को शिकायत पत्र देकर अवैध अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की है। एसडीएम ने सुभाष सिंह धामी ने नगर पंचायत जहांगीरगंज को नियमानुसार आवश्यक कार्य किए जाने का निर्देश दिया। जिसे लेकर कस्बा निवासियों ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर नाराजगी जाहिर की। अधिशासी अधिकारी उमेश पासी ने बताया कि मामला संज्ञान में है। शीघ्र ही जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## अंबेडकरनगर डायरी

### 3 हजार पात्रों को मिलेगा पक्का घर

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जिले में पीएम शहरी आवास योजना के तहत तीन हजार पात्रों को जल्द ही पक्के घर का सपना पूरा करने का अवसर मिलेगा। चयनित लाभार्थियों के बैंक खातों में पहली किस्त की धनराशि डीबीटी के माध्यम से दीपावली तक भेज दी जाएगी। अकबरपुर, जलालपुर, टांडा नगर पालिका तथा राजेसुल्तानपुर, अशरफपुर किछौछा, इल्तिफातगंज और जहांगीरगंज नगर पंचायत से कुल 28 हजार 200 नागरिकों ने आवेदन किया था। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ल ने पात्रता जांच के लिए विशेष टीम गठित की, जिसमें नगर पालिका अधिशासी अधिकारी, तहसीलदार, लेखपाल और डूडा के अधिकारी शामिल रहे। टीमें प्रत्येक वार्ड में जाकर आवेदकों का भौतिक सत्यापन कर रही हैं।

### सर्पदंश से छात्रा की मौत

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर :** थाना क्षेत्र राजेसुल्तानपुर के नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर अंतर्गत धारूपुर गांव निवासी खुशी पुत्री बाबूराम उम्र लगभग 13 वर्ष जो कि कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय धारूपुर में कक्षा छह में पढ़ती थी। रात में घर के बरामदे में सो रही थी। रात में लगभग 1:30 बजे जहरीला सांप के डसने से उसकी मृत्यु हो गई। बता दें कि सांप काटने पर मृतका ने तुरंत अपने पिता को इसकी सूचना दी। सांप बिस्तर पर ही पड़ा था। सांप को ग्रामीणों ने मार डाला। बच्ची को आनन-फानन में परिवारीजन प्राइवेट अस्पताल ले गए। जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पिता और छोटी बहन पायल के साथ सोई हुई थी। रात में अचानक सांप ने उसे डस लिया। परिवारीजनों ने सुबह मामले की सूचना पुलिस को दी।

### गोवध के आरोपी को किया गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद के अकबरपुर कोतवाली पुलिस ने गोवध के आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। बता दें कि अकबरपुर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि गोवध मामले में वांछित आरोपी बंजारा टोला निवासी मोहम्मद रज्जाक 35 वर्ष लोरपुर ताजन चौराहे की ओर जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम तक्षशिला एकेडमी के पास पहुंची। पुलिस ने संदिग्ध को रोकने का प्रयास किया तो वह रेलवे ट्रैक की ओर भागने लगा और पीछा करने पर पुलिस पर फायर झोंक दिया। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने मौके से एक देशी तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है। घायल आरोपी को इलाज के लिए सीएचसी मीरानपुर में भर्ती कराया गया है।

### सड़क हादसे में युवक की गई जान

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** मालीपुर थाना क्षेत्र के आजन पारा गांव के निकट बीती रात बड़ा हादसा हो गया। मरीज को देखकर लौट रहे दो बाइक सवारों को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार गोलू यादव निवासी वेरुका थाना अखंडनगर जनपद सुल्तानपुर और राजन भारती पुत्र अशोक निवासी कबूलपुर थाना मालीपुर एक ही बाइक से जलालपुर से मरीज देखकर घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक आजन पारा गांव के निकट पहुंची, तभी सामने से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और फरार हो गया। हादसे में गोलू यादव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि राजन भारती गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए नगपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां से डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं मृतक गोलू यादव का शव पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मालीपुर थाना अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मौर्य ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



बाल संप्रेक्षण गृह एवं नारी शरणालय का निरीक्षण करते अपर जिला जज भारतेंदु प्रकाश गुप्ता व अन्य। अमृत विचार

### अपर जिला जज ने बाल अधिकारों के बारे में दी जानकारी

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्रेषित प्लान ऑफ एक्शन के तहत बाल सम्प्रेक्षण गृह अयोध्या में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित हुआ। अध्यक्षता एडीजे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता ने किया। शिविर में उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, बाल अधिकारों तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। न्यायाधीश ने बताया मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत कोविड-19 या अन्य कारणों से माता-पिता गंवा चुके बच्चों को आर्थिक सहायता, शिक्षा और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। साथ ही बच्चों को जीवन, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा और विकास से जुड़े अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने आमजन को अवगत कराया कि टोल फ्री हेल्पलाइन 15100 और एलएसएमएस पोर्टल के माध्यम से कोई भी व्यक्ति नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकता है।

### चोरों ने लाखों के माल पर हाथ फेरा

**बसखारी, अंबेडकरनगर :** बसखारी थाना क्षेत्र के कटया गंजन गांव में बीती रात चोरों ने कौशल तिवारी के घर के चैनल का ताला तोडक़र लाखों रुपए के कीमती जेवरात और सामान को पार कर दिया। सुबह परिजन जब उठे तो पूरा घर अस्त-व्यस्त था और ताले टूटे मिले। यह नजारा देखकर परिजनों के होश उड़ गए। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी के बावजूद पुलिस सिर्फ कागजी कार्रवाई तक सीमित है। रात में गश्त का दावा करने वाली पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस की लापरवाही के कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं।



मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को उनके हक के बारे में जानकारी देते पुलिसकर्मी।

### छात्राओं को पुलिस की कार्यशैली समझाई

**बसखारी, अंबेडकरनगर :** महिला सशक्तिकरण की दिशा में चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत शनिवार को बसखारी थाना परिसर में कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय किछौछा की छात्राओं के साथ मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के तहत थानाध्यक्ष ने बालिकाओं को पुलिस की कार्यशैली के बारे में अवगत कराया। थानाध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय ने विद्यालय के बालिकाओं से सरलता से परिचय लेते हुए पुलिस मित्र की मिसाल पेश की। इसके बाद छात्राओं को महिला संबंधित अपराध तथा महिला हेल्पलाइन, पुलिस हेल्पलाइन के बारे विस्तार से अवगत कराया। बालिकाओं को महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कार्यालय, कार्यालय अपराध रजिस्टर, बैरक, हवालात को दिखाकर हिस्ट्रीशीटर के चार्ट पर लगे अपराधियों के बारे में भी अवगत कराया गया। छात्राओं को बसखारी थाने के बारे में जानकारी देते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के संबंध में भी जानकारियां दी गईं।

### पुलिस ने 62 नशेबाजों को किया गिरफ्तार

**आजमगढ़, अमृत विचार :** सड़क पर चढ़ा सुरूर तो जेल जाओगे जरूर।' वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे 'आपरेशन सड़क पर सुरूर' अभियान के तहत आजमगढ़ में सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने वालों पर बड़ी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 62 नशेबाजों को हिरासत में लिया गया और धारा 34 पुलिस एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार, मिशन शक्ति फेज 5 के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ0 अनिल कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं – सड़क पर चढ़ा सुरूर तो जेल जाओगे जरूर। अपर पुलिस अधीक्षक नगर मधुवन कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी नगर शुभम तोदी के मार्गदर्शन में नगर सर्किल के थाना कोतवाली में 27, सिधारी में 17, कंधरापुर में 10 और रानी की सराय में 8 नशेबाजों को हिरासत में लिया गया।

# छात्रा का धान के खेत में मिला शव दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

**वारदात**

**संवाददाता, जलालपुर, अंबेडकरनगर**

**अमृत विचार:** भिस्वा के एक गांव में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया जब घर से स्कूल के लिए निकली एक छात्रा का अर्धनग्न शव गांव के पास धान के खेत में पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना पर क्षेत्र में सनसनी के साथ ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया।

बता दें कि छात्रा मालीपुर स्थित एक कालेज में विद्यार्थी थी। शनिवार की सुबह लगभग आठ बजे वह साइकिल से स्कूल के लिए निकली थी। दोपहर बाद तक जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। छात्रा की मां जो एक स्कूल में शिक्षा मित्र है, उसने स्कूल में जानकारी की तो पता चला कि छात्रा स्कूल पहुंची ही नहीं है। परिजन उसकी तलाश में जुटे थे कि देर शाम एक महिला ने खेत के बगल धान के खेत में शव पड़े होने की सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान की। शव अर्धनग्न अवस्था में मिला और पास ही उसकी साइकिल भी पड़ी थी। घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई और परिजनों में कोहराम मच गया। आशंका जताई जा रही है कि छात्रा के साथ दुष्कर्म कर उसकी गला दबाकर हत्या की गई है।

**मिशन शक्ति फेज-5** | जनपद में एक दिन की प्रशासनिक अफसर बनी छात्रा ने जनता दर्शन में सुनीं जन सामान्य की समस्याएं

# छात्रा ने एक दिन के लिए संभाला जिलाधिकारी का पदभार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर**

**अमृत विचार:** यूपी सरकार द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के सशक्तीकरण के लिए संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत जिले में शनिवार को बीएनकेबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर की छात्रा साक्षी विश्वकर्मा ने एक दिन की डीएम के रूप में कार्य संभाला और प्रशासनिक जिम्मेदारियों को निभाया। उसने डीएम कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की शिकायतें सुनीं साथ ही कई अहम निर्णय लिए। अधीक्षण अभियंता विद्युत ने एक सरकारी भवन में पंचायती



कलेक्ट्रेट में फरियादियों की शिकायतें सुनतीं बीएनकेबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर की छात्रा साक्षी विश्वकर्मा। अमृत विचार

राज विभाग के विद्युत बिल बकाए की समस्या से अवगत कराया जिस पर कलेक्टर ने स्टोनों को विद्युत विभाग व पंचायती राज विभाग के साथ बैठक बुलाने के निर्देश दिए। इस मौके पर डीएम अनुपम शुक्ला, एसपी अभिजित आर शंकर आदि मौजूद रहे। डीएम ने एक दिन के लिए बनी जिलाधिकारी को अपने दायित्व समझाए। साक्षी विश्वकर्मा,

### महिला केंद्रित योजनाओं का हो रहा संचालन

विधायक कटेहरी ने सरकार द्वारा महिला केंद्रित योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा निरंतर महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए कार्य किया जा रहा है तथा विभिन्न महिला केंद्रित योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत बालिकाओं का एक दिन का अधिकारी बनना उनके आत्मविश्वास, जागरुकता और नेतृत्व कौशल को मजबूत करने, प्रोत्साहित किए जाने और फिजिकल अनुभव प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि यह पहल समाज में महिलाओं और बालिकाओं की भूमिका को और सशक्त बनाएगी।

विधायक कटेहरी धर्मराज निषाद, डीएम अनुपम शुक्ला, पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर, सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला द्वारा विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिला कार्मिकों यथा मुख्य सेविका, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आंगनवाड़ी सहायिकाओं, स्वयं सहायता समूह की दीदियों को प्रशस्ति पत्र तथा दिव्यांगजनों को पेंशन प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

अमृत विचार

अयोध्या, रविवार, 28 सितंबर 2025

सुलतानपुर

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूल से इनवर्टर-टीवी समेत कई सामान चोरी

**कादीपुर, सुलतानपुर :** कोतवाली क्षेत्र के चांदनैया गांव स्थित सुभाष चंद्र पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार रात चोरों ने धावा बोलकर कार्यालय से इनवर्टर, बैटरी, टीवी, गैस सिलिंडर, बर्तन, चूल्हा व खाना बनाने के अन्य सामान तथा सोलर लाइट की बैटरी चोरी कर ली। घटना से विद्यालय को काफी नुकसान हुआ है। प्रधानाध्यापक अजय कुमार सिंह की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हॉकी खिलाड़ियों को किट वितरित की

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में डॉ. पंकज तिवारी ने हॉकी खिलाड़ियों को किट वितरित की। उन्होंने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल में भागीदारी और हॉकी को बढ़ावा देने का आश्वासन दिया। क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर के नेतृत्व में प्रशिक्षण जारी है। हॉकी संघ सचिव तारिक वसीम और अन्य पदाधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### सहस्त्र शीर्षा देवी मंडल का मना स्थापना दिवस

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** महर्षि विद्या मंदिर में सहस्त्र शीर्षा देवी मंडल का स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन संयोजक उपासना तिवारी के नेतृत्व में हुआ। प्रधानाचार्य जेएन उपाध्याय ने वैदिक ज्ञान और भावातीत ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला। छात्राओं ने हनुमान चालीसा, दुर्गा चालीसा का पाठ किया और भावातीत ध्यान का अभ्यास किया। बच्चों ने मां दुर्गा के विभिन्न रूपों का प्रदर्शन कर लोगों को परिचित कराया। विद्यालय के शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, छात्राएं और अभिभावक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# चोरी की 16 बाइक बरामद, चार गिरफ्तार

## लंभुआ पुलिस को मिली बड़ी सफलता, नंबर प्लेट और चेसिस बदलकर बेचते थे मोटरसाइकिल

**संवाददाता, लंभुआ, सुलतानपुर**


लंभुआ पुलिस की गिरफ्त में बाइक चोर। अमृत विचार

**अमृत विचारः** पुलिस ने शनिवार को चोरी की 16 बाइकों के साथ पिता-पुत्र समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में बाइक चोर गिरोह का बड़ा खुलासा हुआ है। सीओ लंभुआ रमेश कुमार ने बताया बीते दिनों लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने सक्रियता दिखाई। तलाशी में पुलिस को शाहगढ़ जंगल मोड़ पर एक गैरेज से सफलता हाथ लगी। यहां छापेमारी में चोरी की 16 बाइकें बरामद की गईं। पुलिस ने मौके से शाहगढ़ कुटिवा लंभुआ निवासी देवी प्रसाद सोनकर, उसके पुत्र तेज बहादुर सोनकर व रोहित सोनकर तथा जौनपुर के खुटहन थाना क्षेत्र के शेरपुर निवासी रोहित पाल को दबोच लिया। सीओ ने बताया कि यह गिरोह भीड़-भाड़ वाले इलाकों से बाइक चोरी करता और चोरी की गाड़ियों को गैरेज में खड़ा कर नंबर प्लेट व चेसिस नंबर बदल देता था। इसके बाद इन्हें ऊंचे दामों पर बेचकर मोटा मुनाफा कमाता था। पुलिस की इस कार्रवाई से न केवल बड़ी संख्या में चोरी की बाइक बरामद हुई हैं, बल्कि इलाके में सक्रिय शातिर गिरोह का भी पर्दाफाश हुआ है। फिलहाल चारों आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है।

### पार्क और अस्पताल से होती है चोरी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पर्यावरण पार्क और जिला अस्पताल में चोरों का गिरोह सक्रिय रहता है यहां से अक्सर बाइक चोरी हो जाती है। अभी हाल ही में केश कुमारी के पास से टैक्स कलेक्टर की बाइक चोरी हो गई थी फिलहाल कुछ ही घंटों बाद पुलिस ने बाइक बरामद कर ली। पार्क में टहलने आने वालों की बाइक गायब हुई और कई लोगों की अभी तक बरामद ही नहीं हुई।


तहसील के मुख्य द्वार का उद्घाटन करते विधायक राज बाबू उपाध्याय व राजेश।

### विधायकों ने सुंदरीकरण कार्य का किया उद्घाटन

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कादीपुर तहसील के मुख्य द्वार का सुंदरीकरण कार्य पूरा होने के बाद शनिवार को भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय उर्फ राजबाबू व कादीपुर विधायक राजेश गौतम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। बार एसोसिएशन अध्यक्ष बद्री प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक उपाध्याय ने कहा कि यह हमारी गृह तहसील है, इसकी दिव्यता और भव्यता बनी रहे, इसके लिए प्रयास लगातार जारी रहेंगे। वहीं, विधायक राजेश गौतम ने कहा कि सुंदरीकरण कार्य में लाखों रुपये खर्च हुए हैं और यह एक सराहनीय पहल है। उन्होंने बताया कि 1882 में स्थापित यह तहसील जिले की सबसे पुरानी तहसीलों में से एक है और इसके विकास में सभी का सहयोग लिया जाएगा। समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल, उपजिलाधिकारी उत्तम कुमार तिवारी, पुलिस उपाधीक्षक विनय गौतम, भाजपा नेता आनंद द्विवेदी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# छात्राओं को उनके अधिकार बताए

**संवाददाता, भदैंया, सुलतानपुर**


छात्राओं को जानकारी देते देहात कोतवाल अखंड देव मिश्र। अमृत विचार

**अमृत विचारः** पखरौली गांव स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में मिशन शक्ति फेस-5 के तहत शनिवार को विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसका उद्देश्य छात्राओं को महिला सुरक्षा, अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर आत्मनिर्भर व आत्मविश्वासी बनाना था।

कार्यक्रम में मिशन शक्ति प्रभारी उपनिरीक्षक अभिनव शंकर शुक्ला, उपनिरीक्षक मनोज कुमार सिंह, महिला आरक्षी रंजन, आरती, पूजा पाल और आरक्षी विशाल राजभर मौजूद रहे। अधिकारियों ने छात्राओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, महिला पेंशन योजना व मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं बताईं। 1090, 1076, 1930, 102, 108, 1078, 181 और 112 जैसे हेल्पलाइन नंबरों का महत्व समझाया। इस मौके पर पेंटिंग और निबंध स्पर्धा भी आयोजित हुई। इसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। देहात कोतवाल अखंड देव मिश्रा ने कहा कि मिशन शक्ति का मूल उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास जगाना और उन्हें हर परिस्थिति का डटकर सामना करने के लिए तैयार करना है। उन्होंने आश्वस्त किया कि उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस हमेशा तत्पर है।

## निबंध प्रतियोगिता में कनीज प्रथम

**गोसाईगंज, सुलतानपुर:** शरीफपुर गोविंदपुर स्थित हौसला प्रसाद सिंह स्मारक महिला पीजी कॉलेज में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। निरीक्षक अखिलेश सिंह व टीम ने छात्राओं को कन्या सुमंगला, महिला पेंशन, सामूहिक विवाह योजना समेत महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 1090, 1076, 1930, 181 आदि की जानकारी दी। निबंध प्रतियोगिता में कनीज फातिमा प्रथम, मुस्कान द्वितीय और शहनूर तृतीय रहीं। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रबंधक औधेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं में आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना को मजबूत करते हैं।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की क्षमता बढ़ाने का प्रयास

- तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**संवाददाता, सुलतानपुर**


प्रशिक्षण में शामिल आंगनबाड़ी कार्यकत्री। अमृत विचार

**अमृत विचारः** समग्र शिक्षा के समेकित शिक्षा अंतर्गत को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकत्रियों के प्रशिक्षण हेतु नगर संसाधन केंद्र संगमलाल में तीन दिवसीय जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को सम्पन्न हुआ। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में तीस स्पेशल एजुकेटरों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की शीघ्र पहचान करना और उन्हें सामान्य बच्चों के साथ समान अवसर प्रदान करना है। प्रशिक्षित स्पेशल एजुकेटर आगे चलकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण देंगे।

मास्टर ट्रेनर रमेश कुमार सिंह और अखंड प्रताप सिंह ने प्रतिभागियों को विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया। सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी नरेंद्र पाल सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समापन अवसर पर जिला समन्वयक श्याम सुंदर ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए। इस दौरान स्पेशल एजुकेटर रेखा वर्मा, दिनेश वर्मा, संदीप कुमार, शत्रुघ्न वर्मा, प्रवीण दुबे, दीपचंद आदि मौजूद रहे।


आईजी अयोध्या ने अधिकारियों के साथ किया भ्रमण। अमृत विचार

### त्योहारों को लेकर आईजी ने किया क्षेत्र भ्रमण

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** दुर्गा पूजा महोत्सव व मूर्ति विसर्जन व रथ यात्रा के दृष्टिगत नगर क्षेत्र में शनिवार को पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या मंडल प्रवीण कुमार ने नगर क्षेत्र में भ्रमण कर कानून व्यवस्था की जानकारी ली। उनके साथ जिलाधिकारी कुमार हर्ष एवं पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम और पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल समेत अन्य भी शामिल हुए। शाहगंज चौकी, नेशनल टाकीज, पंचरास्ता, ठठेरी बाजार, चौक घंटा घर, हनुमानगढ़ी समेत नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण कर कानून-व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों से शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की। इस दौरान एएसपी अखंड प्रताप सिंह, एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी, सीओ सिटी प्रशांत सिंह, कोतवाली नगर प्रभारी धीरज कुमार सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## करंट लगने से सब्जी व्यवसायी की मौत

**लंभुआ, सुलतानपुरः** लंभुआ के नेवा दानुपुर गांव में घर के बाहर लटके विद्युत तार की चपेट में आने से सब्जी व्यवसायी झुलस गया। आनन फानन में परिजन उसे सीएचसी ले गए जहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के मुताबिक सब्जी व्यवसायी श्रवण कुमार शनिवार की सुबह सब्जी लेने के लिए घर से बाहर निकल रहा था तभी विद्युत करंट की चपेट में आ गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन सब्जी व्यवसायी को लेकर सीएचसी पहुंचे जहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सब्जी व्यवसाई के मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।


दुकानों पर स्टीकर लगाते सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय। अमृत विचार

### विधायक ने दुकानों पर लगाया जीएसटी का स्टीकर

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** शनिवार को सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय राजबाबू ने सदर विधानसभा के कालीगंज बाजार पहुंचे। बाजार में पहुंचकर सदर विधायक ने व्यापारियों से बात कर उन्हें घटी जीएसटी की जानकारी दी। साथ ही घटी जीएसटी से व्यापार करने में कितना लाभ होगा इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार का कदम स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना है वही जनता को जीएसटी के घटने से बहुत बड़ी राहत मिली है। दैनिक दिनचर्या में उपयोग होने वाली वस्तुओं पर जीएसटी घटाई गई है वही भोग विलास की वस्तुओं पर जीएसटी बढ़ाई भी गई है। इस दौरान विधायक ने कालीगंज बाजार में दुकानों पर घटी जीएसटी मिला दिवाली का उपहार धन्यवाद मोदी सरकार का स्टीकर भी लगाया।

## 8,263 छात्रों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** शासन द्वारा जारी निर्देश के मुताबिक समाज कल्याण विभाग को 20 सितंबर तक छात्रों के छात्रवृति फार्म के डाटा को अग्रसारित करना था। जिससे उनके खाते में गांधी जयंती पर छात्रवृत्ति आ जाय। समाज कल्याण विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक शासन के निर्देश पर 8,263 छात्रों की छात्रवृत्ति का डाटा भेज दिया गया है। जिसमें अनुसूचित जाति के 2,184, सामान्य के 1,329 पिछड़ा वर्ग के 4,452 व अल्पसंख्यक जाति के 298 छात्रों का डाटा भेज दिया गया। जिन छात्रों के डाटा भेजे गए हैं उनके खाते में पीएफएमएस के माध्यम से दो अक्टूबर को छात्रवृति का पैसा पहुंच जाएगा।

# प्रधानाचार्यों को दिया टैबलेट


जीआईसी के प्रधानाचार्य को टैबलेट वितरण करते एमएलसी व विधायक। अमृत विचार

**जिला संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** शनिवार को नवीन सभागार, कलेक्ट्रेट सुलतानपुर में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को विद्यालयों की सुचारू मॉनिटरिंग और पठन-पाठन में सहयोग हेतु टैबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी कुमार हर्ष की उपस्थिति में विधान परिषद सदस्य शशैलेन्द्र प्रताप सिंह एवं विधान सभा सदस्य, सदर राज प्रसाद उपाध्याय ने 25 राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को टैबलेट प्रदान किए। कार्यक्रम का आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह द्वारा किया गया। इसमें प्रधानाचार्य मनोज कुमार तिवारी, पल्लवी सिंह, आनन्द मौर्य, सन्तोष कुमार मिश्र, दिनेश कुमार, अशीष श्रीवास्तव, राकेश मेधानी, विजय कुमार सिंह, डॉ राज करन, संजय मिश्र, अनुपम श्रीवास्तव, सुमन भारती और संगीता सहित अन्य प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा (माध्यामिक) उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार वितरित टैबलेट का प्रयोग विद्यालयों के एकेडमिक कार्य, शिक्षक कार्य और विभाग द्वारा प्रदत्त अन्य कार्यों में किया जाएगा। इसके माध्यम से यू-ट्यूब लाइव, जूम सेशन और वेबिनार द्वारा दूरस्थ शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

## गजल ने जीवन के हर पहलू को समेटा हैः डॉ. महमूद

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ. महमूद आलम ने महाविद्यालय के पुस्तकालय कक्ष में बाबू धनंजय सिंह स्मृति आंतरिक व्याख्यान माला के अंतर्गत गजल के फन विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि गजल को जिस शोहरत ने हासिल किया, वह किसी अन्य शायरी विधा को नहीं मिली। डॉ. आलम ने बताया कि उर्दू की पहली ग़ज़ल अमीर खुसरो ने लिखी थी। गजल इश्क के विविध रूपों को दर्शाती है और जब शायर अपनी बात इशारों में कहता है, तो उसकी खूबसूरती और बढ़ जाती है। शायर जब अपने दिल की बात कहता है, तो सुनने वाले को लगता है कि यह उसकी भी कहानी है। इस प्रकार गजल व्यक्तिगत अनुभवों को सामाजिक और सार्वभौमिक अर्थ देती है। प्राचार्य प्रो. दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि गजल भारत की सांस्कृतिक धरोहर है। उन्होंने कहा कि हिन्दी फिल्मों से गजल हटा दी जाए तो वहां वीरानी छा जाएगी। संचालन व आभार ज्ञापन संयोजक असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आलोक कुमार पांडेय ने किया।

# बौढ़िया बालमऊ में लाखों की चोरी

**वारदात**

**करौंदीकला, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के बौढ़िया बालमऊ गांव में बीती रात एक चोरी की वारदात से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। गांव निवासी दिव्यांशु सिंह ने थाने में तहरीर दी कि रात करीब 8:30 बजे उनके गांव के पास ड्रोन उड़ते देखा गया। इसके चलते दिव्यांशु और उनके दो-तीन पड़ोसी बाहर आए।

इसी बीच कुछ अज्ञात व्यक्ति उनके घर के पीछे लगी खिड़की से चढ़कर छत के रास्ते घर में घुसे और कमरे का ताला तोड़कर अलमारी को भी तोड़ डाला। अलमारी के लॉकर में रखे सोने का 1 हार, 1 मांग टीका, 2 सिकड़ी, 4 अंगूठी, 2 मंगलसूत्र, 1 लॉकेट, 1 जोड़ी चांदी की पाजेब और 5000 रुपए नगद चोरी कर लिए गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने कहा कि चोरी की घटना की पूरी छानबीन की जा रही है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तार करने की कोशिश की जाएगी। ग्रामीणों ने हाल के दिनों में चोरी की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई और पुलिस से सुरक्षा बढ़ाने की अपील की।

### घर में घुसे चोरों ने लाखों का माल समेटा

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के खेमाजितपुर गांव में शुक्रवार की रात चोरी की एक बड़ी घटना से इलाके में दहशत फैल गई। राकेश शर्मा (25) अपने परिवार के साथ रात में सो रहे थे, तभी चोर घर में दाखिल हुए और अलमारी व बक्सों के ताले तोड़कर करीब 5000 रुपये नगदी सहित तीन लाख रुपए के सामान पर हाथ साफ कर दिया। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। पीड़ित राकेश शर्मा ने घटना की तहरीर थाना मोतिगरपुर में दी। स्थानीय लोगों ने बताया कि हाल के दिनों में क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल है। थानाध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि मामले की जांच जारी है और सभी साक्ष्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## गिरफ्तार दो तस्करों से 2.2 किग्रा गांजा बरामद

**गोसाईगंज, अमृत विचारः** थाना गोसाईगंज पुलिस ने शनिवार को अवैध गांजा तस्करी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर दो किलो 200 ग्राम गांजा और एक बाइक बरामद की। चौकी प्रभारी द्विवेश त्रिवेदी मय टीम बाबूगंज-सुदनापुर मार्ग पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे, तभी पुलिस को देखकर बाइक सवार दो युवक भागने लगे। पीछा करते हुए पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों तस्करों को दबोच लिया। पूछताछ में उनकी पहचान संजीत कुमार उर्फ अंकल निवासी अयोध्या और छंगू निवासी नटौली खुर्द, सुलतानपुर के रूप में हुई। जांच के दौरान अभियुक्तों के बैग से क्रमशः एक किलो 200 ग्राम और एक किलो अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक तराजू से गांजे का वजन कर उसे सील किया। साथ ही बाइक भी जब्त की गई। पुलिस का कहना है कि आगे भी इसी प्रकार अभियान जारी रहेगा।

### पुलिस ने शोहदे को किया गिरफ्तार, केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** महिलाओं व किशोरियों पर अश्लील टिप्पणी करना शोहदे को भारी पड़ गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया और केस दर्ज कराया। शनिवार को गोसाईगंज थाने के टाटियानगर चौकी इंचार्ज गुलाब चंद्र पाल को सूचना मिली कि फतेहपुर संगत गांव के बाबा की बगिया के पास रास्ते में खड़ा युवक महिलाओं व किशोरियों पर अभद्र टिप्पणी कर रहा है। चौकी इंचार्ज ने युवक को हिरासत में लिया जहां उसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है। पकड़े गए युवक की पहचान बादशाह उर्फ बरकत अली निवासी फतेहपुर संगत थाना गोसाईगंज के रूप में हुई।

# मिशन नारी शक्तिः मुस्कान बनी एक दिन की प्रधानाचार्य

**संवाददाता, सुलतानपुर**


एमजीएस में एक दिन की प्रधानाचार्य बनी छात्रा मुस्कान। अमृत विचार

**अमृत विचारः** एमजीएस इंटर कॉलेज की कक्षा नौ की छात्रा मुस्कान को मिशन नारी शक्ति के अंतर्गत एक दिन के लिए प्रधानाचार्या बनाया गया। मुस्कान ने विद्यालय पहुंचकर अपने समस्त कार्यों का निर्वहन किया। उन्होंने अध्यापक कर्मचारियों के उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण किया, प्रत्येक कक्षा का निरीक्षण कर साफ-सफाई और पाठ्यक्रम की स्थिति जानी तथा छात्रों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया। मुस्कान ने छात्रों को मेहनत से पढ़ाई करने, खेलकूद पर ध्यान देने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। साथ ही बच्चों को अध्यापकों और परिवार के सदस्यों से जुड़ाव बनाए रखने और देश-प्रदेश की संस्कृति का सम्मान करने पर भी जोर दिया।

प्रधानाचार्य महेश कुमार सिंह, विचित्र वीर सिंह, राजेश कुमार कनौजिया, राकेश सिंह, किरण वर्मा, अंजली सिंह, मधुलिका सिंह, डॉ. अजय सिंह, संजय सिंह, वैभव सिंह और राम प्रकाश ने मुस्कान की प्रभावपूर्ण कार्यशैली की सराहना की और उसे उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### किशोरी का दूसरे दिन मिला शव

**कादीपुर, सुलतानपुर :** कस्बे के जवाहर नगर मोहल्ले की 15 वर्षीय किशोरी बिल्किस पुत्री बबलू ने शुक्रवार शाम देवाढ़ घाट पर गोमती नदी पुल से छलांग लगाकर जान दे दी। पुल पर उसकी चप्पलें मिलीं। नदी किनारे मौजूद लोगों ने घटना देख शोर मचाया और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से देर रात तक तलाश जारी रही, लेकिन सफलता नहीं मिली। शनिवार सुबह गुदरा घाट के पास नदी में एक शव मिला, जिसकी पहचान बिल्किस के रूप में हुई। किशोरी के नदी में कूदने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

### खेती की नई तकनीक सीखी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** साधन सहकारी समिति बंधुआ कला में अंगीकरण कार्यक्रम के तहत किसानों को नई तकनीक से खेती, खाद, बीज व पेस्टिसाइड के सही उपयोग पर जानकारी दी गई। रबी, खरीफ और जायद फसलों में सही मात्रा में खाद और दवा के इस्तेमाल पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि एआर कोऑपरेटिव अंजनी कुमार ने कहा कि किसानों द्वारा कृभको के उत्पादों के सही उपयोग से उपज में वृद्धि हुई है। क्षेत्रीय प्रबंधक मोहित तिवारी और अन्य अफसरों को आम का पेड़ देख सम्मानित किया गया। पर्यावरण सुरक्षा व सतत खेती के महत्व पर प्रकाश डाला गया।


शिविर में लोगों की जांच करते चिकित्सक। अमृत विचार

### कटका क्लब ने लगाया नेत्र जांच शिविर

**गोसाईगंज, सुलतानपुर :** कटका क्लब सामाजिक संस्था के तत्वावधान में रमाशंकर मिश्र कॉम्प्लेक्स, कटका बाजार में निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ कथा वाचक शनि मिश्र के मंत्रोच्चार से हुआ, जबकि मुख्य अतिथि शिक्षक एवं साहित्यकार सर्वेश कांत वर्मा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। जीवन ज्योति हॉस्पिटल के डॉ. प्रदीप मिश्र ने बताया कि शिविर का उद्देश्य नेत्र रोगों के प्रति जागरूकता फैलाना है। यहां मरीजों को निंशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गईं तथा जरूरत पड़ने पर मोतियाबिंद सहित गंभीर नेत्र रोगों के ऑपरेशन भी निंशुल्क किए जाएंगे। कटका क्लब के प्रदेश प्रभारी ऋषभ देव शुक्ला, अध्यक्ष सौरभ मिश्र समेत अन्य रहे।

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी पुत्री का पहले नाम ALIYA D/O-MOHAMMAD ALEEM था, अब बदलकर ALIYA ALEEM रख दिया है। अबसे मेरी पुत्री को ALIYA ALEEM D/O-MOHAMMAD ALEEM के नाम से जाना व पहचाना जाये। ADDRESS-H.NO.-339/070, N. TRIVENI GANJ, LUCKNOW-226003

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल परीक्षा सन् 2022–23 की अनुक्रमांक 1232012022 की मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गई है। **सायमा बानो पुत्री वलीम अहमद निवासी ग्राम रस्तामऊ, तह0 तिलोई जिला अमेठी उ0प्र0**

**सूचना**

मैं अहमद शेर खॉ (AHAMAD SHER KHAN) पुत्र स्व0 जफर अहमद खाँ, निवासी–77. वार्ड संख्या–12, बस्ती राम कटरा काकोरी, लखनऊ, मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम अंग्रेजी में (AHAMAD SHER KHAN) दर्ज हो गया है, जो गलत है, जबकि मेरा सही नाम की स्पेलिंग अहमद शेर खॉ (AHAMAD SHER KHAN) सत्य एवं सही है। अतः मेरे गलत नाम के स्थान पर सही नाम अहमद शेर खॉ (AHAMAD SHER KHAN) अंकित किया जाय।

**सूचना**

मैं **रजनी देवी पत्नी स्व0 चन्द्रकेतु शुक्ल, निवासिनी मो0 महर्षि नगर, लखपेड़ाबाग तहसील नवाबगंज थाना कोतवाली नगर, जनपद बाराबंकी,** मेरी तीन संताने जिसमें दो पुत्री व एक पुत्र है, जिसमें एक पुत्र व एक पुत्री विवाहित है एवं मेरी एक पुत्री अविवाहित है। मेरे पुत्र आशीष कुमार शुक्ला का चाल–चलन ठीक नहीं है। जिसके कारण कई सामाजिक जगहों से इनके द्वारा लिये गये ब्याज पर कर्ज व अनावश्यक लेन–देन से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का कोई सरोकार नहीं है। इसलिए मैं अपने पुत्र अशीष कुमार शुक्ला व बहु ज्योति शुक्ला को अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ।

## न्यूज ब्रीफ

### मुस्कान बनीं एक दिन की प्रधानाचार्य



मुस्कान शुक्ला। अमृत विचार

**खरगूपुर** : महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के अंतर्गत एक सराहनीय पहल बाबू बच्चा सिंह स्मारक इंटर कॉलेज, देवरिया कलां में की गई। विद्यालय में कक्षा 11 की छात्रा मुस्कान शुक्ला को एक दिन के लिए कार्यवाहक प्रधानाचार्य का दायित्व सौंपा गया। विद्यालय अध्यक्ष के निर्देश पर विद्यालय की सभी कक्षाओं में एक-एक बालिका को एक दिन के लिए कक्षा अध्यापक के रूप में नियुक्त किया गया।

### जमीन पर कब्जा करने को लेकर मारपीट

**तरबगंज, गोंडा।** अकबरपुर गांव के मजरा बसाउर पुरवा में जमीन पर कब्जा करने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। पीड़िता अष्टमी देवी ने बताया कि गांव में उसकी जमीन है जिसे गांव के विपक्षी हरिकिशुन उनके भाई जयकिशुन पुत्र रितेश पत्नी रामादेवी पुत्री प्रिंसी निवासी उपरोक्त मिलकर जमीन कब्जा कर नींव डालने लगे। रोकने पर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे लात घूसों से मारने लगे। जब हमारे दो लड़के हरीराम शिवराम बचाने दौड़े तो उनके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया जिससे हरीराम का हाथ टूट गया व शिवराम को सिर में गंभीर चोटें आई हैं। कोतवाल कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि कदमा पंजीकृत किया गया है।

### सोनम वांगचुक को रिहा करने की मांग

**गोंडा।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) जिला कमेटी गोंडा बलरामपुर के जिला सचिव कामरेड कौशलेंद्र पांडेय ने सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि सोनम वांगचुक जो लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और उसे संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग वाले आंदोलन में अग्रणी रहे हैं। कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत उनकी नजरबंदी भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सत्तावादी चरित्र और लद्दाख के लोगों की वास्तविक आकांक्षाओं के प्रति उसकी अवमानना को उजागर करती है। सरकार ऐसे सामाजिक कार्यकर्ता को तत्काल रिहा करे।

### हिंदी विषय में शोध के लिए डॉ. सोनी चयनित



**गोंडा** : गोंडा डॉयट प्रवक्ता बीर बहादुर सिंह की पत्नी सोनी सिंह का चयन बलरामपुर के मां पाटेश्वरी देवी विश्वविद्यालय में हिंदी विषय में शोध कार्य के लिए हुआ है। सोनी सिंह ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने पति डॉ. बीर बहादुर सिंह को दिया है।

### छात्र-छात्राओं को कराया फलाहार

**धानेपुर** : दूल्हापुर बनकट स्थित भइया प्रताप आदित्य लघु माध्यमिक एवं बाल विद्या मंदिर में नवरात्र के छठे दिवस शनिवार को कन्या पूजन किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य ने भगवान सत्यनारायण की कथा सुनकर अपनी पत्नी के साथ कन्या पूजन करते हुए बाल भंडारे का आयोजन किया।

### दुर्गा मां के नौ स्वरूपों की हो रही पूजा अर्चना

**करनैलगंज** : शारदीय नवरात्र का पर्व क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जय मां काली दुर्गा पूजा समिति, कुन्नू पुरवा सकरौरा ग्रामीण में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर भव्य पूजा पंडाल सजाया गया है। कथा व्यास सुशीला सिंह श्रीराम की लीला का भावपूर्ण वर्णन कर रही हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि 2 अक्टूबर को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति अध्यक्ष मुनेश्वर राजपूत ने कहा कि नवरात्र समाज को एकजुटता और भक्ति का संदेश देता है।

### लायंस क्लब बनाएगा नेत्र चिकित्सालय

**गोंडा** : ग्राम इन्द्रापुर बड़गांव में लायंस केयर फाउंडेशन की ओर से नेत्र चिकित्सालय एवं वृद्धा आश्रम का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए चिह्नित भूमि का डीएम प्रियंका निरंजन ने पूजन किया। जिलाधिकारी ने लायंस क्लब द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की और इसे जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं और वृद्धजनों की देखभाल के लिए एक मील का पत्थर बताया। उन्होंने अपील की कि इस प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में सभी लोग सहयोग करें। लायंस क्लब दिलीप सिंह सहित सभी पदाधिकारी, स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# बी-पैक्स कर्मचारियों ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

**गोंडा, अमृत विचार** : उत्पीड़न, भ्रष्टाचार और नियमित वेतन भुगतान समेत अपनी कई मांगों को लेकर बी-पैक्स कर्मचारी महासंघ की तरफ से शनिवार को करनी प्रदर्शन करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा गया। कर्मचारियों का आरोप है कि सहकारिता विभाग में तैनात अधिकारी उनका उत्पीड़न कर रहे हैं।

बी पैक्स के कर्मचारी बीते 16 सितंबर से ही संपूर्ण विभागीय कार्य बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। शनिवार को विकास भवन परिसर में स्थित टीन शेड के नीचे बैठ करके सभी कर्मचारियों ने धरना दिया और डीएम के माध्यम से संबोधित ज्ञापन राष्ट्रपति को भेजा है। कर्मचारियों की मांग है कि सहकारिता विभाग में जो भ्रष्टाचार व्याप्त है उसको लेकर कठोर कार्रवाई की जाए। सहकारिता विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपने मांगों को लेकर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन भी सौंपा। बी-पैक्स कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि वह लोग 16 सितंबर से ही संपूर्ण कार्य बहिष्कार कर रहे हैं। जब तक हम लोगों को नियमित रूप से वेतन नहीं मिलेगा तब तक हम लोग इसी तरीके से कार्य बहिष्कार करते रहेंगे।

# राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंचे एसपी, किया संवाद

संवाददाता, गोंडा

- ड्रोन दिखने पर शुक्रवार को छात्र-छात्राओं ने सुरक्षा की मांग को लेकर किया था प्रदर्शन

अमृत विचार Follow UP

**अमृत विचार**: शुक्रवार को मां पाटेश्वरी देवी राजकीय अनुसूचित कालेज में हुए हंगामे और धरना प्रदर्शन के बाद शनिवार को एसपी विनीत जायसवाल कालेज पहुंचे और छात्र छात्राओं से संवाद किया। एसपी ने उनसे संभावित परेशानियों, छेड़छाड़ अथवा अन्य समस्याओं पर सुझाव लिया और भरोसा दिलाया कि गोण्डा पुलिस हर समय उनकी सुरक्षा एवं सहयोग के लिए तत्पर है।

शहर के उतरौला रोड स्थित मां पाइटेश्वरी देवी राजकीय इंजीनियरिंग कालेज में बृहस्पतिवार की रात गर्ल्स हॉस्टल की छत पर ड्रोन देखे जाने से छात्राएं दहशत में आ गई थी और शुक्रवार की सुबह उन्होंने सुरक्षा की मांग को लेकर कॉलेज कैंपस में धरना प्रदर्शन किया था। छात्राओं ने कहा था कि कॉलेज में सुरक्षा गार्ड नहीं है जिससे वह डर के साए में जी रही हैं। इस पर शनिवार को एसपी विनीत जायसवाल इंजीनियरिंग कालेज पहुंचे और मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्र छात्राओं से सीधा संवाद किया और उन्हें महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा व आत्मरक्षा के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। एसपी ने कहा कि राज्य सरकार का मिशन शक्ति अभियान केवल महिला सुरक्षा को सुनिश्चित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं और बालिकाओं को आर्थिक, सामाजिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने का भी उद्देश्य रखता है, जिससे वह हर परिस्थिति में अपने अधिकारों की रक्षा कर सकें और आत्मनिर्भर बनें। एसपी ने सभी छात्र-छात्राओं को हेल्प लाइन नंबरों से अवगत कराया और आवश्यकता के अनुसार इनका उपयोग करने की अपील की। इस मौके पर कॉलेज के निदेशक प्रो बीएन मिश्रा, मारुति नंदन त्रिपाठी समेत अन्य मौजूद रहे।



एसपी विनीत जायसवाल का स्वागत करते कॉलेज के डायरेक्टर प्रो. बीएन मिश्रा।

# स्कूली वाहन में महिला स्टाफ अनिवार्य

## परिवहन और सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन गंभीर, समय-समय पर वाहन और चालक की होगी जांच

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार** : कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा और जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। शिक्षा, परिवहन और पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल रहे।

एआरटीओ (प्रशासन) रामचंद्र भारतीय को विशेष रूप से वाहनों की फिटनेस, चालक के दस्तावेज, स्पीड गवर्नर और सुरक्षा मानकों की जांच करने के आदेश दिए गए। डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक, बीएसए और एआरटीओ को निर्देश दिए कि सभी स्कूल प्रबंधकों को आदेश जारी किए जाएं कि बच्चों को लाने-ले जाने वाले वाहनों में एक महिला स्टाफ की अनिवार्य तैनाती हो। समय-समय पर वाहन और चालक की जांच भी की जाए। बैठक में महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और छात्राओं के लिए आत्मरक्षा कार्यक्रम चलाने पर ज़ोर दिया गया। जिलाधिकारी ने नगर पालिका, ट्रैफिक पुलिस और सिटी मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया कि शहर में रोड की पटरियों पर सामान रखने या दुकानों के सामने ठेले खड़ा करने वाले दुकानदारों पर जुर्माना लगाने को कहा। पुलिस विभाग को स्कूल क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाने और यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, नगर मजिस्ट्रेट पंकज वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी सिटी आनंद कुमार राय, सांसद प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्र व संजीव सिंह, ईओ नगर पालिका विशाल कुमार, एसीएमओ डॉ. जयगोविंद, एआरटीओ रामचंद्र भारतीय, बीएसए, डीआईओएस, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी प्रमोद त्रिपाठी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक करतीं डीएम। अमृत विचार

# नारी शक्ति डरे नहीं, डट कर सामना करें :अभय



छात्राओं को नारी सुरक्षा के बारे में जानकारी देते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

**नवाबगंज, अमृत विचार।** शासन की मंशा के अनुरूप मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण में शनिवार को सिरसा गांव स्थित फातिमा मेमोरियल इंटर कॉलेज में महिलाओं, युवतियों और छात्राओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मिशन शक्ति और एंटी रोमियो टीम ने छात्राओं को सुरक्षा के गुर बताए। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने छात्राओं से कहा कि समस्याओं को छुपाने से वे बढ़ती हैं। हमें डर के बजाय मुखर होकर हर चुनौती का सामना करना चाहिए।

# खेल सिर्फ जीत नहीं, बच्चों को बनाता है निडर

**नवाबगंज, अमृत विचार** : नन्दिनी महाविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का समापन शनिवार को भव्य पदक वितरण समारोह के साथ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल जीतने-हारने का नाम नहीं है, यह बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। ऐसे आयोजन युवा प्रतिभाओं को नए मुकाम तक पहुंचने का अवसर देते हैं।

तीन दिन तक चले इस महोत्सव में नवाबगंज और वजीरगंज ब्लॉक के हजारों बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। 400 मीटर दौड़ में कोमल यादव ने गोल्ड मेडल हासिल किया, नन्दिनी ने सिल्वर और काजल को ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ। सीनियर बालिका वर्ग में सुधा ने पहला स्थान हासिल किया, दिव्या दूसरे और वृत्तिका तीसरे स्थान पर रहीं।

टीम स्पर्धाओं में नवाबगंज ब्लॉक की जूनियर कबड्डी में मेजबान टीम विजेता रही, जबकि सीनियर बालिकाओं की रस्साकशी का खिताब भी नन्दिनी की टीम के नाम रहा। बालिका जूनियर खो-खो में इन्दिरा पुरम कालेज की टीम ने गायत्री देवी की टीम को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया, वहीं सीनियर वर्ग में विजेता टीम नन्दिनी की रही। वजीरगंज ब्लॉक में दिव्या सिंह की टीम वॉकओवर के जरिए पहला स्थान हासिल कर गई। बच्चों के जूनियर कबड्डी फाइनल में दुर्गागंज की टीम विजेता रही और उप विजेता का खिताब अशोकपुर टीम को मिला। सीनियर वर्ग में भी दुर्गागंज की टीम विजेता रही और तुलसीपुर माझा को उपविजेता का सम्मान प्राप्त हुआ। इस महोत्सव के आयोजन नन्दिनी महाविद्यालय के प्राचार्य डा बी एल सिंह और शिक्षकों डा शत्रुध्न सिंह, डा नवीन सिंह, जितेन्द्र प्रताप झा, सोनू सिंह, पिकल सिंह समेत बीपीएड संकाय के शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।



सुपौत्री कामाक्षी को शील्ड देते बृजभूषण शरण सिंह। अमृत विचार

### बाबा ने नातिन को शील्ड से नवाजा

सांसद करन भूषण सिंह की पुत्री कामाक्षी ने इन्दिरापुरम स्कूल की टीम में खेलते हुए जूनियर खो-खो की विजेता टीम में अहम भूमिका निभाई और कबड्डी में उप विजेता टीम में भी योगदान दिया। खेल के समापन पर विक्टरी स्टैंड पर पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने अपने पौत्री को देखकर शाबासी दी और शील्ड से नवाजा। नन्दिनी महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. नवीन सिंह के पुत्र अभिषेक शरण सिंह की टीम भी जूनियर खो-खो की विजेता रही।

# सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने और नीचा दिखाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं

## आई लव मोहम्मद के नारे पर पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने दी प्रतिक्रिया

- बोले- आई लव मोहम्मद से एतराज नहीं, लेकिन इस बहाने देश में सद्भाव बिगाड़ने से तकलीफ

**गोंडा, अमृत विचार** : आई लव मोहम्मद को लेकर उठे विवाद और बरेली हिंसा पर पूर्व सांसद बृजभूषण शरण ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि आई लव मोहम्मद से किसी को भी दिक्कत नहीं है लेकिन इसके बहाने अगर देश का सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश होती है या किसी को नीचा दिखाने का कोशिश की जाती है तो यह बर्दाश्त नहीं है। सरकार पूरी तरह सतर्क है और वह इसका संज्ञान लेगी।

पूर्व भाजपा सांसद शनिवार को एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने गोंडा पहुंचे थे। कार्यक्रम में पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए उन्होने कहा कि आई लव मोहम्मद से किसी को भी दिक्कत नहीं है, क्योंकि हम सनातन को मानने वाले लोग हैं। हम कृष्ण को भी प्यार करते हैं, राधा को भी प्यार करते हैं। तो आई लव मोहम्मद से किसी को कोई दिक्कत नहीं और न होनी चाहिए लेकिन आई लव मोहम्मद के बहाने अगर देश में सद्भाव बिगड़ने का काम होता है और किसी दूसरे संप्रदाय को नीचा दिखाने का काम होता है तो वहीं पर तकलीफ होती है। पूर्व सांसद ने कहा कि आप मोहम्मद साहब से प्यार करिए किसी को कोई दिक्कत नहीं है, क्योंकि हम भी कृष्ण से प्यार करते हैं। गुरु ग्रंथ साहब को प्यार करते हैं। राम को प्यार करते हैं। इसमें कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन इसके पीछे मंशा क्या है? और अगर मंशा है कि सांप्रदायिक माहौल बिगड़ेंगे किसी को नीचा दिखाएंगे तो भारतीय जनता पार्टी की सरकार में चलने वाला नहीं है। सरकार बिल्कुल सतर्क है और देश का माहौल किसी भी बहाने बिगाड़ने की कोशिश होगी तो बर्दाश्त नहीं होगा। शारदीय नवरात्र में आई लव मोहम्मद के पोस्टर को लेकर कहा कि अब यह एक नई चीज निकल कर आई है। यह नारा आपने किस समय दिया, किस परिप्रेक्ष्य में आपने दिया इस बात को सरकार संज्ञान में ले रही है।

# दिल्ली से लौटा बहन का शव

- भाई ने लगाया महिला के पति पर हत्या का आरोप

**नवाबगंज, अमृत विचार।** कोल्हमपुर चौकी अंतर्गत रामापुर गांव निवासी राम मिलन वर्मा ने अपनी बहन की संदिग्ध मौत को लेकर उसके पति पर हत्या का आरोप लगाया है। थाने पर दी गई तहरीर में उन्होंने बताया कि उनकी बहन जया की शादी थाना क्षेत्र के नरायन पुर गांव के रामचंदर पुर निवासी राहुल वर्मा पुत्र अमोली वर्मा से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष आए दिन उसे प्रताड़ित करता था। यह परिवार लंबे समय से दिल्ली के पटेल नगर में किराए के मकान में रह रहा था। बीते मंगलवार को राहुल ने फोन कर सूचना दी कि जया गिर पड़ी है और उसकी हालत नाजुक है। खबर मिलते ही बुधवार को भाई दिल्ली पहुंचा तो जया एक अस्पताल के आईसीयू में मरणासन्न अवस्था में भर्ती थी। इलाज के दौरान गुरुवार-शुक्रवार की रात करीब 12:30 बजे उसकी मौत हो गई।

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत, हत्या की आशंका

**कटरा बाजार, अमृत विचार:** शनिवार को थाना क्षेत्र के चौदहा मेटुकहा ग्राम पंचायत के मजरा गुलाम पुरवा में संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला का शव गांव से बाहर झाड़ी मे मिला है। महिला की सास व जेठ ने हत्या की आशंका जताई है।

मृतका राजकुमारी पत्नी खुरभुर का शव गांव के बाहर खेत मे पड़ा मिला। मृतका के जेठ क्षेत्र पंचायत सदस्य गंगाराम ने बताया कि मृतका के पति ने दूसरी शादी की है और उसके भी एक वर्ष की बच्ची है। उन्होंने बताया कि वह शुक्रवार की शाम को शौच के लिए निकली थी। शाम को जब वह वापस नहीं आई तब ढूंढना शुरू किया। शनिवार दोपहर में घर के बाहर झाड़ियों में उसका शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर साक्ष्य संकलन किया। कमला ने बताया कि राजकुमारी के तीन बेटे राजा (15) राज (11) व राजकुमार (9) व एक बेटी लक्ष्मी (5) है। खुरभुर की दूसरी पत्नी चंचल के एक बेटी है। चंचल घटना के बाद से ही फरार है। गांव वालों ने बताया कि पति शुक्रवार शाम को रोजगार के सिलसिले में बाहर गया है। घटना स्थल पर प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह के साथ सहायक पुलिस अधीक्षक अभिषेक दावाच्या पहुंचकर लोगों से जानकारी हासिल की। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# संदिग्धों की पिटाई पर दर्ज होगा मुकदमा : एसओ नवाबगंज

**नवाबगंज, अमृत विचार।** शनिवार को थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में नागरिकों ने अपनी परेशानियाँ सीधे अधिकारियों के सामने रखीं और कई मामलों का तत्काल निस्तारण हुआ। इस दौरान नायब तहसीलदार आशुतोष पांडे और थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने लोगों की समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान दिया। पुलिस ने मौके पर ही 02 राजस्व मामलों को निपटाया, जबकि बाकी मामले आगे की कार्रवाई के लिए संदर्भित किए गए। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने नागरिकों से अपील की कि अफवाहों में विश्वास न करें और कानून अपने हाथ में न लें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या समस्या की सूचना तुरंत पुलिस को दें, पिटाई कदापि ना करें। उन्होंने विशेष रूप से दुर्गा पूजा और विसर्जन के दौरान पुलिस के साथ सहयोग और संयम बरतने की सलाह दी।

**आयोजन** | करनैलगंज की ऐतिहासिक रामलीला का मंचन देखने को जुट रही भारी भीड़

# अक्षय कुमार वध और लंका दहन की लीला मंचित



लंका में अक्षय कुमार के वध का दृश्य।

**करनैलगंज, अमृत विचार** : नगर में चल रही ऐतिहासिक रामलीला में अक्षय कुमार वध व लंका दहन की लीला का मंचन देख दर्शक गदगद हो उठे। लीला में दर्शाया गया कि सुग्रीव के राज्याभिषेक के बाद वानर सेना चारों दिशाओं में सीता माता की खोज में निकलती है।

- जामवंत के स्मरण कराने पर हनुमान जी समुद्र लांघकर लंका पहुंचे

जामवंत के स्मरण कराने पर हनुमान जी समुद्र लांघकर लंका पहुंचे। वहां सुरसा, सिंहिका और लंकिनी से पार पाकर अशोक वाटिका में पहुंचे और सीता माता को श्रीराम की अंगूठी देकर उनका संदेश सुनाया। इसके बाद अशोक वाटिका में हनुमान जी द्वारा फलों का भक्षण और वाटिका विध्वंस का दृश्य देखते ही दर्शक रोमांचित हो उठे। रावण द्वारा भेजे गए पुत्र अक्षय कुमार का वध करने के बाद हनुमान जी को मेघनाथ द्वारा ब्रह्मास्त्र में बांधकर रावण दरबार लाया गया। रावण ने उनकी पूंछ में आग लगवाई, जिसके बाद हनुमान जी ने कूद-कूदकर पूरी लंका जला डाली। यह दृश्य देखकर पूरा मैदान जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। लीला का संचालन पंडित रामचरित्र महाराज व कन्हैया लाल वर्मा ने किया। व्यवस्था में कामतानाथ वर्मा, राजेंद्र वर्मा, अनुज जायसवाल, दीपक सोनी, नमन वर्मा, अंकित जायसवाल, अभिषेक पुरवार, राजेश निषाद, इंद्रजीत, विपिन कुमार, छोटू कश्यप, अशोक पुरवार सहित कई कार्यकर्ता जुटे रहे।



सीता स्वयंवर में राम और सीता वर माला के साथ। अमृत विचार

### धनुष टूटते ही होने लगी राम की जय जयकार

**गोंडा, अमृत विचार** : नगर के रानी बाजार में चल रहे भव्य रामलीला महोत्सव के पंचम दिवस पर दर्शकों को श्रीराम कथा की अद्भुत झलकियां देखने को मिलीं। वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर, रावण-बाणासुर संवाद एवं परशुराम-लक्ष्मण संवाद जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का सजीव मंचन किया गया। रामलीला की शुरुआत जनकपुरी दरबार के भव्य दृश्य से हुई, जहां जनक महाराज द्वारा सीता स्वयंवर की घोषणा की जाती है।मंचा सीन राजाओं द्वारा शिव धनुष उठाने के प्रयास दर्शाए गए, किंतु जब सभी असफल रहे, तब प्रभु श्रीराम ने सहज भाव से धनुष को उठाकर तोड़ दिया। यह दृश्य देख चारों तरफ जय जयकार होने लगी।

### पम्प हाउस से चोरी करते युवक को दबोचा

**करनैलगंज** : क्षेत्र के ग्राम पैरौरी में जल जीवन मिशन के तहत बने पम्प हाउस से चोरी का सामान लेकर भाग रहे युवक को ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया है।

ग्राम पैरौरी में स्थापित पम्प हाउस में एक युवक अंदर घुसा और एमसीबी, स्टार्टर, कॉपर तार समेत कई सामान प्लास्टिक की बोरी में भरकर बाहर निकल रहा था। ग्रामीणों ने जब संदिग्ध हरकत देखी तो शोर मचाया।आवाज सुनते ही शिवम सिंह व रजनीश दुबे सहित कई ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम साफैद अहमद निवासी नई बाजार कस्बा करनैलगंज बताया। ग्रामीणों ने चोरी का सामान और उपकरण उसके पास से बरामद कर पुलिस को सौंप दिया। अंकित सिंह निवासी करुआ पूरे तेगा सिंह पुरवा, जो एलएंडटी कंपनी में आईआर के पद पर कार्यरत हैं, ने इस बाबत पुलिस को सूचना दी। कोतवाल तेज प्रताप ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय भेजा गया है।

न्यूज ब्रीफ

## गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता सम्पन्न

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** बीएसए आशीष कुमार सिंह के निर्देश पर बीईओ डाली मिश्रा की अध्यक्षता में ब्लॉकस्तरीय गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता संपन्न हुई । बीईओ ने बताया कि 52 जूनियर विद्यालयों में प्रत्येक विद्यालय से जो विद्यालय में टॉप थे उनमें दो-दो बच्चों को 104 बच्चों की गणित प्रतियोगिता कराई गई। इनमें सर्वाधिक अंक पाने वाले 10 बच्चों का चयन किया गया। ये बच्चे जिला स्तर पर गणित ओलंपियाड में भाग लेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन एआरपी सुनील कुमार पांडेय ने किया।

## प्रतियोगिता में स्नेहा ने मारी बाजी

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार :** विश्वनाथ मंदिर दुर्गा पूजा समिति द्वारा सनातन धर्म संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सीनियर वर्ग से स्नेहा ने प्रथम, पुष्कर ने द्वितीय, राघवेंद्र व अस्तित्व ने तृतीय, मानवी ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। जूनियर में संबंधित गुप्ता प्रथम, अनुष्का द्वितीय, माधव तृतीय और अदिति व चूड़ामणि ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। यह जानकारी धर्मेंद्र गुप्ता ने दी।

## रूपईडीहा पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**रूपईडीहा बहराइच, अमृत विचार :** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित कस्बा रूपईडीहा में दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को रूपईडीहा पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस लाइन से प्राप्त रिक्रूट आरक्षियों के साथ पुलिस बल ने कस्बे के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों एवं मुख्य बाजार में एरिया डोमिनेशन करते हुए भ्रमण किया। इस दौरान पुलिस टीम ने लोगों को शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

# पकड़ में न आएं तो भेड़ियों को मार दें गोली : योगी

## मुख्यमंत्री ने वन्यजीव प्रभावित क्षेत्र का किया हवाई सर्वेक्षण, मंझरा तौकली में पीड़ित परिवारों से मिलकर बंधाया ढांढस

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जिले के कैसरगंज इलाके के वन्यजीव प्रभावित क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया। उन्होंने तहसील कैसरगंज के ग्राम मंझारा तौकली पहुंचकर वन्य राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार के साथ प्रभावित परिवारों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने निर्देश दिया कि वन विभाग पहले भेड़ियों को पकड़ने की कोशिश करे। लेकिन, यदि पकड़ में न आएं तो गोली मार दें।


मंझरा तौकली गांव में बच्ची से बात करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

इसके बाद मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों को फल और कपड़े वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मृतकों के परिजनों को पांच लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए की सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार सभी पीड़ितों के साथ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन को निर्देश दिये गये है कि प्रभावित क्षेत्रों में दरवाज़ा विहीन व शौचालय विहीन घरों में दरवाजे. लगवायें तथा शौचालय बनवाएं। साथ ही कच्चे आवास में रहने वालों को आवास योजना का लाभ दिया जाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि विकास खण्ड फखरपुर में 21 टास्क फोर्स टीमें तैनात की गई है। वन विभाग द्वारा भी जनपद में 06 प्रभागीय वनाधिकारियों के देखरेख में 32 टीमों का गठन करते हुए ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि रोस्टर में परिवर्तन कराकर सायं 06 बजे से प्रातःकाल 06 बजे तक निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति कराई जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रभावित ग्राम पंचायतों के मजरों में प्रकाश व्यवस्था हेतु कुल 1437 एलईडी बल्ब, 660 स्ट्रीट लाइट तथा 91 सोलर लाइट लगवाई जा चुकी है।

इस मौके पर जिपं अध्यक्ष मंजू सिंह, सांसद बहराइच आनन्द कुमार गोड़, सांसद कैसरगंज करन भूषण सिंह, एमएलसी पदमसेन चैधरी व डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल, बलहा सरोज सोनकर, नानपारा राम निवास वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, पूर्व सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, प्रमुख सचिव वन अनिल कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष सुनील चैधरी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव अनुराधा वेमुरी, मुख्य वन संरक्षक मध्य क्षेत्र डॉ. रेणु सिंह, वन संरक्षक देवीपाटन वृत्त डॉ. सेम्मारन, मण्डलायुक्त देवीपाटन गोण्डा शशि भूषण लाल सुशील, डीएम अक्षय त्रिपाठी, एसपी रामनयन सिंह आदि मौजूद थे।

### सीएम के सामने पेश हुआ मदरसे के बाथरूम में बंद मिलीं 40 किशोरियों का मामला

**बहराइच, अमृत विचार :** पयागपुर के पटीहाट चौराहे पर चल रहे अवैध मदरसे में जांच के दौरान शौचालय में बंद मिली 40 किशोरियों के मामले में अल्पसंख्यक अधिकारी द्वारा लीपापोती किये जाने को लेकर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री को पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री ने डीएम को जांच कर मुकदमा कायम करने और बरामद किशोरियों का स्कूल में एडमिशन कराने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री को दिये गये पत्र में पयागपुर विधायक त्रिपाठी ने लिखा है कि यह मदरसा बीते लगभग 05 वर्षों के दौरान बनाया है। इसकी लागत करोड़ों में है। इसका संचालन गोपनीय तरीके से किया जा रहा था और इस बारे में स्थानीय लोगों को पता तक नहीं था। त्रिपाठी कहते हैं कि जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहम्मद खालिद की भूमिका इस प्रकरण में संदिग्ध है। उन्होंने मदरसे में संदिग्ध गतिविधियां होने व बाहरी फंडिंग की जांच की मांग की है।

## फंदे से लटका मिला युवक का शव

**बहराइच, अमृत विचार :** हुजूरपुर थाना क्षेत्र में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला। मृतक के मामा ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कटका मरौठा निवासी मनोज राव ने थाने में तहरीर दी कि गांव निवासी उनका भांजा सूरज (25) का शव उसी के घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। उसके दोनों पैर जमीन पर लगे हुए थे। इससे घटना संदिग्ध लग रही है। मनोज का कहना है कि उसका कुछ पड़ोसियों से विवाद चल रहा था। सूरज गोरखपुर में जूस की दुकान चलाता था। 25 सितंबर की रात वह गोरखपुर से आया था। 26 की रात आठ बजे तक वह गांव वालों के साथ बातचीत कर रहा था। 27 की सुबह उसके कमरे का दरवाजा खुला था और उसका शव फंदे से लटका था।

# चोरी की चार बाइकों के साथ दो शातिर गिरफ्तार

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** थाना कोतवाली नगर पुलिस ने दो शातिरों को तिकोनी बाग तथा झींगहाघाट के बीच से गिरफ्तार कर लिया। इन दोनों के पास से चोरी की चार बाइकें बरामद की गयी हैं। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर के नेतृत्व में पुलिस टीम बीएनएस से सम्बंधित अभियुक्त की तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर तिकोनीबाग से झींगहाघाट मार्ग के बीच जावेद अहमद निवासी नाजिरपुरा निकट नोवा हास्पिटल थाना कोतवाली नगर तथा शेबू रहमान निवासी अकबरपुरा थाना कोतवाली नगर को तिकोनी बाग व झिंगहाघाट के बीच से गिरफ्तार कर लिया। इनकी निशानदेही पर चोरी की चार बाइकें बरामद की गयी हैं।

**चोरी का प्रयास करते एक गिरफ्तार : रूपईडीहा।** चौकी इंचार्ज बाबागंज उपनिरीक्षक सूर्यभान पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान गोकुलपुर में घर में घुसकर चोरी करने का प्रयास कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान भगवान कुछबंधिया निवासी इंदरगांव, नेपालगंज जिला बांके, नेपाल के रूप में हुई है।

## मदरसों की जांच को गठित की गई समिति

**बहराइच, अमृत विचार :** उप जिलाधिकारी, पयागपुर द्वारा की गयी जांच में पहलवारा अन्तर्गत परिहार चौराहे के निकट गैर मान्यता प्राप्त मदरसा संचालित पाया गया। यह मदरसा पूर्व में गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के सर्वे में सम्मिलित नहीं था। इस प्रकार के अन्य मदरसे संचालित होने की आशंका के दृष्टिगत पूर्व में किये गये 495 गैर मान्यता प्राप्त मदरसों व अन्य ऐसे मदरसे जो सर्वे में छूट गये है, की जांच हेतु डीएम द्वारा जांच समिति पुनः गठित की गयी है। डीएम ने बताया कि जांच हेतु सम्बन्धित तहसील के एसडीएम, बीएसए व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की समिति पुनः गठित की गयी है।

# सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं किसान

- एम.पैक्स सदस्यता महाभियान में किसान विकास पर जोर

संवाददाता, पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार :** सहकारी बैंकों के एम.पैक्स सदस्यता महाभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से शनिवार को पंडित अशोक मिश्रा स्मारक महाविद्यालय, अशोक नगर खुटेहना के सभागार में एक बैठक आयोजित की गई। क्षेत्र पयागपुर की इस बैठक में खुटेहना न्याय पंचायत और आसपास के क्षेत्रों के किसानों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्र उपस्थित रहे, जिन्होंने किसानों को अभियान के महत्व से अवगत कराया। बैठक की अध्यक्षता जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष जितेंद्र त्रिपाठी ने की। बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु प्रदेश सरकार द्वारा सहकारी बैंकों की कृषकों के विकास में उपादेयता रहा। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष जितेंद्र त्रिपाठी और उपस्थित बैंक अधिकारियों ने विस्तार से बताया कि सहकारी बैंक किस प्रकार किसानों को ऋण, खाद-बीज और अन्य वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे इस सदस्यता महाभियान का हिस्सा बनें और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।



ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्र का स्वागत करते बैंक अधिकारी। ● अमृत विचार


मिशन शक्ति के तहत रैली निकालतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

## छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

**जरवल रोड, बहराइच, अमृत विचार :** आरपीएस इण्टर कालेज परिसर में मिशन शक्ति/एंटी रोमियो फेज 5 .0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप निरीक्षक ज्योत्सना ने छात्राओं को टोल फ्री नंबर 1090, 112, 181, 1098,1930 और 108 की जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि छात्राओं ने महिला उपनिरीक्षक रोशन सिंह एवं महिला आरक्षियों के साथ थाना परिसर जरवलरोड तक जागरूकता रैली निकाली। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और महिलाओं में सुरक्षा और जागरूकता की भावना को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रवीण श्रीवास्तव ओमप्रकाश अवस्थी के अलावा थाना स्टाफ मौजूद रहा।

# धनुष यज्ञ का मंचन देख श्रद्धालु भावविभोर


रामलीला

संवाददाता, पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार :** नगर क्षेत्र अंतर्गत भूपगंज बाज़ार में चल रहे 64वे राम लीला महोत्सव में शुक्रवार को धनुष यज्ञ के मंचन को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये।

श्री नवयुवक राम लीला समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों द्वारा धनुष यज्ञ की जीवंत लीला की प्रस्तुति की गयी जिसने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। भगवान राम ने धनुष की प्रत्यंचा खींच कर जहां राजा जनक की प्रतिज्ञा पूरी की वहीं माता सीता का वरण किया। धनुष टूटते ही माता सीता ने भगवान राम के गले मे वरमाला डाली।


धनुष यज्ञ का मंचन करते कलाकार।


राम-केवट संवाद का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

## केवट ने श्रीराम को उतारा गंगा पार

**बहराइच, अमृत विचार :** श्री मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम लीला कमेटी द्वारा रामलीला मैदान में मथुरा-वृंदावन के कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है। राम, लक्ष्मण और सीता की वन गमन के समय भीलों के राजा निषादराज से भेंट हुई। गंगा के पार जाने के लिए राम केवट से याचना करते हैं। लेकिन केवट यह कहते हुए मना कर देते हैं कि कहीं आपके चरणरज का स्पर्श पाकर नाव नारी न बन जाए। केवट राम से चरण धोकर नाव में बैठाने की शर्त रखते हैं। केवट प्रभु राम के चरणरज को धोकर पीते हैं। केवट राम, लक्ष्मण और सीता को गंगा पार कराते हैं।

# राधा-कृष्ण और मसाने की होली की झांकी ने मोहा मन

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** भूपगंज बाजार स्थित दुर्गा पूजा परिसर में चल रहे दुर्गा पूजा महोत्सव में कलाकारों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक झांकियां देखने भारी भीड़ जुट रही है।

श्री नव युवक दुर्गा पूजा समिति भूपगंज बाजार के तत्वावधान में आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव में झांकी ग्रुप द्वारा आयोजित राधा कृष्ण और भगवान शिव की मसाने की होली की झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। समिति के रामप्रसाद शर्मा ने बताया कि अष्टमी तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम में झांकियों का प्रस्तुतिकरण किया जायेगा।


झांकी का मनमोहक दृश्य।

## 65 जवानों ने किया रक्तदान

**जरवा, बलरामपुर, अमृत विचार :** एसएसबी की 50वीं व 9वीं वाहिनी ने संयुक्त जिला चिकित्सालय के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया। यह शिविर सेवा पखवारा के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा रहा।

26 सितम्बर को आयोजित शिविर का संचालन सहायक कमांडेंट डॉ. यादवेन्द्र यादव के निर्देशन में हुआ। इसमें 70 जवानों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 65 अधिकारियों व जवानों ने रक्तदान किया। प्रमुख रक्तदाताओं में उप कमांडेंट विकास सिंह, सहायक कमांडेंट डॉ. यादव व रजत पांडेय, उप कमांडेंट संजय कुमार, निरीक्षक राम सिंह समेत अन्य जवान शामिल रहे।

# मिट्टी का टीला ढहा, सगे भाइयों की मौत

हादसा

- दादी बाल-बाल बचीं, घास काटने साथ गए थे दोनों बच्चे
- गिरगिटही गांव में कटान के कारण ढह गया मिट्टी का टीला

संवाददाता, हरैया सतघरवा, बलरामपुर

**अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के गिरगिटही गांव में शनिवार शाम बड़ा हादसा हो गया। धोबैनिया नाला किनारे घास काट रही एक दादी और उसके दो पोते मिट्टी का टीला ढहने से दब गए। ग्रामीणों ने मशक्कत कर दादी को बचा लिया, लेकिन दोनों मासूमों की दम घुटने से मौत हो गई। घटना से गांव में कोहराम मच गया।


मिट्टी का ढहा टीला। ● अमृत विचार

जानकारी के अनुसार, 70 वर्षीय जैशनाज घास काटने के लिए नाले के किनारे गई थीं। उनके साथ पोते आठ वर्षीय रशीद और छह वर्षीय अरियान भी चले गए। दोनों बच्चे घास काटने में दादी का हाथ बंटा रहे थे। तभी कटान की वजह से नाले के किनारे का बड़ा टीला अचानक भरभराकर गिर पड़ा और तीनों दब गए। कुछ देर की कोशिश के बाद जैशनाज किसी तरह बाहर निकल आईं और शोर मचाकर ग्रामीणों को बुलाया।

ग्रामीणों ने मिट्टी का ढेर हटाकर बच्चों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। मृतक बच्चों के चाचा अकराबुल ने बताया कि हादसे के समय उनकी मां और दोनों भतीजे पास ही थे। बच्चों के पिता शफीक का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष हरीश सिंह ने बताया कि फिलहाल घटना की जानकारी थाने तक नहीं पहुंची है।

## कार ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, 6 घायल

**बलरामपुर, अमृत अमृ:** कोतवाली देहात क्षेत्र के बौद्ध परिपथ स्थित बेलहा मोड़ पर शुक्रवार रात देवीपाटन मंदिर से दर्शन कर लौट रही महिलाओं से भरे ई-रिक्शा को कार ने टक्कर मार दी। हादसे में 6 लोग घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर है। रात करीब 10:15 बजे ई-रिक्शा श्रद्धालुओं को लेकर बलरामपुर लौट रहा था। जैसे ही वाहन बेल्हा मोड़ के पास पहुंचा, सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी। घायलों में नौशहरा निवासी रुक्मणी दुबे, सिविल लाइन की मीना देवी, नीतू, सुमन शुक्ला, एक अज्ञात महिला तथा ई-रिक्शा चालक रवि मिश्रा शामिल हैं। तीन महिलाओं और चालक की हालत गंभीर बनी हुई है।


कैरियर काउंसलिंग में मौजूद एमएलके पीजी कॉलेज के विद्यार्थी। ● अमृत विचार

## कैरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम आयोजित

**बलरामपुर, अमृत विचार :** एमएलके पीजी कॉलेज सभागार में शनिवार को महाविद्यालय, एनसीसी व जिला सेवायोजन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कैरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम आयोजित हुआ। शुभारंभ मुख्य नियंता प्रो. वीणा सिंह, एसएसबी 9वीं बटालियन की डिप्टी कमांडेंट एवं मुख्य वक्ता नैन्सी सिंगला, जिला सेवायोजन अधिकारी मीता गुप्ता तथा कार्यक्रम संयोजक डॉ. अवनीन्द्र दीक्षित ने दीप जलाकर किया। डिप्टी कमांडेंट नैन्सी सिंगला ने कैडेटों व छात्रों को सीपीएफ परीक्षा सहित एसएसबी, बीएसएफ, सीआईएसएफ आदि बलों में भर्ती प्रक्रिया की जानकारी दी। मीता गुप्ता ने कहा कि विभाग समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता है। प्रो. वीणा सिंह ने आभार जताया। संचालन एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट (डॉ.) देवेंद्र कुमार चौहान ने किया। इस मौके पर डॉ. बसंत कुमार गुप्त, डॉ. एसके त्रिपाठी, डॉ. पीएन पाठक सहित कई शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## पोल से टकराकर पलटी पिकअप, दो घायल

**बलरामपुर, अमृत विचार:** गोंडा से पचपेड़वा जा रही पिकअप शनिवार सुबह लगभग 7 बजे गैसड़ी नगर में विद्युत पोल से टकराकर पलट गई। हादसे में सड़क किनारे बैठे 15 वर्षीय लवकुश (निवासी मेहंदिया) और 35 वर्षीय मन्ना देवी (निवासी नगर) घायल हो गए। लोगों ने दोनों को सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद अधीक्षक डॉ. अरविंद कुमार ने लवकुश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि मन्ना देवी का इलाज निजी अस्पताल में जारी है। पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन के खलासी ननके (निवासी बग्गीजोत, गोंडा) को हिरासत में लिया है।


नगर के चूड़ी मार्केट में सजा मां भगवती का पूजा पंडाल। ● अमृत विचार

## मां स्कंदमाता के जयकारों से गूंजे मंदिर व पंडाल

**बलरामपुर, अमृत विचार :** शारदीय नवरात्रि के पांचवें दिन मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना की गई। शारदीय नवरात्र के पांचवे दिन जनपद के देवी मंदिरों में आदिशक्ति मां भगवती के पंचम स्वरूप मां स्कंदमाता के पूजन को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर और बिजलीपुर स्थित मां बिजलेश्वरी देवी मंदिर में भी भक्तों ने देवी मां की। श्रद्धालू दर्शन पूजन के लिए भोर से ही कतारबद्ध हो गए। भक्तों ने दुर्गा सप्तशती व दुर्गा चालीसा का पाठ किया। नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में सजे दुर्गा पूजा पंडालों पर भक्तों ने मां की आरती उतारी। समूचा वातावरण मां भगवती के जयकारों व देवी गीतों से भक्तिमय रहा।

कार्यक्रम

देवीपाटन शक्तिपीठ पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# आज बलरामपुर को देंगे 825 करोड़ की सौगात

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार शाम तुलसीपुर स्थित देवीपाटन शक्तिपीठ पहुंच गए। वहां रात्रि विश्राम के बाद रविवार को शारदीय नवरात्र के अवसर पर मां पाटेश्वरी धाम दर्शन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बलरामपुरवासियों को 825.29 करोड़ की 124 विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें 256 करोड़ की 62 परियोजनाओं का लोकार्पण और 568 करोड़ की 62 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

मुख्यमंत्री पॉलिटेक्निक घुघुलपुर का लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा ट्रांजिट हॉस्टल, आईटीआई छात्रावास, पुलिस थानों में बैरक व विवेचना कक्ष, जिला अस्पताल की ओपीडी, पर्यटन स्थलों का विकास एवं देवीपाटन मंदिर में फसाड लाइटिंग का शुभारंभ भी करेंगे। शिलान्यास की प्रमुख परियोजनाओं में तुलसीपुर में ओवरब्रिज, मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के लिए फोरलेन मार्ग आदि शामिल हैं। डीएम पवन अग्रवाल ने बताया कि रविवार को मुख्यमंत्री मां पाटेश्वरी देवी के दर्शन-पूजन और गोसेवा के बाद जनपदवासियों को यह बड़ी सौगात देंगे।


देवीपाटन शक्तिपीठ में प्रवेश करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

### आज रहेगा रूट डायवर्जन

मुख्यमंत्री के आगमन के चलते आज जिले में रूट डायवर्जन लागू रहेगा। यातायात पुलिस प्रभारी उमेश सिंह ने बताया कि तुलसीपुर से आने वाले सभी छोटे- भारी वाहन जिन्हें बहराइच जाना है वे गोंडा होकर जाएंगे। उत्तरौला से बहराइच जाने वाले सभी वाहन भी गोंडा होकर जाएंगे। श्रावस्ती की तरफ से आने वाले हल्के वाहन जिन्हें तुलसीपुर, बस्ती या गोंडा जाना है वह इकौना, मोहनीपुर और जमवारा होकर गोंडा जाएंगे।


सेंट जेवियर्स स्कूल में गायन प्रतियोगिता के प्रतिभागी। ● अमृत विचार

## सेंट जेवियर्स हाईस्कूल में गायन प्रतियोगिता आयोजित

**बलरामपुर, अमृत विचार :** सेंट ज़ेवियर्स हाईस्कूल में इंटर-हाउस गायन प्रतियोगिता संपन्न हुई। विद्यालय के चारों सदन लिली, लैवेंडर, ऑर्किड और ट्यूलिप के छात्रों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता जूनियर और सीनियर वर्ग में विभाजित थी। जूनियर वर्ग में ऑर्किड हाउस की अक्षिता (कक्षा 7-डी) ने प्रथम, सीनियर में ऑर्किड हाउस की आहाना सिंह (कक्षा 10-ई) विजेता रहीं। द्वितीय स्थान ट्यूलिप हाउस के सै. मुबश्शराह रूमी (कक्षा 8-ए) व आर्या श्रीवास्तव (कक्षा 12-ए) को मिला। तीसरा स्थान लैवेंडर हाउस के अशाज़ क़यूम (कक्षा 8-सी) व मंकीरत सिंह (कक्षा 12-ए) को प्राप्त हुआ। निर्णायक मंडल में समन्वयक अफ़ाक़ हुसैन, डीएन शुक्ला और अखिलेश तिवारी शामिल रहे। मंच संचालन दिव्यांशी कसौद्धन एवं विशाल मिश्रा ने किया। इस अवसर पर निदेशक सुयश कुमार आनंद और प्रधानाचार्य मोहम्मद आसिम रूमी मौजूद रहे।

### न्यूज ब्रीफ

## आपत्तिजनक वीडियो डालना पड़ा भारी

**कुशीनगर, अमृत विचार :** हनुमानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत छितौनी स्थित भगत सिंह नगर निवासी सादीक हुसैन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है ।युवक फेसबुक पर केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के खिलाफ भद्दी गालियां दी थीं। जानकारी के मुताबिक, आरोपी सादीक हुसैन बाइक की माइलेज को लेकर नाराज था ।नाराजगी में उसने फेसबुक पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें नितिन गडकरी के खिलाफ भद्दी व अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया ।भाजपा कार्यकर्ताओं ने हनुमानगंज थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। शिकायत पर हरकत में आई पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। क्षेत्राधिकारी उमेश चन्द्र भट्ट ने बताया कि आरोपी सादीक हुसैन के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## क्षेत्र पंचायत सदस्य ने भेजा शिकायती पत्र

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** क्षेत्र पंचायत सदस्य, वार्ड सं0-40 रीता सिंह ने आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग लखनऊ उप्र शिकायती पत्र देते हुए बताया कि जनपद के विकास खण्ड मिठवल में तैनात खण्ड विकास अधिकारी सौरभ पाण्डेय द्वारा क्षेत्र पंचायत की नियामक व्यवस्थाओं का सुचारू रूप से संचालन एवं विकास कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन नहीं किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र पंचायत की गारिमा धूमिल हो रही है। ऐसी दशा में लोकहित एव सेल पंचायत हित को ध्यान में रखते हुए खण्ड विकास अधिकारी मिठवल सौरभ पाण्डेय का स्थानान्तरण किसी अन्य जगह किया जाना आवश्यक एवं न्याय संगत है।

# मिशन शक्ति कार्यवाहियों का हो प्रचार-प्रसार : मंडलायुक्त

## मंडलायुक्त व डीआईजी ने ली डीएम-एसपी के साथ मिशन शक्ति 5.0 संबंधी बैठक

- जिले में चल रही गतिविधियों से डीएम ने कराया अवगत

संवाददाता, कुशीनगर

**अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान के 5वें चरण को लेकर मंडलायुक्त अनिल ढींगरा एवं डीआईजी के साथ जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ एक आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने कहा कि मिशन शक्ति अंतर्गत जिस विभाग द्वारा जो भी कार्यवाही की जा रही है, उसे सोशल मीडिया या प्रिंट मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाये, धरातल पर इस योजना अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है परंतु आमजन को भी मालूम होना चाहिए कि क्या हो रहा है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि महिला कल्याण से संबंधित जो भी कार्यवही हो उसे जिलाधिकारी के संज्ञान में लाते हुए पोर्टल पर पर भी अपडेट किया जय। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि छेड़खानी संबंधित मामलों को सभी थानों में दिखावा लिए जाएं यदि कोई मामला है तो उसपर कड़ी कार्यवाही किया जाए। उन्होंने अभियोजन के सहयोग से पास्को एक्ट के तहत चिन्हित अपराधियों को सजा दिलाए जाने के निर्देश दीए। उन्होंने सभी संबंधित को त्यौहार के दृष्टिगत एक्टिव मोड में रहते हुए जागरूक रहने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनपद में कोई मंदिर/ मस्जिद का मामला संज्ञान में आता है तो डीएम, एसपी को संज्ञान में लाकर ही किसी प्रकार की कार्यवाही करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त सीओ, सहित मिशन शक्ति के सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।



गोरखपुर मंडलायुक्त व डीआईजी गोरखपुर की अध्यक्षता में की गई बैठक। अमृत विचार

### मिशन शक्ति 5.0 : प्रभारी मंत्री ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि मिशन शक्ति 5 .0 अंतर्गत कार्ययोजना अनुसार सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर सभी कार्यवाहियां की जा रही है। प्रभारी मंत्री ने बाइक रैली का हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया तत्पश्चात प्रत्येक दिन कार्यक्रम के माध्यम से प्रचार प्रसार एवं विभिन्न कार्यक्रमों कंपाइल करते हुए पोर्टल पर अपडेट भी किया जा रहा है, इसी क्रम में सामूहिक विवाह कार्यक्रम भी कराए जा रहे हैं, बाल विवाह हेतु जागरूकता, रेडियो/ टीवी/सोशल मीडिया के माध्यम से, इसी क्रम में हक की बात, ग्राम न्यायालय, बाल श्रम मिशन कार्यक्रम, स्वा0 केंद्रों के माध्यम से अन्य प्लान, भी कराए जाने हैं, उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन छोटे बड़े कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि उक्त मिशन का सफलता पूर्ण सभी कार्यक्रम संपन्न करा लिए जाएंगे। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा सभी थानों में महिलाओं संबंधित अलग टेबल लगाए गए हैं तथा योजनाओं का प्रचार प्रसार पंपलेट के माध्यम से किया जाता है, इस अवसर पर सक्सेज स्टोरी के संबंध में सभी महिला पुलिस कर्मियों से पुछ ताछ भी की गई।

### त्योहार पर अलर्ट हे अधिकारी : डीआईजी

डीआईजी डॉ एस चन्नप्पा ने कहा कि नवरात्र में हजारों की संख्या में मूर्ति स्थापित की जाती है, जिसमें महिलाओं का आवागमन अधिक रहता है ऐसे मार्गों को एक बार अवश्य देखले, मूर्ति विसर्जन स्थल का भी निरीक्षण समय रहते कर लिए जाने एवं व्यवस्थाओं की जानकारी सहित अन्य कोई मामला संज्ञान में आता है तो तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए निस्तारण करा लिया जाय। मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने सहित अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही किए जाने का निर्देश सभी संबंधित को दिए।

# सांसद ने बांटे छात्रवृति प्रमाणपत्र

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार :** राजकीय कन्या इन्टर कालेज में शुक्रवार को छात्रवृति वितरण के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में सांसद जगदम्बिका पाल शामिल हुए। इस दौरान सांसद जगदम्बिका पाल ने 36 छात्राओं को छात्रवृति प्रमाण पत्र वितरण किया। मौके पर सांसद जगदम्बिका पाल ने छात्राओं का प्रोत्साहित किया और कहा यह छात्रवृत्ति से इनके पढ़ाई में सहयोग करेगा और आगे की पढ़ाई करने में काम करेगा और उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया और कहा कि छात्राएं पढ-लिखकर अपनी भविष्य सवारें और जिले का नाम रोशन करें। इस अवसर पर विद्यालय निरीक्षक अरूण कुमार. प्रधानाचार्य शिवा शर्मा, पिछडा वर्ग अधिकारी राजन जी, समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह मौजूद रहे।



राजकीय कन्या इन्टर कॉलेज में छात्राओं को संबोधित करते सांसद जगदंबिका पाल।

## खड़े ट्रक में बस ने मारी टक्कर, एक की मौत, चार गंभीर

**कुशीनगर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग 28 के हाटा कोतवाली क्षेत्र में दर्दनाक सड़क हादसे में एक यात्री की मौत हो गई और पांच गंभीर रूप से घायल हो गए। गोरखपुर से तमकुही जा रही रोडवेज बस ने ढाढ़ा ओवरब्रिज के पास खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद मौके पर चिख पुकार मच गया। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज कुशीनगर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार गोरखपुर से तमकुही को जा रही रोडवेज की बस यूपी 53 एफटी 5851 शनिवार की सुबह पांच बजे ढाढ़ा ओवर ब्रिज के समीप पहुंची तो ओवरब्रिज के सटे पश्चिम हाईवे पर खड़ी ट्रक संख्या एचआर 55 ए जी 2290 में ठोकर मार दिया ।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस में सवार जयराम प्रजापति 30 वर्ष पुत्र स्वामीनाथ निवासी धनौजी कला थाना पटहेरवा जिला कुशीनगर की मृत्यु हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल चार लोगों को सीएससी हाटा पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद सभी को मेडिकल कॉलेज कुशीनगर रेफर कर दिया गया।

## ओलंपियाड में अंश को प्रथम स्थान

संवाददाता, कुशीनगर

**अमृत विचार:** जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान कुशीनगर द्वारा गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया। इस प्रतियोगिता में विकास खंड स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप 10 बच्चे प्रत्येक विकास खंड से प्रतिभाग किए। बहु विकल्पीय और लघु उत्तरीय मिलकर कुल 30 प्रश्न 40 अंकों था। जिसमें 40 में से 40 अंक पाकर हाटा के उच्च प्राथमिक विद्यालय बतरौली के कक्षा 8 का छात्र अंश प्रथम स्थान पर रहा ।बेसिक शिक्षा अधिकारी कुशीनगर द्वारा अंश को पुरस्कृत किया गया।



अंश को पुरस्कृत करते बीएसए राम जियावान मौर्य व शिक्षक सुनील सिंह।

## सीएचसी में एमसी वार्ड का उद्घाटन



सीएचसी में स्वास्थ कर्मियों से बातचीत करते उच्चाधिकारी। अमृत विचार

**कुशीनगर, अमृत विचार :** कसया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नवनिर्मित मातृ-शिशु (एमसी) वार्ड का उद्घाटन मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा और पुलिस उपमहानिरीक्षक शिवासिम्पी चिनप्पा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। यह एमसी वार्ड क्षेत्र की महिलाओं और नवजात शिशुओं के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस वार्ड के निर्माण से मातृ-शिशु स्वास्थ्य देखभाल को और सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी, जो मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है ।मालती देवी इंटर कॉलेज कसया में समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# महाप्रबंधक ने किया गोरखपुर कैंट स्टेशन का निरीक्षण

**गोरखपुर, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने 27 सितम्बरको गोरखपुर कैंट स्टेशन का गहन निरीक्षण कर यात्री सुख-सुविधाओं का जायजा लिया तथा गोरखपुर छावनी स्थित टी.एम.सी. कारखाना में ट्रैक मशीनों का गहन निरीक्षण किया। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य इंजीनियर नीलमणि, मुख्य इंजीनियर/टी.एम.सी. संजय यादव, वरिष्ठ रेल अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे। महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर ने गोरखपुर कैंट स्टेशन के यू.टी.एस. एवं पी.आर.एस. काउंटर, स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुख-सुविधाओं तथा स्टेशन पर साफ-सफाई का गहन निरीक्षण कर उनमें आवश्यक सुधार हेतु निर्देशित किया। महाप्रबन्धक ने दिव्यांगजन हेतु उपलब्ध सुविधाओं को बढ़ाने, प्लेटफॉर्म पर मानक के अनुरूप साइनेज लगाने तथा प्लेटफॉर्मों, प्रसाधन एवं रेलवे ट्रैक की साफ-सफाई पर विशेष बल दिया। उन्होंने गोरखपुर कैंट स्टेशन के द्वितीय प्रवेश तथा रोड ओवर ब्रिज (आर.ओ.बी.) के साइट प्लान का अवलोकन किया एवं विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। श्री बोरवणकर ने स्टेशन पर वाटर हार्वेस्टिंग एवं सोलर पैनल लगाने तथा फुट ओवर ब्रिज एफ.ओ.बी. पर सुरक्षा जाली लगाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। इसके पश्चात महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर ने गोरखपुर छावनी स्थित टी.एम.सी. कारखाना में ट्रैक मशीनों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि ट्रैक मशीनों का अनुरक्षण उच्च प्राथमिकता पर किया जाना चाहिये, जिससे रेलवे ट्रैक के अनुरक्षण में किसी प्रकार की समस्या न हो। मशीनों में एक ही तरह की विफलता बार-बार न हो, इसका विशेष ध्यान देना चाहिये। महाप्रबन्धक ने ट्रैक मशीन बी.सी.एम.-362 के पार्ट में होने वाली विफलताओं का गहनता से अवलोकन किया तथा विफलता से बचाव हेतु आवश्यक सुझाव दिये। उन्होंने मशीनों के पाट्र्स को कोडल लाइफ के अनुसार उपयोग करने तथा अनुरक्षण कार्य कर रहे रेल कर्मचारियों को सुरक्षात्मक तरीके के कार्य करने के लिए आवश्यक सुझाव दिये। निरीक्षण के उपरान्त कारखाना परिसर में महाप्रबन्धक बोरवणकर तथा प्रमुख मुख्य इंजीनियर श्री नीलमणि ने पौधारोपण किया।



ट्रैक मशीन का निरीक्षण करते पूर्वोत्तर रेलवे महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर साथ में वरिष्ठ अधिकारी।

### प्रमुख मंडलों व कॉलोनियों में चला स्वच्छता अभियान

**संवाददाता, गोरखपुर, अमृत विचार :** रेल यात्रियों को स्वच्छ एवं साफ–सुथरा वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छोत्सव थीम पर आधारित स्वच्छता ही सेवा अभियान के 11वें दिन 27 सितम्बर को पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ, वाराणसी, इज्जतनगर मंडलों के प्रमुख स्टेशनों पर एवं रेलवे कॉलोनियों में स्वच्छता संबंधी कई कार्यक्रम आयोजित हुए इसके अन्तर्गत स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया, प्रतीक्षालय, कार्यालयों एवं ट्रैक के किनारों की सफाई की गई तथा फूड स्टालों, वाटर बूथों का निरीक्षण किया गया तथा स्वच्छता जागरूकता रैली निकालकर यात्रियों, कर्मचारियों को जागरूक किया गया। लखनऊ मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर स्वच्छ भारत सांस्कृतिक उत्सव एवं स्वच्छ भारत मिशन के लिये प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। फूड स्टालों एवं जनआहार का निरीक्षण किया गया तथा खाद्य सामग्री को स्वच्छ रखने हेतु सुझाव दिया गया। स्टेशनों पर स्वच्छता सम्बन्धित नारों, पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से जागरूकता रैली निकालकर यात्रियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान के अन्तर्गत गोरखपुर जं. स्टेशन पर रेलव ट्रैक की साफ–सफाई की गई। वाराणसी मंडल पर 'स्वच्छोत्सव' थीम के अन्तर्गत प्रमुख स्टेशनों पर स्वच्छ भारत सांस्कृतिक उत्सव एवं स्वच्छ भारत मिशन के लिये प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## छपरा-उधना विशेष ट्रेन की रेक संरचना में बदलाव

**गोरखपुर, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु 05115/05116 छपरा-उधना-छपरा साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी के रेक संरचना में निम्नवत परिवर्तन किया गया है। रेक संरचना में परिवर्तन के फलस्वरूप छपरा से 03 अक्टूबर, 2025 से तथा उधना से 05 अक्टूबर, 2025 से चलने वाली 05115/05116 छपरा-उधना-छपरा साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 08, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 03, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 04 तथा वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

## निबंध प्रतियोगिता: बीएससी नर्सिंग की राखी अव्वल, सीमा दूसरे स्थान पर

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार:** यूपी राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के सहयोग से एड्स एवं टीबी जागरूकता को लेकर श्रीराम बिलास इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड मेडिकल साइंसेज, सोनखर, बांसी सिद्धार्थ नगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एड्स की जानकारी को लेकर निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई। जिसमें बीएससी नर्सिंग की छात्रा राखी शर्मा पहले, सीमा विश्वकर्मा दूसरे और खुशी रौनियार तीसरे स्थान पर रहीं। एएनएम से बंदना और जीएनएम से काजल पासवान को भी पुरस्कृत किया गया। संस्था की प्रबंधक डॉ अनिता द्विवेदी ने कहा कि एड्स को लेकर हमें खुद भी जागरूक रहना होगा और दूसरों को भी जागरूक करना होगा। एड्स संक्रमित व्यक्ति को टीबी रोग होने की संभावना अधिक रहती है। प्रिंसिपल अनुराधा तुमटी ने एचआइवी के कारण और बचाव पर चर्चा कर कहा कि हम सबको इस बात की जानकारी होना आवश्यक है, एचआइवी संक्रमित मां से उसके होने वाले शिशु को एचआइवी संक्रमण का खतरा हो सकता है, इसलिए गर्भावस्था के शुरुआत के तीन माह तक यह जांच कराना जरूरी है इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में जागरूकता आती है। जिला क्षय रोग अधिकारी और प्रधानाचार्य ने निबन्ध लेखन विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।




निबंध लेखन विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित करते अधिकारी व प्रधानाचार्य।

**सीता देवी लॉ कालेज, रसूलपुर बदोसराय, बाराबंकी उ0प्र0**

**में आवश्यकता है**

स्नातक स्तर पर विधि संकाय के अन्तर्गत एल0एल0बी0 त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में प्राचार्य 01 पद तथा एल0एल0बी0 प्रवक्ता–15 पद

**योग्यता एवं वेतनमान–** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

**भवदीय**
**अभिषेक शुक्ल**

**पी0 आर0 इण्टर कालेज सेमरी बाजार, सुलतानपुर**

पत्रांक :– निविदा/ /42 /2025–26 दिनांक–27.09.2025

**निविदा आमंत्रण**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस विद्यालय के उपयोगार्थ आई0 पी0 कैमरा / एल0सी0डी0 आदि के आपूर्ति एवं कम्पलीट संयोजन हेतु पंजीकृत फर्मो से मुहर बन्द निविदा/कोटेशन दिनांक 06अक्टूबर, 2025 तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 07अक्टूबर,2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में पूर्वाह्न 11 बजे विद्यालय में खोली जायेंगी। निविदा स्वीकृत / निरस्त करने का सर्वाधिकार संस्था प्रबन्धक को होगा।

**प्रबन्धक**

**श्री शंकर जी पी0जी0 कालेज, मठिया, अम्बेडकरनगर उ0प्र0**

**में आवश्यकता है**

स्नातक स्तर पर बी0एस0सी0 पाठ्यक्रम में (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जन्तु विज्ञान0 प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–06 पद

परास्नातक स्तर पर एम0ए0 पाठ्यक्रम में (शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र, हिन्दी, भूगोल) प्रत्येक विषय में तथा एम0एस0सी0 पाठ्यक्रम में (जन्तु विज्ञान0) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–04 पद

**योग्यता एवं वेतनमान–** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

**भवदीय–समर विजय सिंह**

**आवश्यकता है**

**जय बजरंग शिवगुलाम महाविद्यालय अमरेमऊ, कादीपुर, सुलतानपुर**

में स्नातक पाठ्यक्रम हेतु निम्नलिखित विषयों पर प्रवक्ता की आवश्यकता है– हिंदी प्रवक्ता, संस्कृत प्रवक्ता, गृह विज्ञान प्रवक्ता, भूगोल प्रवक्ता, शिक्षा शास्त्र प्रवक्ता, अंग्रेजी प्रवक्ता, राजनीति शास्त्र प्रवक्ता, प्राचीन इतिहास प्रवक्ता, समाजशास्त्र प्रवक्ता एवं अर्थशास्त्र प्रवक्ता, प्रत्येक विषय हेतु एक–एक पद..

**योग्यता/आयु एवं वेतनमान राज्य सरकार/ विश्वविद्यालय के मानकानुसार..**

इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिवस के भीतर दो रंगीन फोटो एवं मूल शैक्षिक अभिलेख के साथ उपस्थित हो।

**प्रबंधक–**
**मो. 9450 1963 84**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद जलालपुर अम्बेडकर नगर**

पत्रांक 599/न0पा0परि0ज0/2025–26 दिनांक– 25–9–25

**ई–निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर के द्वारा स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में A/B/C/D/E श्रेणी (जैसा लागू हो) में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदा दाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर राज्य वित्त आयोग मद से, 07 कार्य एवं 14 वां वित्त आयोग (ब्याज की धनराशि) से 01 कार्य, 15 वां वित्त आयोग (अनटाईड ग्राण्ट) से 01 कार्य 15 वां वित्त आयोग (टाईड ग्राण्ट) से 01 कार्य, कुल–10 की ई–निविदा आंमत्रित की जाती है।

| कमांक | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा देखने/डाउनलोड / खरीदने की तिथि | 26.09.2025 12:00 PM | 07.10.2025 01:00 PM |
| 2. | प्री–विड मीटिंग | 03.10.2025 02:00 PM | |
| 3. | बिड समाप्ति की तिथि | | 07.10.2025 01:00 PM |
| 4 | बिड खोलने की तिथि एवं समय | | 07.10.2025 02:00 PM |

**नियम एवं शर्ते–**

1. सशर्त निविदायें मान्य नहीं होगी और स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी।
2. बिना कारण बताये किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जलालपुर को होगा।
3. निर्माण कार्यो की निविदा में वर्णित सामग्री आदि पर आयकर, जी.एस.टी.कर व अन्य करों की कटौती ठेकेदार के बिल से नियमानुसार की जायेगी।
4. निविदादाता को चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, श्रम विभाग का पंजीयन, आयकर व जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति साथ में संलग्न करनी अनिवार्य होगी जो वर्तमान समय तक वैध होनी चाहिये।
5. उक्त निविदा से संबंधित शेष नियम शर्ते बेवसाईट www.etender.up.nic. पद पर देखी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**जलालपुर अम्बेडकर नगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**जलालपुर अम्बेडकर नगर**



प्रेम प्रेम सब कोउ कहत,
प्रेम न जानत कोइ।
जो जन जानै प्रेम तौ,
परै जगत क्यौं रोइ॥

रसखान जी कहते हैं, सभी प्रेम-प्रेम कहते तो हैं, पर प्रेम के अर्थ को कोई नहीं समझता। अगर कोई व्यक्ति प्रेम का सच्चा अर्थ जान ले, तो उसे यह दुनिया और इसके सारे दुख क्यों ही परेशान करेंगे।

# जातिविहीन समाज ही भारत का आदर्श स्वप्न है

> जाति का उद्भव पूर्वजों के अचेत कर्म का परिणाम है। सामाजिक परिवर्तन की निरंतरता में जन्मना जातियां बनीं, लेकिन हमारे सचेत पूर्वजों ने जाति समाप्ति के लिए अथक श्रम तप भी किए। इस श्रम के बावजूद कतिपय लोगों ने दलित जातियों को जब-तब भिन्न नस्ल भी बताया। डरबन में 2001 में 'नस्लवाद, नस्ली भेदभाव और असहिष्णुता' पर विश्व कांग्रेस का आयोजन था। भारत के कुछेक लोगों ने उस वक्त दलितों को अलग नस्ल बताया था, लेकिन डॉ. अम्बेडकर ने दलितों को कभी भी अलग नस्ल नहीं माना था।

भारतीय समाज में जाति है। जाति आधारित मान, अपमान और विशेष अवसर भी हैं। हमारे पूर्वज जातिगत भेदभाव को समाप्त करना चाहते थे। गांधी, डॉ. अम्बेडकर, डॉ. हेडगेवार, डॉ. लोहिया, ज्योतिबा फुले और विवेकानंद, दयानंद ने भी जाति भेद के विरोध में नवजागरण किया। एक सुंदर जातिविहीन समाज भारत का स्वप्न आदर्श था। डॉक्टर लोहिया ने जाति तोड़ो का नारा दिया था। अन्य दल संगठन भी जातियों के विरोध में मैदान में रहे। अनेक संगठन जाति के खात्मे पर संघर्षरत रहे हैं, लेकिन कोई मुहिम सफल नहीं हुई। जाति कितनी खत्म हुई, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जातिवाद से लड़ते जाति तत्वों का स्वरूप जातिवादी बनता गया। जाति के विरोधी ईमानदार तत्व भी जानते हैं कि जाति की चर्चा से जातिवाद बढ़ता है। तो क्या जाति अजर और अमर है!

उत्तर प्रदेश सरकार ने नाम के साथ जाति लिखने का नियम बदल दिया है। यह निर्णय इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक आदेश के अनुसार जारी किया गया है। कुछ दिन पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सरकार को आदेश दिए थे कि पुलिस रिकार्ड व सार्वजनिक स्थलों पर लोगों के नाम के साथ जाति के उल्लेख पर रोक लगाई जाए। देश के सभी राज्यों में जातिवाद चल रहा है। जाति जन्मना है। धर्म, मत, मजहब छोड़े जा सकते हैं, लेकिन जाति नहीं। राजनीति में जाति ही मुख्य कारक है। दल संगठन अपने उम्मीदवार उतारते समय जाति के आंकड़ों का अध्ययन करते हैं। संगठन के पदाधिकारियों की सूची बनाते समय भी जाति का प्रभाव रहता है। गांव, कस्बों के बाजारों में, चाय आदि की दुकानों में भी जाति तत्व दिखता है। लोग अपनी जाति के दुकानदार से उपभोक्ता सामान लेने में सुविधा अनुभव करते हैं। समाज की नस-नस में जातिवाद है।

भारत में जातियां सामाजिक यथार्थ हैं। वे न होतीं तो अच्छा होता। जातियां सामाजिक एकता में बाधक हैं। जाति सामाजिक सच्चाई है। जातियां जन्मना हैं। कोई भी व्यक्ति स्वयं अपनी जाति नहीं चुन सकता। इनका ढांचा सोपान क्रम में है। इसके शीर्ष वाली जातियों का सम्मान रहा है। सीढ़ी में निचली जातियां काफी लंबे समय से सामाजिक सम्मान से भी वंचित रही हैं। डॉ. अंबेडकर ने कोलंबिया विश्वविद्यालय (1916) में 'जातियों की उत्पत्ति और संरचना' पर शोध प्रस्तुत किया था। उन्होंने कहा था, "प्रत्येक समाज में भिन्न-भिन्न वर्ग होते हैं। बौद्धिक आर्थिक या अन्य कारणों से बने वर्ग अपना अस्तित्व भी रखते हैं। भारत में भी ऐसे ही वर्ग रहे होंगे। पुरानी भारतीय वर्ण व्यवस्था को कर्मश्रम आधारित वर्ग कहा जा सकता है। पहले वर्ण जन्मना नहीं थे। ऋग्वेद में वर्ण नहीं हैं। उत्तरवैदिक काल में वर्ण शब्द का प्रयोग वर्ग के अर्थ में हुआ है। एक वर्ग का दूसरे वर्ग में जाना संभव था। वर्ग भी जन्मना नहीं होते।"



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

डॉ. अम्बेडकर ने कहा, "किसी समय किसी एक वर्ग वर्ण ने अपने ही वर्ण वर्ग में विवाह करने का बंधन लगाया होगा।" वे कहते हैं, "जाति के उद्भव के अध्ययन से हमें इस प्रश्न का उत्तर मिलना चाहिए कि वह वर्ग कौन सा था, जिसने अपने लिए बाड़ा खड़ा किया। मैं इसका प्रत्यक्ष नहीं अप्रत्यक्ष उत्तर ही दे सकता हूं। हिंदू समाज में कुछ प्रथाएं सर्वव्यापी थीं। अपने समस्त प्रतिबंधों के साथ वे ब्राह्मणों में थीं। ब्राह्मण वर्ग ने स्वयं की घेराबंदी जाति रूप में क्यों की? यह एक भिन्न प्रश्न है?"

प्रश्न उचित है। ऋग्वेद के रचनाकाल में जाति वर्ण के विभाजन नहीं थे। उत्तर वैदिक काल में वर्ण हैं। वर्ण जन्मना नहीं थे, इसलिए जाति नहीं थी। जाति की जन्म तिथि खोजना असंभव है। जाति बंधन मजबूत है। जाति का कोई व्यक्ति या संगठन जाति का जन्मदाता नहीं हो सकता। ब्राह्मणों पर जाति प्रथा लागू करने के आरोप अक्सर लगाए जाते हैं। डॉ. अंबेडकर ने इसी शोध में कहा था, "जाति व्यवस्था का प्रसार और विकास एक विशाल कार्य था। ब्राह्मण अनेक गल्तियां करने के दोषी रहे हों, कह सकता हूं कि वे ऐसे थे, लेकिन जाति व्यवस्था को गैर ब्राह्मणों पर लाद सकने की क्षमता उनमें नहीं थी।" सही बात है। कोई शक्तिशाली राज व्यवस्था या तानाशाह भी अपने शासित लोगों के बड़े वर्ग समूह को जन्मना किसी जाति में ही रहने को विवश नहीं कर सकते।

जाति का उद्भव पूर्वजों के अचेत कर्म का परिणाम है। सामाजिक परिवर्तन की निरंतरता में जन्मना जातियां बनीं। हमारे सचेत पूर्वजों ने जाति समाप्ति के लिए अथक श्रम तप भी किए। इस श्रम के बावजूद कतिपय लोगों ने दलित जातियों को जब-तब भिन्न नस्ल भी बताया। डरबन में 2001 में 'नस्लवाद, नस्ली भेदभाव और असहिष्णुता' पर विश्व कांग्रेस का आयोजन था। भारत के कुछेक लोगों ने उस वक्त दलितों को अलग नस्ल बताया, लेकिन डॉ. अंबेडकर ने दलितों को कभी भी अलग नस्ल नहीं माना। उन्हें उम्मीद थी कि जातियां खत्म ही होंगी। लिखा था, "जाति का चलते रहना असंभव है। ऐसा कार्य दिक्कतों से भरा है।" सामाजिक समता अनिवार्य है। सामाजिक न्याय की दिशा में बेशक भारत का काम आगे बढ़ा है। जाति की अस्मिता ज्यादा दिन नहीं चल सकती है।राजनीति को सामाजिक परिवर्तन का काम भी करना चाहिए। जाति की विभाजनकारी शक्ति के विरूद्ध जन अभियान चाहिए। संविधान निर्माताओं ने जाति, लिंग या धर्म के आधार पर विभेद का निषेध किया है, बावजूद इसके उत्पीड़न या प्रतिष्ठा जैसे सभी अवसरों पर जाति की पहचान आगे चलती है। अपने जिले या राज्य क्षेत्र में किसी के भी प्रतिष्ठित होते ही जाति के प्रश्न उठ जाते हैं। अनुसूचित या अन्य पिछड़े वर्गो के प्रतिष्ठित होने वाले लोग आशावाद भी जगाते हैं। वे वंचित निराश लोगों की प्रेरणा भी बनते हैं। दलित या अन्य पिछड़ा वर्ग होने के बावजूद कोई प्रतिष्ठा का आकाश छू रहा है, तो उसी वर्ग के सामान्यजन भी ऐसा क्यों नहीं कर सकते?

भारत को जाति व्यवस्था का मलबा नहीं ढोना चाहिए। मैं अनुसूचित जाति के एक परिवार में मेहमान था। बात 1984 की है। 41 वर्ष पुरानी। मेरा परिचय अनुसूचित जाति के एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी से कराया गया, "ये दीक्षित जी हैं, लेकिन ब्राह्मण होने के बावजूद अच्छे आदमी हैं।" जातिवादी दिमाग में ऐसी ही खुराफाती बातें चलती हैं। जाति का कोई औचित्य नहीं है। भारत को जातिभेदविहीन समाज बनाना होगा। 'सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय' भारतीय संविधान की उद्देशिका के मूल तत्व है। राजनीतिक न्याय ने मताधिकार दिया है। सरकारें विधायिका के प्रति जवाबदेह हैं। प्रशासन उत्तरदायी नहीं है। वंचित वर्गो के लिए बहुत सारा नीति निर्माण हुआ है, तो भी प्रशासनिक संवेदनहीनता के चलते सामाजिक न्याय दूर है।

दार्शनिक क्षेत्र में भारत विश्वप्रतिष्ठ है। यहां कण-कण में परमात्मा की बातें कही जाती हैं, लेकिन जन-जन में जाति है और जाति भेद भी है। जाति की चर्चा से बचा नहीं जा सकता। सामाजिक यथार्थ को स्वीकार करना चाहिए। एकात्मवादी विचार आदर्श है। इस विचार के लिए विमर्श भी जरूरी है। परंपरा के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण और जाति मुक्त चिंता के साथ आर्थिक आधार पर समूहों का व्यथा चिंतन होना चाहिए। जाति अतिक्रमण का यही मार्ग है। यह काम सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों और धर्म गुरुओं को भी करना चाहिए।

# रक्तपात के पक्षधर नहीं थे शहीदे आजम भगत सिंह

युवाओं के क्रांतिनायक भगत सिंह के जीवन की अनेक ऐसी बातें हैं, जो देश के युवाओं को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा से भर देती है। 23 वर्ष की उम्र में ही शहीदे आजम भगत सिंह ने अपने लेखन और राष्ट्रभक्ति के बरअक्स एक ऐसा आंदोलन खड़ा कर दिया, जिससे दशकों तक भारत की युवा पीढ़ी प्रेरणा लेती रहेगी। यह त्रासदी है कि आजादी के चार दशक बाद तक भगत सिंह के विचार और उनसे जुड़े दस्तावेज देश के आमजन तक नहीं पहुंच पाए और देश की युवा पीढ़ी उनके आंदोलित और राष्ट्रवादी विचारों से अपरिचित रही। भगत सिंह के विचारों और क्रांतिकारिता को समझने के लिए जेल के दिनों में उनके लिखे खतों और लेखों को पढ़ना-समझना आवश्यक है। उन खतों और लेखों के माध्यम से समझा जा सकता है कि भगत सिंह रक्तपात के कतई पक्षधर नहीं थे।



अरविंद जयतिलक
लेखक

वे और उनके साथियों ने पुलिस सुपरिटेंडेंट स्कॉट को निशाना तब बनाया, जब 1928 में साइमन कमीशन के बहिष्कार के लिए भयानक प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शन में भाग लेने वाले प्रदर्शनकारियों पर ब्रिटिश हुकुमत ने लाठियां बरसाईं, जिसमें लाला लाजपत राय बुरी तरह घायल हुए और अंततः मृत्यु को प्राप्त हुए। भगत सिंह कतई नहीं चाहते थे कि ब्रिटिश संसद से मजदूर विरोधी नीतियां पारित हों। उनकी सोच थी कि अंग्रेजों को पता चलना चाहिए कि हिंदुस्तानी जाग चुके हैं और वे अधिक दिनों तक गुलामी में नहीं रह सकते।

> आजादी के चार दशक बाद तक भगत सिंह के विचार और उनसे जुड़े दस्तावेज देश के आमजन तक नहीं पहुंच पाए। भगत सिंह के विचारों और क्रांतिकारिता को समझने के लिए उनके लिखे खतों और लेखों को पढ़ना-समझना आवश्यक है। उनके माध्यम से समझा जा सकता है कि भगत सिंह रक्तपात के पक्षधर नहीं थे।

उन्होंने अपने विचारों से अंग्रेजों को यह बात समझानी चाही, लेकिन अंग्रेज समझने को तैयार नहीं थे। तब उन्होंने अपनी बात उन तक पहुंचाने के लिए आठ अप्रैल, 1929 को अपने साथी क्रांतिकारी बटुकेश्वर दत्त से मिलकर ब्रिटिश सरकार की केंद्रीय असेंबली में बम फेंका। उन्होंने यह बम खाली स्थान पर फेंका, ताकि किसी को नुकसान न पहुंचे। बम फेंकने के बाद उन्होंने इंकलाब-जिंदाबाद के नारे लगाए और पर्चे फेंके। बम फेंकने का मकसद खून-खराबा करना नहीं था।

उन्होंने कहा भी, "यदि बहरों को सुनना है तो आवाज को बहुत जोरदार होना होगा, जब हमने बम गिराया तो हमारा ध्येय किसी को मारना नहीं था, हमने अंग्रेजी हुकुमत पर बम गिराया था, अंग्रेजों को भारत छोड़ना चाहिए और उसे आजाद करना चाहिए।" उल्लेखनीय तथ्य यह कि बम गिराने के बाद वे चाहते तो भाग सकते थे, लेकिन उन्होंने भागना स्वीकार नहीं किया, बल्कि बहादुरी से गिरफ्तारी दी। सच कहें तो भगत सिंह ने यह साहस दिखाकर अंग्रेजों को समझा दिया कि एक हिंदुस्तानी क्या-क्या कर सकता है। उनका यह साहस दर्शाता है कि वे शांति के पैरोकार थे और हिंसा में उनका विश्वास रंचमात्र भी नहीं था। उन्होंने अपनी क्रांतिकारिता को रेखांकित करते हुए कहा भी है, "जरूरी नहीं था कि क्रांति में अभिशप्त संघर्ष शामिल हो, यह बम और पिस्तौल का पंथ नहीं था।"

# राजस्थान का गांव बदल रहा तस्वीर

राजस्थान का बीकानेर जिला अपने शुष्क और रेगिस्तानी भूभाग के लिए जाना जाता है। यहां की कठिन जलवायु, कम बारिश और घटते भूजल स्तर के बीच जीवन को संभालना आसान नहीं है। लूणकरणसर ब्लॉक का नाथवाना गांव इन सब चुनौतियों के बीच एक अनोखी पहचान बना रहा है। यह गांव पर्यावरण संरक्षण और पेड़-पौधों को संवारने की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास कर रहा है। यहां के लोग मानते हैं कि उनका जीवन और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य पेड़ों से ही जुड़ा है। यही कारण है कि वे अपने आस-पास पौधे लगाते हैं और उन्हें बच्चों की तरह संवारते हैं।

नाथवाना गांव की गलियों और खेतों में खेजड़ी, नीम, शीशम और बबूल जैसे पेड़ नजर आते हैं। खेतों की मेड़ों पर लगाए गए ये पेड़ न केवल मिट्टी को बांधकर रखते हैं, बल्कि खेतों में नमी बनाए रखने का काम भी करते हैं। गांव के लोग जानते हैं कि पेड़-पौधों का होना सिर्फ हरियाली का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह उनके जीवन का आधार है। गर्मी के मौसम में जब तापमान 45 डिग्री से ऊपर चला जाता है, तब पेड़ों की छांव ही उन्हें राहत देती है। महिलाएं अक्सर अपने घरों के आंगन में तुलसी और नीम के पौधे लगाती हैं और उनकी देखभाल आस्था और परंपरा से जोड़कर करती हैं।



माया
एक्टिविस्ट

गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि पहले रेगिस्तान में पौधे लगाना आसान नहीं माना जाता था। पानी की कमी और तेज हवाओं के कारण पौधे लंबे समय तक टिक नहीं पाते थे, लेकिन अब नाथवाना के लोग सामूहिक रूप से काम कर रहे हैं। वे बारिश के मौसम में सामूहिक वृक्षारोपण अभियान चलाते हैं। गांव की महिलाएं मिट्टी और पानी का प्रबंध करती हैं। बच्चे पौधे लगाते हैं और बुजुर्ग उनकी देखरेख का जिम्मा उठाते हैं। यह सामूहिकता इस बात का प्रमाण है कि जब समाज एकजुट होकर काम करता है, तो कठिनाइयों के बावजूद सफलता मिल सकती है।

बीकानेर जिले में वन क्षेत्र कुल क्षेत्रफल का मात्र 1.7 प्रतिशत है, जबकि राष्ट्रीय औसत लगभग 21 प्रतिशत है। ऐसे में नाथवाना गांव का वृक्षारोपण अभियान बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है। पिछले पांच वर्षों में यहां के ग्रामीणों ने पंचायत और व्यक्तिगत स्तर पर मिलकर लगभग तीन हजार पौधे लगाए हैं, जिनमें से 65 प्रतिशत पौधे आज भी जीवित हैं। यह आंकड़ा अपने आप में बहुत मायने रखता है क्योंकि मरुस्थलीय क्षेत्रों में पौधों का जीवित रहना बड़ी चुनौती होती है।

नाथवाना गांव के लोग केवल पेड़ लगाते ही नहीं, बल्कि उनकी रक्षा भी करते हैं। अक्सर देखने को मिलता है कि गांव के बच्चे स्कूल जाते समय रास्ते में लगे पौधों को पानी देते हैं। खेतों से लौटती महिलाएं, पौधों में अपने मटके से दो-चार लोटा पानी जरूर डालती हैं। यहां तक कि शादी-ब्याह और धार्मिक आयोजनों में भी पौधे लगाने की परंपरा बन चुकी है। यह मानवीय पहलू इस गांव की सबसे बड़ी ताकत है, जिसने वृक्षों और इंसानों के बीच एक आत्मीय रिश्ता बना दिया है।

# आतंरिक कलह में फंसी भाजपा-राजद

> बिहार विधानसभा चुनाव में उतरी भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) आतंरिक कलह से जूझ रही है। इंडिया गठबंधन की प्रमुख पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की स्थिति भी कमोबेश ऐसी ही है। लालू यादव के परिवार में तो फूट ही पड़ गई है।

बिहार विधानसभा चुनाव में उतरी भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) आतंरिक कलह से जूझ रही है। इंडिया गठबंधन की प्रमुख पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की स्थिति भी कमोबेश ऐसी ही है। पार्टी के मुखिया लालू प्रसाद यादव के परिवार में ही फूट पड़ गई है। इस फूट की वजह बने हैं तेजस्वी यादव के राजनीतिक सलाहकार सांसद संजय यादव। सत्ता बचाने के लिए राजग के नेता दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, तो महागठबंधन भी नीतीश कुमार को गद्दी से हटाने के लिए जीतोड़ मेहनत कर रहा है, हालांकि इन दलों में आतंरिक कलह की वजह से कार्यकर्ता परेशान नजर आ रहे हैं।

243 सदस्यीय विधानसभा में तेजस्वी यादव की पार्टी राजद ने 144 सीटों पर लड़कर 75 पर जीत दर्ज की थी, जबकि 70 सीटों पर लड़कर कांग्रेस सिर्फ 19 सीटें ही जीत पाई थी। सीपीआई-एमएल ने 12 सीटें जीतीं थीं। कांग्रेस के कमजोर प्रदर्शन के कारण राजद सत्ता से दूर रह गया था। कांग्रेस फिर से 70 सीटें चाह रही है, लेकिन तेजस्वी यादव उसे मनाने में लगे हुए हैं। समझा रहे हैं कि सीटों की हिस्सेदारी भले ही कम हो सकती है, लेकिन सरकार बनती है तो मंत्रिमंडल में हिस्सा सम्मानजनक होगा। तेजस्वी यादव अपने कुनबे की रार से कुछ ज्यादा जूझ रहे हैं।



दिग्विजय सिंह
कानपुर

पहले कथित प्रेमिका का नाम सामने आने के बाद न चाहते हुए भी लालू यादव ने तेज प्रताप यादव को घर और पार्टी से बाहर किया। तेज प्रताप ने अब राजद के खिलाफ ही मोर्चा खोल रखा है। दोबारा कभी राजद में न लौटने की कसम खाकर वे अपने उम्मीदवार मैदान में उतारने का एलान कर चुके हैं। इसका नुकसान राजद को हो सकता है। तेजस्वी यादव के सलाहकार संजय यादव की वजह से उनकी बहन रोहिणी आचार्य नाराज हो गईं हैं। पहले रोहिणी ने बाद में उनके समर्थकों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से राजद नेताओं को अनफालो किया। इस रार से भाजपा और उसके सहयोगी जदयू, लोजपा रामविलास के नेता खुश थे, लेकिन अब तो भाजपा व जदयू में ही कलह सबके सामने आ गई है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह नाराज हैं। राजपूत समाज से आने वाले आरके सिंह दो बार के सांसद रहे हैं। पार्टी में लगातार उपेक्षा के कारण अब उन्हें नए विकल्प की तलाश है। आरा में क्षत्रिय समाज के कार्यक्रम में सीधे कह दिया कि भाजपा नेतृत्व राजपूतों की उपेक्षा कर रहा है। अगर वे पार्टी छोड़ते हैं, तो क्षेत्र में भाजपा को बड़ा नुकसान हो सकता है। राजपूत समाज से आने वाले सांसद राजीव प्रताप रूडी भी खफा नजर आ रहे हैं, हालांकि उन्होंने नेतृत्व के खिलाफ तो कुछ नहीं बोला है, लेकिन उनकी नाराजगी का संकेत पार्टी कार्यकर्ताओं और समाज में झलक रहा है। स्थानीय भाजपा नेतृत्व को विश्वास है कि समय रहते पार्टी की अंतरकलह शीर्ष नेतृत्व खत्म कर लेगा। हाल ही में असितनाथ तिवारी ने भी भाजपा छोड़ दी थी। इसे पार्टी के लिए बड़ा झटका माना गया है। असित कांग्रेस से भाजपा में आए थे।

आपसी रार की शिकार जदयू भी है। पार्टी के दो बार के विधायक मुजाहिद आलम, पूर्व विधायक कौशल यादव, पूर्व एमएलसी सलमान रागीव मुन्ना ने भी राजद की सदस्यता ले ली है। अभी कई और बड़े नेता जदयू छोड़ सकते हैं। चुनाव से पहले आपसी कलह से जूझ रहे इन दलों के प्रमुख नेता हर हाल में चुनाव की रणभेरी बजने से पहले सब कुछ शांत कर लेना चाहते हैं, हालांकि यह उनके लिए इतना आसान भी नहीं है। गठबंधन में शामिल छोटे दलों की ओर से भारी-भरकम सीटों की मांग से भी भाजपा, जदयू, राजद जैसे दलों के मुखिया परेशान हैं।

महागठबंधन में कांग्रेस अधिक से अधिक सीटें झटकने को हर हथकंडे अपना रही है, तो विकासशील इंसान पार्टी के मुखिया मुकेश सहनी भी पूरा जोर लगा रहे हैं। पशुपति कुमार पारस के नेतृत्व वाले लोजपा भी एक दर्जन सीटें चाह रही है। अधिक सीटें झटकने के लिए दबाव बनाने के उद्देश्य से ही मुकेश सहनी कई बार बिना नाम लिए बिहार की राजनीति में परिवारवाद की मुखालफत कर चुके हैं। उनके बयानों से तेजस्वी यादव ही असहज होते हैं। 'बिहार में बहार है नीतीशे कुमार हैं' का नारा पिछले चुनावों में भाजपा और जदयू ने मिलकर लगाया था, लेकिन इस बार भाजपा का नारा बदल गया है। भाजपा के पोस्टरों में अब की बार एनडीए सरकार का नारा अंकित है, जबकि जदयू 'क्यूं करें विचार ठीक तो हैं नीतीश कुमार' का नारा लगा रही है। अलग- अलग नारों को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

# पश्चाताप यज्ञ से वाल्मीकि बन गए वंदनीय महापुरुष

सनातन संस्कृति में यज्ञ का बहुत महत्व है, इसीलिए अनेक धार्मिक कार्यक्रमों के अंत में विधिवत यज्ञ किए जाते है। इसमें मंत्र आदि से अग्नि देवता का आह्वान किया जाता है और विविध सामग्रियों से आहुति दी जाती है। आहुति देते समय अंत में 'स्वाहा' शब्द बोला जाता है। 'स्वाहा' अग्नि देवता की पत्नी का नाम है। इसके अलावा 'स्वाहा' में 'स्व और आहा' शब्द का अर्थ है कि खुद को प्रकाश मिले। 'आहा' अह्नि को कहते हैं। अह्नि का अर्थ दिन से है। यानी दिन अपना हो। यज्ञ के देवता साक्षात विष्णु जी हैं। जब कभी कोई यज्ञ करता है, उसकी लौ दक्षिण दिशा की ओर जाती है तो मान्यता है कि यज्ञनारायण प्रसन्न हैं।



सलिल पांडेय
वरिष्ठ पत्रकार

एक दूसरा यज्ञ पश्चाताप का यज्ञ होता है। इस यज्ञ में इंसान यदि जीवन में कोई गलती कर चुका है, तो उसे पश्चाताप यज्ञ करना चाहिए। पश्चाताप-यज्ञ में सबसे पहले जिसके साथ गलतियां हुई हैं, झूठ, फरेब, धोखा दिया गया हो, उससे जाकर की गई गलतियों के लिए क्षमा मांगनी चाहिए। झूठ-फरेब से कोई संपत्ति हासिल कर ली गई हो, तो उसे वापस कर देना चाहिए। सार्वजनिक रूप से गलतियों को बताना चाहिए। भविष्य में उन गलतियों को दोहराना नहीं चाहिए।

मनुष्य जीवन में लोभ-लालच में गलत काम हो जाते हैं, जिस वक्त गलतियों का आभास हो, तत्काल वहीं रुक कर सदाचार के काम में लग जाना चाहिए। कई ऐसे उदाहरण हैं, जिसमें अत्यंत गलत काम में लिप्त महान विभूति बन गए। आदि कवि वाल्मीकि का उदाहरण लें। जब वे डाकू रत्नाकर थे, तो लोगों को मारना-पीटना तथा संपत्ति आदि लूट लिया करते थे, लेकिन नारद ने उनसे पश्चाताप यज्ञ करा दिया और वे वंदनीय महापुरुष बन गए तथा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम को लेकर संस्कृत में रामायण की रचना कर डाली।

अंगुलिमाल भी दुर्दांत स्वभाव का था, लेकिन जब गौतम बुद्ध के संपर्क में आया तो उसके जीवन में अद्भुत बदलाव आ गया। यह सब तो पौराणिक कथाएं है। स्वतंत्रता आंदोलन के प्रणेता महात्मा गांधी का भी उदाहरण है। जीवन में जो गलतियां कीं, उसे अपने पिता को बता दीं तथा भविष्य में उन गलतियों को न दोहराने का कठोर संकल्प लिया।

# अध्यात्म से भटककर भीड़ और आक्रोश का औजार बनता धर्म

धर्म जिस पल भावना की गिरफ्त में आ जाता है, वह अपने आध्यात्मिक और नैतिक उद्देश्य से भटककर पहचान, भीड़ और आक्रोश का औजार बन जाता है। इस्लाम की बुनियादी शिक्षा, जहां व्यक्तिगत ईमान, न्याय, करुणा और आत्म निरीक्षण पर टिकी है, वहीं मुस्लिम समाज का बड़ा हिस्सा पैगंबर साहब की मूल शिक्षाओं से अधिक उन व्याख्याओं में कैद है, जिन्हें खलीफाओं, फुकहा और मध्यकालीन धार्मिक सत्ता संरचनाओं ने गढ़ा है। इसमें विचार से अधिक भावना है, प्रश्न से अधिक श्रद्धा है और आत्मावलोकन से अधिक प्रतिक्रिया।



यही भावनात्मक फंदा बार-बार "I Love Muhammad" या "Labbaik Ya Rasool Allah" जैसे अभियानों में दिखाई देता है। सतह पर यह प्रेम और आस्था की अभिव्यक्ति प्रतीत होते हैं, लेकिन इनके पीछे दो खतरनाक प्रवृत्तियां काम करती हैं– सामूहिक भावनात्मक उन्माद और तर्क-विरोधी पहचान की राजनीति।



उपेंद्र चौधरी
वरिष्ठ पत्रकार

पैगंबर मोहम्मद साहब ने स्वयं को 'बशर' यानी मनुष्य कहा और कुरान को 'तदब्बुर' यानी विचार करने लायक किताब बताया, लेकिन सदियों से मुस्लिम समाज में कुरान या पैगंबर की जगह, उनकी व्याख्या करने वाले सत्ता-प्रतिष्ठानों को महत्व मिलता रहा। परिणाम यह हुआ कि मुसलमानों का बड़ा हिस्सा इस्लाम के मूल नैतिक-संदेश से नहीं, बल्कि उसकी भावनात्मक रक्षा की मुद्रा में पला-बढ़ा। 'पैगंबर का अपमान', 'कुफ्र', 'तौहीन-ए-रिसालत' जैसे शब्द कानूनी नहीं, सामुदायिक हथियार बना दिए गए।

आई लव मोहम्मद जैसे अभियान क्यों समस्या हैं? ऐसे अभियानों की संरचना तीन स्तरीय होती है- पहचान आधारित भावनात्मक लामबंदी, जहां प्रेम की अभिव्यक्ति व्यक्तिगत होनी चाहिए थी, वहां उसे भीड़ की कसौटी पर खड़ा किया जाता रहा है, जो इन नारों में शामिल नहीं होता, वह अपने समुदाय के भीतर ही संदेह का पात्र बन जाता है। तर्क, आलोचना और संवाद को अपराध घोषित करना, मोहम्मद साहब को जानना, पढ़ना या समझना एक बौद्धिक प्रक्रिया होनी चाहिए, लेकिन ऐसे अभियानों में मोहब्बत का अर्थ अंध-समर्थन और आलोचना का अर्थ युद्ध घोषित कर दिया गया है। यह भावना धीरे-धीरे इस धारणा में बदलती है कि 'दुनिया पैगंबर के खिलाफ है, इसलिए हम सबको एकजुट होना है।'

जब कोई समुदाय खुद को धार्मिक अपमान के खिलाफ स्थायी युद्ध की मुद्रा में रखता है, तो वह वैज्ञानिक चेतना, आधुनिक कानून, लोकतांत्रिक असहमति और सहअस्तित्व के सिद्धांतों के विपरीत खड़ा हो जाता है। भावना के सहारे खड़ी की गई धार्मिक प्रतिष्ठा समाज को नागरिकता से भीड़ की ओर धकेल देती है। परेशानी यह है कि भावनात्मक संस्कृति ने आलोचना की जगह प्रतिशोध को स्थापित कर दिया है।

पैगंबर से प्रेम उनके नाम पर नारे लगाने से नहीं, उनका अनुसरण करने से सिद्ध होता है। मोहम्मद साहब ने इल्म, इज्तेहाद (स्वतंत्र व्याख्या) और शूरा (संवाद) पर जोर दिया, मगर मौजूदा धार्मिक आग्रह इन्हीं तीनों के विरुद्ध है। "I Love Muhammad" जैसी अपील दरअसल इस बात की स्वीकृति बन जाती है कि आप सोचें नहीं, बस नारे में शामिल हो जाएं।

यदि मोहम्मद साहब से प्रेम विचार, न्याय, बराबरी, ज्ञान, आत्मालोचना और मानवता की रोशनी में नहीं है, तो क्या वह प्रेम है या सांस्कृतिक भय? क्या मोहम्मद साहब को प्रेम करने का अर्थ यह होना चाहिए कि उन्हें पढ़ा न जाए, बस पूजा जाए? 'I Love Muhammad' जैसी मुहिमें यदि भावनात्मक सुरक्षा से अधिक वैचारिक स्वतंत्रता को कुचलती हैं, तो वे मोहम्मद साहब की नहीं, उन्हीं धार्मिक सत्ता संरचनाओं की सेवा करती हैं, जिन्होंने इस्लाम को विचार के बजाय खतरनाक भावना में कैद कर दिया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# छोटे से गांव से निकली 'अनंत' प्रतिभा

## 'अजेय-द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ़ अ योगी' में अनंत विजय जोशी ने शानदार किरदार निभाया

उत्तराखंड के हल्द्वानी निवासी अनंत विजय जोशी इन दिनों सुर्खियों में हैं। वजह है उनकी नई फ़िल्म ''अजेय-द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ़ अ योगी'' है, जिसमें उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भूमिका निभाई है। यह फ़िल्म 19 सितम्बर को देशभर में रिलीज़ हो चुकी है और दर्शकों से बेहतरीन प्रतिक्रिया पा रही है।



### अल्मोड़ा से मुंबई तक का सफर

- मूल रूप से अल्मोड़ा ज़िले के हवालबाग विकासखंड के स्यूरा गांव से ताल्लुक रखने वाले अनंत का बचपन साधारण रहा लेकिन सपने हमेशा बड़े रहे। उनके पिता गोपाल दत्त जोशी, जो हजरतपुर (फ़िरोज़ाबाद) की ऑर्डिनेंस फ़ैक्ट्री में नौकरी करते थे और उनकी माता मधु जोशी, बेटे की इस सफलता पर गर्व से भर जाते हैं। पिता जोशी बताते हैं कि अनंत का जन्म आगरा में हुआ। अनंत बचपन से ही अपने स्कूल के कार्यक्रमों में छा जाते थे। मंच पर आते ही जैसे कोई और ही किरदार बन जाता था। इंटर तक की पढ़ाई फ़िरोज़ाबाद में पूरी करने के बाद अनंत ने आम्रपाली यूनिवर्सिटी, हल्द्वानी से स्नातक किया। पढ़ाई के दौरान ही उन्हें अभिनय का अवसर मिला और लाइफ़ ओके चैनल के शो 'ज़िंदगी अभी बाक़ी है मेरे घोस्ट' से उनकी पहचान शुरू हुई। इसके बाद उन्होंने कभी मुड़कर नहीं देखा।

### टीवी और ओटीटी की दुनिया में पहचान

- अनंत ने स्टार प्लस के लोकप्रिय शो 'क्या कसूर है अमला का', सोनी टीवी का चर्चित सीरियल 'पवित्र रिश्ता' और 'तारा फ़्रॉम सतारा' जैसे धारावाहिकों में अभिनय किया। वहीं, ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म्स पर उन्होंने 'गंदी बात', 'वर्जिन भास्कर', 'पौरुषपुर' जैसी वेब सीरीज़ में अपनी अलग छाप छोड़ी। नेटफ़्लिक्स की फ़िल्म 'कटहल' और सीरीज़ 'कोबाल्ट ब्लू', 'ये काली काली आंखें', 'मामला लीगल है' ने उनके करियर को और मज़बूती दी।



- **लगातार नई ऊंचाइयों की ओर :** अनंत ने बहुचर्चित फ़िल्म '12वीं फेल' में दमदार रोल निभाया था। उनका किरदार इस फ़िल्म के मुख्य अभिनेता के दोस्त प्रीतम पांडे के रूप में रहा था। अब 'अजेय' फ़िल्म के बाद दर्शक अनंत को और नई फ़िल्मों में देखने वाले हैं। 31 अक्टूबर को उनकी अगली फ़िल्म 'वन टू चा चा चा' रिलीज़ होने जा रही है। इसके अलावा वह मशहूर अदाकारा नीना गुप्ता के साथ फ़िल्म 'अमीरी' में नज़र आएंगे। उनकी एक और हिंदी फ़िल्म 'द बर्ड' की शूटिंग भी पूरी हो चुकी है। इस समय अनंत एक नई फ़िल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं, लेकिन उनकी नज़रें हमेशा आगे की मंज़िल पर टिकी रहती हैं।
- **परिवार और पहाड़ का गर्व :** हल्द्वानी की हर्ष कॉलोनी, फ़तेहपुर में रह रहे अनंत का परिवार आज गर्व से भर उठा है। पिता कहते हैं– ''यह हमारे लिए ही नहीं, पूरे पहाड़ के लिए गर्व की बात है कि हमारे बेटे ने इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल की है।'' अनंत की यात्रा इस बात का सबूत है कि छोटे गांव की पगडंडियों से भी बड़े सपनों की उड़ान भरी जा सकती है। आज वह केवल अपने परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तराखंड के युवाओं के लिए प्रेरणा बन चुके हैं।

# सिनेमैटोग्राफी में कॅरियर संवार मालामाल हो सकता यंगिस्तान

यूं तो पहाड़ के लोगों ने हर फील्ड में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर अच्छा नाम कमाया, लेकिन एक ऐसी भी दुनिया रही, जिसमें तकनीकी तौर पर उनकी भूमिका शून्य थी। चकाचौंध भरी इस फिल्मी दुनिया में रंगमंच और अभिनय के क्षेत्र में कई नामी चेहरे उभरे, लेकिन संभवतः पहाड़ से पहली बार सिनेमैटोग्राफी को अपना कॅरियर बनाने की ठानने वाले नैनीताल के राजेश साह का नाम आज की तारीख में माया नगरी में स्थापित हो चुका है। राजेश साह बताते हैं कि आज अभिभावक अपने बच्चों को इंजीनियर, डॉक्टर या फिर अफसर बनाना चाहते हैं, लेकिन इस फील्ड की ओर किसी का ज्यादा ध्यान नहीं है।

वे युवाओं से कहते हैं कि अगर आपके भीतर टैलेंट के साथ क्रिएटिविटी है तो इस ओर भी कदम बढ़ाना चाहिए, क्योंकि इस फील्ड में पैसा इतना है कि संभालना मुश्किल हो जाए। घंटों के हिसाब से पेमेंट होता है। बताते हैं कि सिनेमैटोग्राफी एक कला और तकनीक का संगम है, जो किसी फिल्म, धारावाहिक या वीडियो के दृश्यात्मक प्रस्तुतिकरण को दर्शाता है। यह कैमरे के माध्यम से कहानी कहने की प्रक्रिया है, जिसमें प्रकाश, फ्रेमिंग, मूवमेंट, एंगल, रंग और कैमरा सेटिंग्स का समुचित उपयोग किया जाता है। सिनेमैटोग्राफर, जिसे डायरेक्टर ऑफ फोटोग्राफी (डीओपी) भी कहा जाता है, निर्देशक के साथ मिलकर यह तय करता है कि हर दृश्य को कैसे शूट किया जाएगा ताकि दर्शकों पर गहरा प्रभाव पड़े। सिनेमैटोग्राफी का उद्देश्य केवल सुंदर चित्र बनाना नहीं, बल्कि भावनाओं और कथानक को प्रभावी रूप से व्यक्त करना भी होता है।

राजेश बताते हैं कि आधुनिक सिनेमैटोग्राफी में ड्रोन, स्टेडीकैम, क्रेन और डिजिटल कैमरों का प्रयोग बढ़ गया है, जिससे दृश्य और भी जीवंत और गतिशील हो गए हैं। उनके हिसाब से सिनेमैटोग्राफी फिल्म निर्माण की आत्मा है, जो दृश्य माध्यम को कला का रूप देती है और दर्शकों को एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करती है। वे युवाओं के लिए कहते हैं कि अगर आपके अंदर कुछ अलग करने का जज्बा और लगन है तो इस फील्ड में भविष्य उज्जवल है।



शूटिंग के दौरान सिनेमैटोग्राफर राजेश साह।



फिल्म थ्री इडियट की टीम के साथ राजेश साह (कैमरे के बगल में)।

### संघर्ष के बाद मिली सफलता

- राजेश ने नैनीताल के सेंट जोजफ कॉलेज से पढ़ाई कर लखनऊ यूनिवर्सिटी से एमबीए किया। एफटीआई पुणे से तीन वर्ष का कोर्स कर फिल्म इंडस्ट्री मुंबई पहुंचे तो शुरुआत में काफी संघर्ष करना पड़ा। आखिरकार उन्हें साल 1993 में संजय दत्त की खलनायक फिल्म में अशोक मेहता के साथ काम करने का मौका मिला। यह उनकी पहली फिल्म थी। इसके बाद उन्होंने थ्री इडियट, बरसात, लगे रहो मुन्ना भाई, एक हसीना थी, जानी गद्दार, 1942 ए लव स्टोरी, छू लेंगे आकाश, कभी पास कभी फेल, राजू बन गया जेंटलमैन, इस रात की सुबह नहीं जैसी तमाम सुपरहिट फिल्मों में काम किया।

### यहां से कर सकते हैं कोर्स

- सिनेमैटोग्राफर राजेश साह के अनुसार आप भारत में फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई), व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल (डब्ल्यूडब्ल्यूआई), सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट (एसआरएफटीआई) जैसे संस्थानों से सिनेमैटोग्राफी के कोर्स कर सकते हैं। इसके अलावा आफ्ट, एनआईडी जैसे अन्य शीर्ष संस्थान भी हैं।

लेखक : हरीश उप्रेती करन

## गरबा सीखने के लिए खूब मेहनत करती हैं आशी

सोनी सब के शो 'उफ्फये लव है मुश्किल' में काम कर रही आशी सिंह का कहना है कि गरबा उन्हें बहुत आकर्षित करता है और वह इसे सीखने के लिए खूब मेहनत करती हैं। सोनी सब के 'उफ्फ ये लव है मुश्किल' में आशी सिंह, कैरी शर्मा का किरदार निभा रही हैं। कैरी एक जीवंत, संवेदनशील और सहज युवती है, जिसकी यात्रा प्यार की जटिलताओं को दर्शाते हुए रोजमर्रा की जिंदगी की मासूमियत और खूबसूरती को सामने लाती है। आशी अपनी बारीक अदाकारी से कैरी के किरदार को जीवंत बना देती हैं, जिससे दर्शक तुरंत उससे जुड़ जाते हैं। नवरात्रि के माहौल में डूबी हुई पूरी देशभर की रौनक के बीच, आशी सिंह ने इस त्योहार के महत्व और अपने अनोखे जुड़ाव के बारे में बात की। उनके लिए नवरात्रि का उत्सव उनकी जड़ों और रंगीन परंपराओं का खूबसूरत संगम है। आशी सिंह ने कहा, 'मैं उत्तर भारत से हूं और वहां नवरात्रि का मतलब हमेशा माता का जागरण, पूजा और सारे रीति-रिवाज होते थे, लेकिन मुझे हमेशा गरबा और डांडिया ने आकर्षित किया। जब मैं मुंबई आई, तो मैंने गरबा सीखने की खूब कोशिश की। आज भी सीख रही हूं, क्योंकि ये साल में सिर्फ नौ दिन आता है, इसलिए आसान नहीं है। मुंबई का नवरात्रि वाला माहौल गजब होता है, जब आप देखते हो कि सब लोग वही रंग पहने होते हैं, जो आप पहने हो, नौ दिनों के लिए नौ रंगों का पालन करते हैं। मुझे ये कॉन्सेप्ट बहुत अच्छा लगता है। आज भी मैं वो पूजा और व्रत करती हूं, जिनके साथ मैं बड़ी हुई हूं। शाम को मैं अपने परिवार के साथ, कभी-कभी दोस्तों के साथ, गरबा ग्राउंड्स जाती हूं - कभी गरबा खेलने, तो कभी सिर्फ दूसरों को आनंद लेते देखने। वहां का माहौल सचमुच बेहद खुशहाल और रंगीन होता है।'



## फिल्म समीक्षा

### जीवन जीने का सबक देती 'हृदयपूर्वम'

हाल ही में मोहनलाल सर की हृदयपूर्वम फिल्म हिंदी डब में जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई है। मोहनलाल के साथ, मालविका मोहनन और संगीत प्रताप मुख्य भूमिकाओं में हैं। सत्यन अंतिकाड ने फिल्म का निर्देशन किया है। यह एक हल्की–फुल्की कॉमेडी फिल्म है और फिल्म में अच्छे भावनात्मक दृश्य हैं। ये हमें भावुक कर देते हैं। अकेलेपन की समस्याओं को भी बखूबी दर्शाया गया है। हर किसी को जीवन में दूसरों को प्यार और स्नेह देने का काम करना चाहिए, क्योंकि जीवन एक बार ही मिलता है। फिल्म में कथा इस प्रकार है कि संदीप (मोहनलाल) एक सफल व्यवसायी हैं। वह कोच्चि में एक क्लाउड किचन चलाते हैं। हाल ही में उनकी हृदय शल्य चिकित्सा हुई है और पुणे के एक कर्नल का हृदय उनमें प्रत्यारोपित किया गया है। जेरी (संगीत प्रताप) नाम का एक पुरुष नर्स संदीप की देखभाल के लिए अस्पताल से आता है। एक दिन कर्नल की बेटी हरिता (मालविका) उनसे मिलने पुणे से कोच्चि आती है और उन्हें अपनी सगाई में आमंत्रित करती है। हरिता के सगाई के लिए संदीप पुणे जाते है, तो उनके जीवन में जो कुछ बदलाव आते हैं, वही कहानी का बाकी हिस्सा है। संगीत प्रताप और मोहनलाल के बीच कॉमेडी सीन बहुत अच्छे हैं, दोनों की बॉन्डिंग बहुत अच्छी तरह से दिखाई गई है। संगीत सुनने लायक है, खासकर हिंदी डब गाने बहुत अच्छे से चुने गए हैं, गाने सुनने लायक हैं। मोहनलाल, संगीत प्रताप, कर्नल की पत्नी और मालविका, सभी ने खूबसूरत और अद्भुत काम किया है। यह फिल्म हमें हंसाती है, भावुक करती है, जीवन की समस्याओं को भी प्रस्तुत करती है और जीवन किस प्रकार जीने का सबक भी देती है।

### स्वतंत्र स्त्री और सामाजिक न्याय के लिए लड़ती हुई वकील की कहानी- द ट्रायल

अपने जज पति पर यौनाचार के आरोपों और फिर उनके सिद्ध होने पर सजा हो जाने के बाद एक दस वर्ष की विवाहिता अपनी दो बच्चियों के साथ जीवन की फिर से शुरुआत करती है। एक लॉ फर्म में नौकरी से। वह और क्या करती, क्योंकि उसकी योग्यता एक अच्छे वकील की ही थी, विवाह से पहले। यह सीजन–1 की संक्षिप्त कहानी है। द ट्रायल, अमेरिकन कोर्ट ड्रामा सीरीज "द गुड वाइफ" पर आधारित है, जो एक सफल सीरीज थी। हिंदी सीरीज में लीड रोल यानी वाइफ के रोल में हैं, काजोल। हिंदी संस्करण में कहानी में राजनीति, कानून, प्रेम संबंधों, ऑफिस की कारगुजारियां और मानव मन की कुंठाएं, चालाकी, पारिवारिक मजबूरियां, बच्चों पर इन सबके प्रभावों को बड़ी चतुराई से शामिल किया गया है। अमेरिकन सीरीज को देखे हुए इतना अरसा हो गया है कि मैं बड़ी सुविधा से उसे भूला हुआ कह सकता हूं, इसलिए कोई तुलना नहीं कर सकता, लेकिन सीजन –2 में विशेषत : काजोल ने कहानी की कमान अपने हाथ में ली है और अच्छा अभिनय किया है, परंतु कुछ दूसरे कलाकार भी अदाकारी में पीछे नहीं है। जैसे– जज पति (जिस्सू सेनगुप्ता), लॉ फर्म की पार्टनर (शीबा चड्ढा), दूसरा पार्टनर (अली खान), महिला साथी मित्र (कुबरा सईद)। विशेष रोल में असरानी, गौरव पांडे (दोनों वकील) और नेता के रोल में सोनाली कुलकर्णी भी अच्छे लगे हैं। फर्म में पार्टनर्स में मनभेद होने से लेकर काजोल के युवावस्था में मित्र रहे अली खान से मधुर संबंधों और अपने पति के साथ प्रेम, घृणा, समझौता और विद्रोह को काजोल ने अच्छी तरह से दिखाया है। विवाहित जीवन में परस्पर विश्वास के टूटने पर पूरे परिवार पर उसका प्रभाव होता है। भारतीय परिवेश में पत्नियां बहुधा उसे भूलकर आगे बढ़ती हैं, परंतु इस कहानी में यह बहुत ही कॉम्प्लिकेटेड होता जाता है। निर्णयों से आप सहमत हो यह जरूरी नहीं। द ट्रायल सिर्फ एक वकील की कहानी नहीं है , एक पत्नी, मां , स्वतंत्र स्त्री और सामाजिक न्याय के लिए लड़ती हुई वकील की कहानी है। परंतु लॉ फर्म में कानूनी मामलों की खोजबीन, कोर्टरूम ड्रामा और राजनीतिक चालबाजियां भी कहानी का महत्वपूर्ण हिस्सा है और वे सब इसे घटनापूर्ण और गतिमान बनाती है। पटकथा, कैमरा वर्क, पार्श्व संगीत और गति की दृष्टि से सीरीज अच्छी बन पड़ी है, लेकिन सबसे मुख्य है, मुख्य चरित्रों की परफॉर्मेंसेस। इन सबके लिए देखिए, द ट्रायल।

# 2025 को बेहद खुशनसीब साल मानते हैं अभिनेता आदर्श गौरव

अभिनेता आदर्श गौरव 2025 को अपने लिए बेहद खुशनसीब साल मानते हैं। तेजी से उभरते सितारे आदर्श गौरव, जो अपने अलग-अलग किरदारों और बेखौफ रोल चुनने के लिए जाने जाते हैं, 2025 को अपने करियर का सबसे खास साल बनाने जा रहे हैं। उन्होंने जोया अख्तर और रीमा कागती की सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव से भारतीय दर्शकों का दिल जीता और रिडली स्कॉट की अंतर्राष्ट्रीय साइ-फाई सीरीज एलियनः अर्थ से ग्लोबल पहचान पाई। इसके अलावा आदर्श ने हाल ही में अपनी पहली तेलुगु फिल्म, एक मनोवैज्ञानिक ड्रामा की शूटिंग भी पूरी कर ली है। फिलहाल वह आनंद एल. राय की बहुप्रतीक्षित क्रिएचर ड्रामा तू या मैं की शूटिंग कर रहे हैं, जिसमें उनके साथ शनाया कपूर नजर आएंगी। इस खास साल को लेकर आदर्श ने अपने दिल की बातें साझा की,"2025 मेरे लिए एक अहम मोड़ जैसा है, बतौर अभिनेता और बतौर कहानीकार दोनों रूपों में। सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव मेरे लिए बहुत ही व्यक्तिगत और भावनात्मक अनुभव था। रीमा के निर्देशन में और जोया के प्रोडक्शन में छोटे शहर के सपनों को सेलिब्रेट करने वाली यह कहानी मुझे फिर याद दिलाती है कि मैंने सिनेमा से पहली बार क्यों प्यार किया था। दूसरी तरफ, एलियनः अर्थ मेरे लिए बिल्कुल अलग अनुभव था - इसका पैमाना, इसका सपना और रिडली स्कॉट जैसे दिग्गज के साथ और एक बेहतरीन इंटरनेशनल कास्ट के साथ काम करने का मौका अविश्वसनीय था। एक ही साल में इतने बड़े प्रोजेक्ट पूरे करना मेरे लिए बहुत संतोषजनक रहा है।' आदर्श ने कहा, 'मैंने हाल ही में अपनी पहली तेलुगु फिल्म की शूटिंग पूरी की है, जो मेरी मातृभाषा है। यह मेरे लिए एक नया अनुभव और नए दर्शकों से जुड़ने का एक शानदार मौका रहा। इसके साथ ही अभी मैं आनंद एल. राय की तू या मैं की शूटिंग कर रहा हूं, जो एक और सपना पूरा होने जैसा है। आनंद सर की कहानियां हमेशा दिल और भव्यता का अनोखा मेल होती हैं और एक ऐसी फिल्म का हिस्सा बनना जो जॉनर की सीमाओं को तोड़ती है, मेरे लिए बेहद रोमांचक है। मैं उन सभी फिल्ममेकर्स का शुक्रगुजार हूं,जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और उन दर्शकों का भी, जिन्होंने भारत और विदेश दोनों जगह मुझे लगातार प्यार और हौसला दिया। इतने अलग-अलग जॉनर, भाषाओं और पैमानों पर काम करने का मौका मुझे याद दिलाता है कि जब तक मैं अपने काम के प्रति ईमानदार हूं, संभावनाएं अनंत हैं।' तीन बड़े प्रोजेक्ट्स के साथ, जो अलग-अलग भाषाओं, जॉनर और इंडस्ट्रीज़ से जुड़े हैं। आदर्श गौरव ने खुद को इस पीढ़ी के सबसे बहुमुखी और होनहार अभिनेताओं में मजबूती से स्थापित कर लिया है। 2025 की उनकी यात्रा यह साबित करती है कि भारतीय अभिनेता अब सीमाओं को पार कर सचमुच ग्लोबल परफॉर्मर बनने की परिभाषा गढ़ रहे हैं।



# रील्स में खो रही प्रतिभा, थियेटर देता असली पहचान


अभिषेक वर्मा

- शहर के युवा लेखक एवं निर्माता नमन मेहरा का इंटरव्यू
- शार्ट फिल्म 'धुंधली यादें' ने झटके 8 अवार्ड

किसी भी चीज के दो पहलू होते हैं, एक अच्छा और एक बुरा। सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग ने जहां युवाओं को कम समय में बड़ा नाम दिया तो इसकी वजह से असली प्रतिभा खो सी गई। अभिनय में रुचि रखने वाले ऐसे युवा रील्स तक सिमट गए, जबकि उनको असली पहचान थियेटर ही दे सकता है। इसलिए कलाकारों को रील्स की दुनिया से निकलना जरूरी है। यह कहना है शहर के युवा लेखक व निर्माता नमन मेहरा का। हाल में नमन मेहरा की शार्ट फिल्म 'धुंधली यादें' को देश के अलग-अलग हिस्सों में होने वाले फिल्म फेस्टिवल में अलग-अलग कैटेगरी में 8 अवार्ड मिले हैं। इसके साथ कुल 22 फिल्म फेस्टिवल में शॉर्ट फिल्म ने जगह बनाई।

शहर के फजलगंज के रहने वाले नमन मेहरा द्वारा बनाई गई शार्ट फिल्म बीते 5 सितंबर को यूट्यूब प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई। नमन मेहरा ने बताया कि फिल्म 9 मिनट 28 सेकेंड की है, जो अल्जाइमर डिनेशियल्स यानी भूलने की बीमारी पर आधारित है। शॉर्ट फिल्म में बुढ़ापे में होने वाली समस्या और उसके उपायों को बताया गया है।







### बांद्रा फिल्म फेस्टिवल में 'धुंधली यादें' को मिला बेस्ट शॉर्ट फिल्म का अवार्ड

- नमन मेहरा ने बताया कि बांद्रा फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट शॉर्ट फिल्म का अवार्ड मिला है। इसके साथ ही धनबाद इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल–2025 में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक, सर्वश्रेष्ठ निर्माता, सर्वश्रेष्ठ कहानी, सर्वश्रेष्ठ पटकथा और सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म का अवार्ड मिला। साथ ही फ्रेन्ज़ी फिल्म महोत्सव कोलकाता में सर्वश्रेष्ठ कहानी (आलोचक पुरस्कार) मिला है। इसके साथ ही 7 सिस्टर्स नॉर्थ ईस्ट इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, 2025 और थाईलैंड गदुरा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव–2025 अंतर्राष्ट्रीय टैगोर फिल्म पुरस्कार में भी फिल्म को पुरस्कार मिल चुका है।

### अब वेब सीरीज पर चल रहा काम

- शहर के डीपीएस आजाद नगर से स्कूलिंग पूरी करने वाले 32 वर्षीय नमन मेहरा ने बताया कि पिता के दोस्त अश्वनी धीर सर हैं, जिन्होंने प्रसिद्ध धारावाहिक लापतागंज बनाया। उनकी प्रेरणा से ही राइटर और निर्माता बनने का बल मिला है। 'बाला' फिल्म में कास्टिंग असिस्टेंट से शुरुआत की। इसके बाइ कई प्रोजेक्ट के साथ जुड़े और बारीकियां सीखीं। उन्होंने बताया कि सबसे पहले शार्ट फिल्म 'यह सवाल ही क्यों बनाया' यूट्यूब पर रिलीज हुई थी, लेकिन उसे ज्यादा फेम नहीं मिला। इसके बाद जिया अहमद खान, त्रिशिखा त्रिपाठी और अक्षत शुक्ला के साथ मिलकर 'धुंधली यादें' शॉर्ट फिल्म बनाई, जिसे लोगों ने सराहा है। उन्होंने का कि अब वेब सीरीज बनाने पर काम कर रहा हूं।

नमन ने कहा कि बूढ़ा और बच्चा एक समान होता है। जब आपका बच्चा कोई बात भूलता है तो क्या आप उसको डांटते या मारते होनहीं तो फिर लोग बुढ़ापे में अपने माता-पिता व बुजुर्गों के साथ यह व्यवहार कैसे कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि फिल्म आधारित कहानी को देश के अलग-अलग हिस्सों में होने वाले फिल्म फेस्टिवल में भी दिखाया गया, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया है।

## एचडीएफसी की दुबई शाखा को नए ग्राहक जोड़ने से रोका

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक की दुबई अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय केंद्र (डीआईएफसी) शाखा को स्थानीय नियामक ने नए ग्राहक जोड़ने से रोक दिया है। भारत के निजी क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक ने कहा कि उसने दुबई वित्तीय सेवा प्राधिकरण (डीएफएसए) के नोटिस का अनुपालन करने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं। इस फैसले का उस पर वित्तीय असर नहीं होगा। बैंक के खिलाफ कार्रवाई के लिए कथित उल्लंघनों के बारे में जानकारी नहीं मिल सकी।

### बिजनेस ब्रीफ

#### मुंबई आए 50 लाख अंतर्राष्ट्रीय यात्री

**नई दिल्ली।** मुंबई में स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर इस साल जनवरी से अगस्त के दौरान 50 लाख से अधिक अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों का आगमन हुआ। इनमें मुख्य रूप से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ब्रिटेन और थाईलैंड के यात्री शामिल हैं। निजी हवाई अड्डा संचालक मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल) ने यह जानकारी दी। एमआईएएल ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में हवाई अड्डे पर अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के आगमन में सालाना आधार पर 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह दर वैश्विक यात्रा मानचित्र पर मुंबई के बढ़ते महत्व को दर्शाती है और विश्व पर्यटन दिवस की भावना को भी उजागर करती है। हर साल 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस के रूप में मनाया जाता है।

#### अंडमान में ऑयल इंडिया ने खोजा प्राकृतिक गैस

**नई दिल्ली।** ऑयल इंडिया लि. (ओआईएल) ने अंडमान द्वीप समूह के पास प्राकृतिक गैस भंडार की खोज की है। सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी ने खोज के आकार के बारे में जानकारी नहीं दी। ओआईएल ने कहा कि अपतटीय अंडमान ब्लॉक एएन-ओएसएचपी-2018/1 में खोदे गए दूसरे अन्वेषण कुएं विजयपुरम-2 में प्राकृतिक गैस की उपस्थिति की सूचना मिली है।शुरुआती जांच के दौरान, जब कुएं से गैस रुक-रुक कर बाहर निकल रही थी, तो उसके नमूनों की जांच की गई। इस जांच से यह पुष्टि हो गई है कि वहां प्राकृतिक गैस मौजूद है।

#### इंफो एज सबसे सफल उद्यम निवेशक घोषित

**नई दिल्ली।** नौकरी डॉट कॉम की मूल कंपनी इंफो एज को देश का सबसे सफल उद्यम निवेशक घोषित किया गया है। कंपनी ने भारतीय स्टार्टअप पर दीर्घकालिक दांव लगाकर शानदार प्रतिफल हासिल किया है, जिसमें जोमैटो से लेकर पॉलिसीबाजार तक शामिल हैं। संजीव बिखचंदानी - जिन्हें अक्सर भारत का वॉरेन बफेट कहा जाता है, की इस फर्म ने पिछले डेढ़ दशकों में विभिन्न मंचों पर कुल 3,959.16 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश किया है।

# आर्थिक तरक्की की मिसाल बन गया यूपी

## ट्रांसफॉर्मिंग फाइनेंशियल लैंडस्केप इन यूपी सत्र में बोले पदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना




- कहा-कानून-व्यवस्था सख्त हुई तो, हुआ करोड़ों का निवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार।** 2017 से पहले जो यूपी पिछड़ा था, आज आर्थिक तरक्की की मिसाल बन चुका है। सुरक्षा और सुशासन से चौतरफा तरक्की हो रही है। 15 लाख करोड़ से अधिक का निवेश धरातल पर उतारा जा चुका है। यह बातें शनिवार को प्रदेश के वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आयोजित 'ट्रांसफॉर्मिंग फाइनेंशियल लैंडस्केप इन यूपी' में कहीं।

खन्ना ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश के उद्यमियों के लिए एक बेहतरीन प्लेटफार्म है। यह आयोजन किस कदर सफल है, इसका अंदाजा यहां बढ़ रही निवेशकों और उद्यमियों की संख्या से लगाया जा सकता है। कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिना थके, बिना रुके यूपी के विकास के लिए सतत काम कर रहे हैं। 2017 से पहले यूपी की स्थिति बेहद खराब थी, लेकिन आज पूरी दुनिया में लोग यूपी को बेहतर कानून व्यवस्था और आर्थिक तरक्की के लिए जानते हैं। विदेशी दौरों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वहां भी लोग कहते हैं कि योगी जैसा नेता चाहिए।



यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के कार्यक्रम को संबोधित करते वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना।

### जीएसटी रिफॉर्म से आम जनता को बड़ा लाभ

सुरेश खन्ना ने कहा कि जीएसटी में राहत से आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। यूपी का एक्सपोर्ट 2014 से पहले 84,000 करोड़ रुपये का था, जो आज बढ़कर 1,76,000 करोड़ रुपये से अधिक का हो गया है। यूपी की अर्थव्यवस्था में जबरदस्त उछाल आया है। हमने अपने बजट में 133 प्रतिशत की वृद्धि की है और वर्ष 2024-25 में 59,000 करोड़ रुपये के राजस्व सरप्लस स्टेट बने हैं। हमारी आय हमारे खर्च से कहीं ज्यादा है और इस मामले में यूपी देश में सबसे आगे हैं।

### एमएसएमई सबसे बड़ा रोजगार देने वाला सेक्टर : राकेश सचान

एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि प्रदेश का बजट इस बार अब तक का सबसे बड़ा रहा और सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी लगातार आर्थिक तरक्की कर रहा है। देश की जीडीपी में योगदान के मामले में यूपी का स्थान अब दूसरे नंबर पर है। सचान ने कहा कि कृषि के बाद एमएसएमई सबसे बड़ा सेक्टर है जो रोजगार देता है। जीएसटी सुधारों के बाद इस सेक्टर में और अधिक तरक्की के द्वार खुल गए हैं। सचान ने कहा कि एमएसएमई उद्यमियों की यह भी मांग है कि जिस तरह किसानों को ऋण के लिए क्रेडिट कार्ड दिया जाता है, उसी तर्ज पर एमएसएमई के लिए भी एक अलग क्रेडिट कार्ड जारी किया जाए। कार्यक्रम को वित्त विभाग के विशेष सचिव समीर वर्मा, बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य महाप्रबंधक इंदर मोहन सिंह समेत कई अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया।

# स्वदेशी दूरसंचार प्रौद्योगिकी विकसित करने वाला भारत दुनिया का पांचवां देश

मुंबई, एजेंसी



- टीसीएस, सी-डॉट, तेजस नेटवर्क्स ने खड़ा किया एकीकृत 4जी नेटवर्क स्टैक

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) और तेजस नेटवर्क्स लिमिटेड के साथ मिल कर भारत टेलीकॉम स्टैक नाम से 4जी मोबाइल दूरसंचार नेटवर्क प्रौद्योगिकी का अनावरण किया जो पूरी तरह से भारत में डिज़ाइन और विकसित एक आधुनिक, सुरक्षित समाधान है। टाटा कंसल्टेसी ने कहा कि इस शुभारंभ के साथ, भारत दुनिया का पाँचवाँ देश बन गया है जो 4जी और उससे आगे के लिए एक आत्मनिर्भर, स्वदेशी दूरसंचार प्रौद्योगिकी स्टैक विकसित किया है।

टीसीएस ने कहा है कि उसने युद्धस्तर पर काम कर के डेटा सेंटर स्थापित किया। कंपनी ने सी-डॉट के ईपीसी कोर एप्लिकेशन, तेजस के बेस स्टेशन और 1,00,000 से अधिक साइटों पर रेडियो इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित और चालू करके और सातों दिन चौबीसो घंटे नेटवर्क प्रबंधन के लिए अपने कॉग्निटिव नेटवर्क परिचालन प्लेटफार्म-टीसीएस सीएनओपीएसटीएम का उपयोग कर इस सफलता में अग्रणी भूमिका निभायी है। कंपनी ने कहा है कि इस परियोजना का संचालन टीसीएस, बीएसएनएल, दूरसंचार विभाग, सक्रिय मैकिन्से एंड कंपनी, सी-डॉट, तेजस, आई एंड सी पार्टनर्स आदि द्वारा 'मिशन-मोड' में किया जा रहा है। यह काम दो वर्ष के भीतर पूरा हुआ। यह बीएसएनएल के मौजूदा 2जी/3जी नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ पूर्ण एकीकरण के साथ सबसे तेज़ 4जी नेटवर्क परिनियोजनों में से एक बन गया है। टीसीएस में दूरसंचार रणनीतिक पहल के सलाहकार व तेजस नेटवर्क्स के अध्यक्ष एन गणपति सुब्रमण्यम ने कहा कि हमें गर्व है कि हमने भारत को उन गिने-चुने देशों की सूची में शामिल कर दिया है। 3जीपीपी मानकों के अनुपालन में निर्मित यह स्टैक मानकों में भारत के आगे के योगदान की नींव रखता है।

### ग्राहक कनेक्टिविटी के नए मानक का करेंगे अनुभव

बीएसएनएल के सीएमडी ए रॉबर्ट जे रवि ने कहा कि आज हम राष्ट्रीय गौरव की ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मना रहे हैं। टीसीएस, तेजस नेटवर्क्स और सी-डॉट के सहयोग से निर्मित हमारे स्वदेशी 4जी नेटवर्क का राष्ट्रव्यापी प्रसार, आत्मनिर्भर भारत की एक शानदार घोषणा है। टीम बीएसएनएल के अथक समर्पण से जीवंत यह 'मेड इन भारत' स्टैक हमारे डिजिटल भविष्य को सुरक्षित करता है और यह सुनिश्चित करता है कि कनेक्टिविटी के फल प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाएँ, और डिजिटल विभाजन को पहले से कहीं अधिक कम करें। बीएसएनएल के निदेशक (उपभोक्ता गतिशीलता - सीएम) संदीप गोविल ने कहा कि हमारे ग्राहक अब कनेक्टिविटी के एक नए मानक का अनुभव करेंगे, जो एक ऐसे नेटवर्क द्वारा संचालित होगा जो वास्तव में हमारा अपना है। यह एक डिजिटल रूप से समावेशी समाज के निर्माण की आधारशिला है, जो 5जी और उससे आगे बढ़ने के लिए तैयार है, यह सुनिश्चित करते हुए कि भारत की विकास गाथा संप्रभु, स्वदेशी तकनीक द्वारा संचालित हो।

# अमेरिकी शुल्क भारतीय वृद्धि के लिए जोखिम: क्रिसिल

कोलकाता, एजेंसी

- इंटेलिजेंस ने कहा- कम मुद्रास्फीति व ब्याज दरों में कटौती से वृद्धि की उम्मीद

क्रिसिल इंटेलिजेंस ने अपनी सितंबर की रिपोर्ट में कहा कि भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के उच्च शुल्क लगाने से देश की वृद्धि के लिए एक बड़ा जोखिम पैदा हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि शुल्क भारतीय वस्तुओं के निर्यात और निवेश दोनों को प्रभावित करेंगे। हालांकि, क्रिसिल इंटेलिजेंस ने यह भी कहा कि कम मुद्रास्फीति और ब्याज दरों में कटौती से प्रेरित घरेलू खपत से वृद्धि को समर्थन मिलने की उम्मीद है। देश की जीडीपी वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गई, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 7.4 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति के चालू वित्त वर्ष में पिछले वर्ष के 4.6 प्रतिशत से घटकर 3.5 प्रतिशत रहने की संभावना है। इसमें यह भी कहा गया कि कृषि क्षेत्र की अच्छी वृद्धि से खाद्य मुद्रास्फीति नियंत्रण में रहने की उम्मीद है, हालांकि अत्यधिक वर्षा के प्रभाव का अभी पूरी तरह से आकलन नहीं किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि कच्चे तेल की कम कीमतों और वैश्विक स्तर पर जिंस कीमतों में नरमी से गैर-खाद्य मुद्रास्फीति पर लगाम लगने की उम्मीद है।

# एनटीपीसी ने सरकार को 3,248 करोड़ का दिया अंतिम लाभांश

**नई दिल्ली।** एनटीपीसी ने 2024-25 के लिए अंतिम लाभांश के रूप में बिजली मंत्रालय को 3,248 करोड़ का भुगतान किया। एनटीपीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने निदेशक मंडल के साथ 25 सितंबर को बिजली सचिव पंकज अग्रवाल की उपस्थिति में बिजली मंत्री मनोहर लाल को अंतिम लाभांश सौंपा।

यह राशि नवंबर 2024 में 2,424 करोड़ के पहले अंतरिम लाभांश और फरवरी 2025 में दिए गए 2,424 करोड़ के दूसरे अंतरिम लाभांश के अतिरिक्त है। 2024-25 के लिए भुगतान किया गया लाभांश 8,096 करोड़ है, जो 10 रुपये अंकित मूल्य वाले शेयर पर 8.35 रुपये बैठता है।

# घरेलू प्राथमिकताओं को वैश्विक नजरिये से जोड़ेगा कौटिल्य

नई दिल्ली, एजेंसी



- सीतारमण चौथे केईसी 2025 का करेंगीं उद्घाटन व जयशंकर करेंगे सम्मेलन का समापन

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण तीन अक्टूबर को यहां चौथे कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन (केईसी 2025) का उद्घाटन करेंगी। इस बार सम्मेलन का विषय 'अशांत समय में समृद्धि की तलाश' है।

वित्त मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर पांच अक्टूबर को भारत की विदेश और आर्थिक नीति पर विचार-विमर्श के साथ इस सम्मेलन का समापन करेंगे। इसमें कहा गया कि तीन दिवसीय केईसी 2025 एक गतिशील मंच है, जो भारत की घरेलू प्राथमिकताओं को वैश्विक नजरिये के साथ जोड़ेगा और उथल-पुथल के दौर में समृद्धि का मार्ग तैयार करेगा। इसमें कहा गया कि अपने समृद्ध अनुभव के आधार पर केईसी ने समकालीन चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 30 से अधिक देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 75 विदेशी प्रतिभागियों के साथ अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति को बढ़ाया है।



# आरएसएस की प्रार्थना मातृभूमि के प्रति समर्पण

## आरएसएस प्रमुख भागवत बोले- संघ की प्रार्थना भारत माता के प्रति भक्ति, प्रेम को अभिव्यक्ति है

नागपुर, एजेंसी



- नागपुरमें आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान संघ की प्रार्थना का ऑडियो किया जारी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि संगठन की 'प्रार्थना' भारत माता की प्रार्थना और देश एवं ईश्वर के प्रति संघ के स्वयंसेवकों का सामूहिक संकल्प है। उन्होंने कहा कि जहां व्यक्तिगत संकल्प प्रत्येक स्वयंसेवक के दृष्टिकोण तक सीमित रहते हैं, वहीं साझा मिशन और मूल्य संघ की प्रार्थना से उत्पन्न होते हैं, जिसका प्रतिदिन पाठ किया जाता है।

भागवत ने नागपुर के रेशमबाग महर्षि व्यास सभागार में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान संघ की प्रार्थना का ऑडियो जारी किया, जिसे गायक शंकर महादेवन ने आवाज दी है। कार्यक्रम में अभिनेता सचिन खेडेकर, वरिष्ठ प्रस्तोता हरीश भिमानी और संगीतकार राहुल रानाडे भी उपस्थित थे। नागपुर में आयोजित कार्यक्रम में भागवत ने कहा कि यह भारत माता के प्रति भक्ति, प्रेम और समर्पण को अभिव्यक्ति है। यह प्रार्थना है कि हम देश को क्या देश सकते हैं और फिर ईश्वर से प्रार्थना है कि देश सेवा में हमारी सहायता करे। ऑडियो जारी होने के साथ ही यह प्रार्थना ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचेगी। प्रार्थना एक भावना है जो स्वयंसेवकों को मातृभूमि के प्रति भक्ति, प्रेम और समर्पण के सामूहिक संकल्प में मदद करती है। यह गीत लंदन के एक स्टूडियो में रॉयल फिलहारमोनिक ऑर्केस्ट्रा के साथ रिकॉर्ड किया गया था, जिसमें सभी संगीतकार विदेशी थे। महादेवन ने इस संगीतमय प्रस्तुति में अपनी आवाज दी है जबकि मराठी में खेडेकर ने और हिंदी में भिमानी ने वर्णन किया। आठ अलग-अलग भाषाओं में स्वर दिए गए।

संघ की मूल प्रार्थना के रचनाकार नरहरि नारायण भिड़े थे और पहली बार यादव राव जोशी ने 23 अप्रैल, 1940 को पुणे में संघ शिक्षा वर्ग में इसे गाया था। प्रार्थना का प्रारंभिक प्रारूप 1939 में पुणे में एक बैठक के दौरान तैयार किया गया था। संघ प्रार्थना भारत माता की प्रार्थना है। 1940 से स्वयंसेवक प्रतिदिन इसका पाठ करते हैं। यह प्रार्थना संघ का सामूहिक संकल्प है। प्रार्थना की भावना संकल्प की शक्ति है, और यह मातृभूमि के प्रति भक्ति, प्रेम व समर्पण का प्रतीक है।

### आरएसएस की स्थापना के हुए 100 साल, शताब्दी समारोह शुरू

**नागपुर।** आरएसएस के स्थापना के 100 वर्ष शनिवार को पूरे हो गए। डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने 17 सहयोगियों के साथ मिलकर 27 सितंबर, 1925 को विजयादशमी पर संघ की स्थापना की थी। संघ अब देशभर में 83,000 से अधिक शाखाओं और लाखों स्वयंसेवकों के साथ सबसे बड़े सांस्कृतिक निकाय के रूप में विकसित हो चुका है। आरएसएस की उत्पत्ति नागपुर के महल स्थित हेडगेवार वाड़ा से मानी जाती है। डॉ. हेडगेवार ने हिंदुओं में एकता, अनुशासन और चरित्र निर्माण को बढ़ावा देने के लिए इस संगठन की कल्पना की थी। नागपुर के बाहर पहली शाखा फरवरी 1926 में वर्धा में स्थापित की गई, जिसने पूरे देश में क्रमिक विस्तार का मार्ग प्रशस्त किया। व्यक्ति-आधारित नेतृत्व से बचने के लिए, भगवा ध्वज को संघ का 'गुरु' मान लिया गया और 1927 में गुरु दक्षिणा देने की प्रथा शुरू हुई। डॉ. हेडगेवार (1929 में प्रथम सरसंघचालक बने) पहले कांग्रेस से जुड़े थे और उन्होंने असहयोग और जंगल सत्याग्रह आंदोलनों में भाग लिया था और जेल भी गये थे। उनकी दृष्टि शारीरिक प्रशिक्षण, अनुशासन, सेवा और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण पर ज़ोर देती थी। आरएसएस अपनी स्थापना के 100 साल पूरा होने पर एक साल तक विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है।

# जमीनी जुड़ाव पर ध्यान करें केंद्रित : शाह



- गृहमंत्री ने कार्यकर्ताओं को दिया संगठन की मजबूती और चुनावी जीत का मंत्र

समस्तीपुर, एजेंसी

बिहार के समस्तीपुर जिले के सरायरंजन स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में शनिवार को भाजपा के महत्वपूर्ण बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शिरकत की।

इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने मिथिलांचल सहित अन्य क्षेत्रों से आए भाजपा सांसदों, विधायकों, मंत्रियों और संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों से सीधा संवाद किया और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के लिये जीत का रणनीतिक मंत्र दिया।

शाह ने कार्यकर्ताओं से कहा कि संगठन की मजबूती ही किसी भी चुनावी सफलता की कुंजी है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से नीतियों, जनसंपर्क और जमीनी जुड़ाव पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की। कार्यक्रम के बाद केंद्रीय जलशक्ति मंत्री राज भूषण चौधरी ने कहा कि कि गृहमंत्री अमित शाह के समस्तीपुर आगमन से मिथिलांचल के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और जोश का संचार हुआ है। यह दौरा पार्टी संगठन के लिये बेहद प्रेरणादायक और दिशा देने वाला रहा।

इस संवाद कार्यक्रम में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा, भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल समेत पार्टी के कई अन्य क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### विस चुनाव से पहले कार्यकर्ताओं में शाह ने भरा जोश

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव की घोषणा होने से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को उत्तर बिहार में भाजपा कार्यकर्ताओं को लगातार दूसरे दिन जोश भरा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के अनुसार दो दिवसीय बिहार प्रवास के समापन से पूर्व शाह समस्तीपुर और अररिया जिलों के दौरे पर हैं। जायसवाल ने कहा कि शुक्रवार को शाह ने पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में बैठक की थी, उसके बाद प्रदेश मुख्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और चुनाव अभियान समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की थी। उन्होंने हमें आगामी चुनाव में राजग की विजय का मंत्र दिया। उबेतिया में दस जिलों से आये कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया था। जायसवाल ने कहा कि आज उनकी बैठकें समस्तीपुर के सरायरंजन और अररिया के फोर्ब्सगंज में हैं। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और पार्टी के मुख्य रणनीतिकार माने जाने वाले शाह पखवाड़े भर में दूसरी बार बिहार के दौरे पर आए हैं।

# गुरुग्राम में डिवाइडर से टकराई थार, 5 की मौत

गुरुग्राम, एजेंसी

- सभी यात्री काम से आए थे गुरुग्राम, थार अलीगढ़ में पंजीकृत
- मृतकों में एक छात्रा बताई जा रही है न्यायाधीश की बेटी

दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर शनिवार तड़के एक थार कार के डिवाइडर से टकराने से पांच लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। मृतकों में प्रतिष्ठा (25), लावन्या (26), आदित्य (30), गौतम (31) और एक अन्य महिला सोनी शामिल है, जबकि घायल की पहचान कपिल शर्मा (27) के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार हादसा दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे निकास संख्या नौ पर हुआ जब तेज रफ्तार थार में सवार चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और वाहन सीधे डिवाइडर से टकरा गया। सूचना मिलने पर सेक्टर 40 से पुलिस की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची और सभी छह लोगों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने पांच को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक का इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि मृतक महिलाएं, प्रतिष्ठा और लावन्या कानून पाठ्यक्रम की छात्रा थीं, जबकि आदित्य, गौतम और कपिल विज्ञापन व्यवसाय से जुड़े थे। सभी छह यात्री उत्तर प्रदेश से गुरुग्राम किसी काम से आए थे। थार अलीगढ़ प्राधिकरण में पंजीकृत है। बताया जा रहा है कि एक मृतक छात्रा न्यायाधीश की बेटी थी। हालांकि, पुलिस ने अब तक इसकी पुष्टि नहीं की है। गुरुग्राम पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि मृतकों के परिवारों को सूचित कर दिया गया है और जांच जारी है।

# भारत दूरसंचार उपकरण बनाने वाले देशों में शामिल : सिंधिया

- केंद्रीय मंत्री ने कहा- पहले भारत एक सेवा प्रदाता राष्ट्र था, लेकिन अब हम एक उत्पादक राष्ट्र हैं

गुवाहाटी, एजेंसी

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को बीएसएनएल के स्वदेशी 4जी स्टैक शुरू होने पर कहा कि भारत दूरसंचार उपकरण बनाने वाला दुनिया का पांचवां देश बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत की छवि एक सेवा प्रदाता और उपभोक्ता राष्ट्र से बदलकर उत्पादन, नवाचार, उद्यमिता और निर्यात के केन्द्र के रूप में बदल गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से ओडिशा से पूरे देश में स्वदेशी 4जी स्टैक की एक साथ शुरुआत करने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में सिंधिया ने कहा कि पहले भारत एक सेवा (प्रदाता) राष्ट्र था, लेकिन अब हम एक उत्पादक राष्ट्र हैं। पहले हमें एक उपभोक्ता राष्ट्र के रूप में देखा जाता था, लेकिन आज हम एक नवाचार, उद्यमिता और निर्यात केंद्र हैं।

उन्होंने कहा कि मोदी के भारत के लिए नवाचार, मानवता के लिए नवाचार के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर देश आज डेनमार्क, स्वीडन, चीन और दक्षिण कोरिया जैसे देशों की प्रतिष्ठित श्रेणी में शामिल हो गया है, जो दूरसंचार उपकरण बनाते हैं। इस शुरुआत से दूरदराज के गांवों, सीमावर्ती क्षेत्रों, द्वीपों, पहाड़ी इलाकों और इंटरनेट की कम पहुंच वाले स्थानों तक 4जी नेटवर्क की उपलब्धता हो सकेगी।



बीएसएनएल के स्वदेशी 4जी स्टैक के शुभारंभ पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन।

### दो महीने में डिजिटल होंगी सरकारी सेवाएं

**पुणे।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि 90 प्रतिशत सरकारी सेवाएं अगले दो महीने में डिजिटल हो जाएंगी और जल्द ही ये व्हाट्सएप पर उपलब्ध होंगी। फडणवीस ने बीएसएनएल के स्वदेशी 4जी नेटवर्क के उद्घाटन में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ डिजिटल माध्यम से भाग लिया। पुणे में आयोजित कार्यक्रम में फडणवीस ने कहा कि देश के उन गांवों को अब 4जी नेटवर्क मिलेगा जो अभी तक जुड़े नहीं थे। दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार कहा था कि भारत के हर गांव को सड़क से जोड़ा जाना चाहिए क्योंकि यही विकास का मार्ग है और उन्होंने छह लाख गांवों तक सड़क संपर्क सुनिश्चित किया।

### बुलेट ट्रेन परियोजना

# मुंबई-अहमदाबाद खंड 2029 तक खुल जाएगा: वैष्णव

सूरत, एजेंसी



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना का गुजरात के सूरत से बिलिमोरा के बीच तक का 50 किमी लंबा हिस्सा 2027 में खुलेगा और 2029 तक मुंबई से अहमदाबाद के बीच पूरे खंड पर परिचालन शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि परिचालन शुरू होने के बाद बुलेट ट्रेन मुंबई और अहमदाबाद के बीच की दूरी मात्र दो घंटे सात मिनट में तय कर लेगी।

उन्होंने कहा कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना बहुत अच्छी तरह से प्रगति कर रही है। वैष्णव ने निर्माणाधीन सूरत बुलेट ट्रेन स्टेशन का दौरा किया और पटरी बिछाने के कार्यों व इसके पहले टर्नआउट इंस्टॉलेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पहली बुलेट ट्रेन परियोजना की समग्र प्रगति बहुत अच्छी है। सूरत और बिलिमोरा के बीच परियोजना का पहला 50 किलोमीटर का खंड 2027 तक खुल जाएगा। हम इसके लिए तैयारी कर रहे हैं। 2028 तक, पूरा ठाणे-अहमदाबाद खंड चालू हो जाएगा और 2029 तक पूरा मुंबई-अहमदाबाद खंड खुल जाएगा।

## गरबा नृत्य



भोपाल में नवरात्रि के अवसर पर गरबा नृत्य का आयोजन किया गया। इस दौरान आकर्षक वस्त्र धारण किए यह कलाकार आकर्षण का केंद्र रहे। एजेंसी

# टैरिफ के बीच ब्रिक्स रचनात्मक बदलाव की मजबूत आवाज

### संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र से इतर ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर बोले

न्यूयॉर्क, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बढ़ते संरक्षणवाद और शुल्क संबंधी अस्थिरता के बीच संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र से इतर ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की बैठक में बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली की रक्षा करने का आह्वान किया है। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ऐसे समय में जब बहुपक्षवाद दबाव में है, ब्रिक्स रचनात्मक बदलाव की मजबूत आवाज बनकर खड़ा है।

उन्होंने कहा, एक अशांत विश्व में, ब्रिक्स को शांति स्थापना, संवाद, कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन के संदेश को फैलाना चाहिए। विदेश मंत्री ने कहा, बढ़ते संरक्षणवाद, शुल्क संबंधी अस्थिरता और गैर-शुल्क बाधाओं के कारण व्यापार प्रभावित हो रहा है, इसलिए ब्रिक्स को बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली की रक्षा करनी चाहिए। अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के कुछ सप्ताह बाद जयशंकर ने यह टिप्पणी की। इसमें से 25 प्रतिशत शुल्क रूस से तेल खरीदने पर अतिरिक्त जुर्माने के तौर पर लगाया गया है।

विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख अंगों, विशेषकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधार का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी और नवाचार ब्रिक्स सहयोग के अगले चरण को परिभाषित करेंगे। साल 2026 में



ब्रिक्स की बैठक में उपस्थित विदेश मंत्री जयशंकर।

समूह की भारत की अध्यक्षता के बारे में बात करते हुए, जयशंकर ने कहा कि भारत डिजिटल परिवर्तन, स्टार्टअप, नवाचार और मजबूत विकास साझेदारी के माध्यम से खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास पर ध्यान केंद्रित करेगा। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के दौरान सिएरा लियोन, रोमानिया, क्यूबा, ऑस्ट्रिया, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया, रूस, उरुग्वे, कोलंबिया, एंटीगुआ और बारबुडा आदि देशों के अपने समकक्षों से भी मुलाकात की। उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से भी मुलाकात की और दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग पर विचारों का आदान-प्रदान किया। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने ऑस्ट्रिया की विदेश मंत्री बीएट मेइनल-रेजिंगर के साथ वर्तमान भू-राजनीति और भारत व यूरोप के सामने विकल्पों पर एक जीवंत चर्चा की।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### चीन के गांसू प्रांत में भूकंप के झटके, सात लोग घायल

**बीजिंग।** चीन के गांसू प्रांत में शनिवार को 5.6 तीव्रता का भूकंप आने से सात लोग घायल हो गए। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि कोई भी व्यक्ति गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है। चीन के भूकंप केंद्र के अनुसार लोंक्शी काउंटी में सुबह 5:49 बजे भूकंप आया, जिसका केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर था। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने बताया कि आठ मकान तहस-नहस जबकि 100 से अधिक क्षतिग्रस्त हो गए। सरकारी मीडिया की ओर से ऑनलाइन पोस्ट किए गए वीडियो में आपातकर्मी मलबा हटाते हुए दिख रहे हैं।

### रोमानिया में अस्पताल में संक्रमण फैलने से छह शिशुओं की मौत

**बुखारेस्ट।** रोमानिया के उत्तर-पूर्वी इयासी शहर में स्थित स्फैंटा मारिया बच्चों के अस्पताल में जीवाणु संक्रमण फैलने से छह शिशुओं की मौत हो गई और तीन अन्य संक्रमित हो गए। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने पुष्टि की है कि एक वर्ष से कम उम्र के नौ मरीज़ सेराटिया मार्सेसेंस जीवाणु से संक्रमित हुए हैं हालांकि संक्रमण और मौतों के बीच कोई सीधा चिकित्सीय संबंध अभी तक स्थापित नहीं हुआ है। फोरेंसिक विशेषज्ञ यह पता लगाएंगे कि क्या जीवाणु के कारण ये मौतें हुईं। पहला मामला 13 सितंबर को पता चला था, लेकिन इसकी सूचना छह दिन बाद जन स्वास्थ्य निदेशालय को दी गई, जब चार बच्चे पहले ही संक्रमित हो चुके थे।

# पाकिस्तानी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान संघर्ष रोकने की अपील की थी

### भारत बोला- पाकिस्तानी पीएम ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में बेतुके बयान देकर आतंकवाद का किया था महिमामंडन

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की सेना ने ही संघर्ष रोकने की अपील की थी और नई दिल्ली व इस्लामाबाद के बीच किसी भी मुद्दे पर किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप की कोई गुंजाइश नहीं है। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में भारत के जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की प्रथम सचिव पेटल गहलोत ने कहा, इस सभा में आज सुबह पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का बेतुका बयान सुनने को मिला। शरीफ ने एक बार फिर आतंकवाद का महिमामंडन किया, जो उनकी विदेश नीति के केंद्र में है।

गहलोत ने कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हालिया संघर्ष को लेकर एक अजीब कहानी पेश की, जबकि भारत ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 आम नागरिकों की मौत के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े समूह द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली थी। भारत ने कहा, नौ मई तक पाकिस्तान भारत पर और हमले करने की धमकी दे रहा था। लेकिन 10 मई को उसकी सेना ने सीधे हमसे संघर्ष रोकने की अपील की। इस बीच भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कई एयरबेस नष्ट कर दिए थे। उस तबाही की तस्वीरें सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं। भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में शुक्रवार सुबह प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के भाषण के बाद पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की। शरीफ ने अपने भाषण में दावा किया कि हालिया संघर्ष में उनका देश युद्ध जीत गया। उन्होंने संघर्ष रोकने को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता का परिणाम बताया और साथ ही कश्मीर मुद्दा भी उठाया।

शरीफ ने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए यह भी दावा किया कि मई में चार दिन तक चले संघर्ष के दौरान भारत के सात विमान क्षतिग्रस्त हुए थे। भारत ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, अगर तबाह हुए रनवे और राख में बदल चुके हैंगर (हवाई जहाज रखने की जगह) पाकिस्तान को जीत लगते हैं, जैसा कि उसके प्रधानमंत्री ने दावा किया है, तो पाकिस्तान खुश हो सकता है।



संयुक्त राष्ट्र में बोलतीं भारत के स्थायी मिशन की प्रथम सचिव पेटल गहलोत।


### सुरक्षा परिषद ने ईरान पर प्रतिबंधों में देरी के रूस और चीन के अंतिम प्रयास को किया खारिज

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम के कारण उस पर फिर से तत्काल प्रतिबंध नहीं लगाने संबंधी कुछ देशों के अंतिम प्रयास को समय सीमा से एक दिन पहले खारिज कर दिया। यह कदम ऐसे वक्त उठाया गया जब पश्चिमी देशों ने दावा किया कि हफ्तों की बैठकों के बावजूद कोई ठोस समझौता नहीं हो पाया है। ईरान पर फिलहाल प्रतिबंध नहीं लगाने संबंधी प्रस्ताव 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद में ईरान के सबसे शक्तिशाली और निकटतम सहयोगी रूस और चीन ने शुक्रवार को पेश किया था। इस प्रस्ताव को मंजूरी के लिए नौ देशों का समर्थन चाहिए था, जो संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों को शनिवार से प्रभावी होने से रोकने के लिए आवश्यक था। संयुक्त राष्ट्र में रूस के उप राजदूत दिमित्री पोल्यान्स्की ने बैठक के दौरान कहा, हमें उम्मीद थी कि यूरोपीय सहयोगी और अमेरिका दो बार सोचेंगे और ब्लैकमेल के बजाय कूटनीति व बातचीत का रास्ता चुनेंगे...इससे क्षेत्र में स्थिति और बिगड़ेगी।

### एक दशक तक लादेन को पनाह देने वाला पाकिस्तान आतंक के खिलाफ लड़ाई का दिखावा करता रहा

गहलोत ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेनाओं द्वारा बहावलपुर और मुरिदके में स्थित आतंकी ठिकानों में मारे गए आतंकवादियों की कई तस्वीरें सामने आई हैं। उन्होंने यह भी कहा, जब पाकिस्तान के वरिष्ठ सैन्य और नागरिक अधिकारी खुलेआम इन कुख्यात आतंकवादियों का महिमामंडन करते हैं और उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं, तो इस सरकार की मानसिकता पर कोई शक रह ही नहीं जाता। गहलोत ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक तस्वीर वायरल हुई थी, जिसमें लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी हाफिज अब्दुल रऊफ मुरिदके में स्थित लश्कर मुख्यालय पर हुए हमलों में मारे गए लोगों के जनाजे में नमाज अदा करवा रहा था। इस जनाजे में पाकिस्तान सेना के सदस्य भी मौजूद थे। कहा, याद दिला दें कि पाकिस्तान ने एक दशक तक ओसामा बिन लादेन को पनाह दी, जबकि वह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में साझेदार बनने का दिखावा करता रहा। इसके मंत्रियों ने हाल ही में खुद स्वीकार किया है कि वे दशकों से आतंकी शिविर संचालित कर रहे हैं।" भारत ने दोहराया कि दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच के मुद्दों में किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप की कोई जगह नहीं है। गहलोत ने कहा, भारत और पाकिस्तान लंबे समय से इस बात पर सहमत हैं कि उनके बीच के किसी भी लंबित मुद्दे को द्विपक्षीय तरीके से सुलझाया जाएगा।

# नासा-इसरो निसार उपग्रह ने पृथ्वी की सतह की पहली रडार तस्वीरें भेजीं



चेन्नई, एजेंसी

- संयुक्त मिशन इस साल के अंत में अपने पूर्ण वैज्ञानिक संचालन के करीब पहुच रहा

निसार (नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार) पृथ्वी-अवलोकन रडार उपग्रह ने पृथ्वी की सतह की पहली तस्वीरें ली हैं। नासा के कार्यवाहक प्रशासक सीन डफी ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व में हमारे ग्रह की सतह की ये तस्वीरें भविष्य की एक झलक पेश करती हैं क्योंकि नासा और इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) का संयुक्त मिशन इस साल के अंत में अपने पूर्ण वैज्ञानिक संचालन के करीब पहुच रहा है।

भारत के साथ मिलकर लॉन्च किए गए निसार की पहली तस्वीरें इस बात का प्रमाण हैं कि जब हम नवाचार और खोज के एक साझा दृष्टिकोण के लिए एकजुट होते हैं तो क्या हासिल किया जा सकता है। यह तो बस शुरुआत है। उन्होंने कहा, नासा अतीत और वर्तमान की अविश्वसनीय वैज्ञानिक प्रगति पर आगे बढ़ता रहेगा क्योंकि हम स्वर्ण मानक विज्ञान के माध्यम से अपने देश के अंतरिक्ष प्रभुत्व को बनाए रखने के अपने लक्ष्य का पीछा कर रहे हैं। इसरो द्वारा 30 जुलाई को प्रक्षेपित किए गए अंतरिक्ष यान से प्राप्त चित्र, उस विस्तृत स्तर को प्रदर्शित करते हैं जिसके साथ निसार पृथ्वी का स्कैन करता है और आपदा प्रतिक्रिया, बुनियादी ढाँचे की निगरानी और कृषि प्रबंधन सहित विविध क्षेत्रों में निर्णयकर्ताओं को अद्वितीय, कार्रवाई योग्य जानकारी प्रदान करता है।

नासा के सहायक प्रशासक अमित क्षत्रिय ने कहा, यह समझकर कि हमारा गृह ग्रह कैसे काम करता है, हम अपने सौर मंडल और उससे आगे के अन्य ग्रहों के काम करने के तरीके के मॉडल और विश्लेषण तैयार कर सकते हैं, क्योंकि हम मानवता को चंद्रमा और मंगल ग्रह की एक महाकाव्य यात्रा पर भेजने की तैयारी कर रहे हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय दबाव के बाद भी गाजा पर हमले जारी, 38 लोगों की गई जान

दीर अल बलाह, एजेंसी

- नुसेरात शरणार्थी शिविर में एक ही परिवार के नौ लोग शामिल

इजराइली हमलों और गोलीबारी में शनिवार सुबह गाजा में कम से कम 38 लोग मारे गए। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। युद्धविराम के लिए अंतर्राष्ट्रीय दबाव बढ़ रहा है, लेकिन इजराइल के नेता युद्ध जारी रखने पर अड़े हुए हैं।

अल-अवदा अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मियों के अनुसार, मध्य और उत्तरी गाजा में शनिवार तड़के हुए हमलों में कई लोग मारे गए, जिनमें नुसेरात शरणार्थी शिविर में एक ही परिवार के नौ लोग शामिल हैं। ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में विश्व के अन्य नेताओं के समक्ष गाजा में हमास के पूर्ण खात्मे तक युद्ध जारी रखने का संकल्प जताया था। अल-अहली अस्पताल के अनुसार, शनिवार सुबह हुए हमलों में गाजा शहर के तुफाह इलाके में एक मकान ध्वस्त हो गया, जिसमें कम से कम 11 लोग मारे गए। मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी हैं। शिफा अस्पताल के अनुसार, शाती शरणार्थी शिविर पर हुए हवाई हमले में चार अन्य लोग मारे गए।

नासिर और अल अवदा अस्पतालों के अनुसार, दक्षिणी और मध्य गाजा में सहायता लेने जाते समय इजराइली गोलीबारी में छह अन्य फलस्तीनी मारे गए। इजराइल की सेना ने हवाई हमलों या गोलीबारी के बारे में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

## बब्बर खालसा इंटरनेशनल का आतंकवादी परमिंदर सिंह उर्फ पिंडी यूएई से भारत प्रत्यर्पित

**चंडीगढ़/बटाला।** पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि पंजाब पुलिस ने सीबीआई और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के करीबी समन्वय और समर्थन से बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) मॉड्यूल के वांछित आतंकवादी परमिंदर सिंह उर्फ पिंडी को अबू धाबी, यूएई से भारत प्रत्यर्पित किया है। यादव ने बताया कि पिंडी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर घोषित आतंकवादी हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा और हैप्पी पासिया का करीबी सहयोगी है और बटाला-गुरदासपुर क्षेत्र में पेट्रोल बम हमलों, हिंसक हमलों और जबरन वसूली सहित कई जघन्य अपराधों में शामिल है। आरोपी पिंडी अपराधों के समन्वय और अपने अभियानों के वित्तपोषण के लिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर रहा था। बटाला पुलिस द्वारा अनुरोधित रेड कॉर्नर नोटिस पर तेजी से कार्रवाई करते हुए चार सदस्यीय टीम ने 24 सितंबर, 2025 को यूएई पहुंच एमईए और यूएई अधिकारियों के साथ समन्वय किया था।

# कोर्ट ने विदेशी सहायता से जुड़े वित्तपोषण पर रोक के ट्रंप के फैसले को रखा बरकरार

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने आदेश की अवधि बढ़ाई



अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने उस आदेश की अवधि बढ़ा दी है जो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन को लगभग पांच अरब अमेरिकी डॉलर की विदेशी सहायता पर रोके लगाने की अनुमति देता है। इस फैसले से राष्ट्रपति पद के अधिकार से जुड़े विवाद में ट्रंप को एक और जीत हासिल हुई है।

तीन उदारवादी न्यायाधीशों की असहमति के बीच, शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को संसद द्वारा स्वीकृत अरबों डॉलर की सहायता से जुड़े एक मामले में ट्रंप प्रशासन की आपातकालीन अपील को स्वीकार कर लिया। ट्रंप ने पिछले महीने कहा था कि वह इस धनराशि को खर्च नहीं करेंगे, और इसके लिए उन्होंने विवादित अधिकार का हवाला दिया जिसका इस्तेमाल आखिरी बार लगभग 50 साल पहले किसी राष्ट्रपति ने किया था। अमेरिकी जिला न्यायाधीश अमीर अली द्वारा यह फैसला सुनाए जाने के बाद कि ट्रंप का कदम संभवतः अवैध है और संसद को धनराशि रोकने के फैसले को मंजूरी देनी होगी, न्याय विभाग ने उच्च न्यायालय से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। वाशिंगटन की संघीय अपीलीय अदालत ने अली के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, लेकिन मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने नौ सितंबर को इस पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी। कोर्ट की पूर्ण पीठ ने रॉबर्ट्स के आदेश को अनिश्चित काल के लिए बढ़ा दिया। अदालत ने पूर्व में ट्रंप प्रशासन के लिए, सैकड़ों-हजारों प्रवासियों से कानूनी सुरक्षा छीनने, हजारों संघीय कर्मचारियों को बर्खास्त करने, सेना के ट्रांसजेंडर सदस्यों को सेवा से बाहर करने और स्वतंत्र सरकारी एजेंसियों के प्रमुखों को हटाने के लिए रास्ता साफ कर दिया था।

## यमन में कबायली नेता की गोली मारकर हत्या


**अदन।** यमन के दक्षिणी बंदरगाह शहर अदन में शुक्रवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने एक प्रमुख आदिवासी नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। स्थानीय सुरक्षा अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि प्रसिद्ध कबायली और सामुदायिक व्यक्ति शेख मेहदी अकरबी पर बेर अहमद क्षेत्र में गोलीबारी की गई, जब वे शुक्रवार की नमाज के लिए पास की मस्जिद जा रहे थे। अधिकारी के अनुसार, अकरबी बिना किसी सुरक्षाकर्मी के अकेले घूम रहे थे तभी हमलावरों ने उन पर गोलियां चला दीं, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अदन के एक अस्पताल ले जाया गया लेकिन बाद में उनकी मौत हो गई।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 सितंबर, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, षष्ठी 14.27 तक तत्पश्चात सप्तमी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- शरद।

चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।

ताराबल- अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र- ज्येष्ठा 29 सितंबर 03.55 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष** – आज विचारशील लोगों के साथ आपकी मित्रता बढ़ेगी। अनुभवी व्यक्तियों की सलाह से आपको कारोबार में लाभ मिलेगा। अपनी प्रतिभा का अच्छा उपयोग कर पाएंगे। आप काफी शांत मूड में रहेंगे। आर्थिक परेशानियों का हल प्राप्त होगा।

**वृष** – आज आय के नए स्रोत प्राप्त होंगे। छोटे बच्चों की परवरिश पर ध्यान दें। जीवनसाथी के साथ बेहतरीन समय बिताएंगे। साहित्य और मीडिया से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है। कठोर शब्दों का प्रयोग न करें। मन में उमंग-उत्साह की भावना रहेगी।

**मिथुन** – आज विरोधी आपके विरुद्ध षड्यंत्र रच सकते हैं। आपके विचारों की सराहना हो सकती है। कारोबार में परेशानी होने के योग बन रहे हैं। कोई महत्वपूर्ण वस्तु गुम हो सकती है। सर्दी और एलर्जी के कारण आपको कठिनाई हो सकती है।

**कर्क** – आज व्यापार में आपको अपनी कार्यशैली में परिवर्तन लाना पड़ सकता है। मीडिया का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। बच्चे पढ़ाई में लापरवाही कर सकते हैं। मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। जीवनसाथी और बच्चों के साथ समय बिताएंगे।

**सिंह** – आज कार्यक्षेत्र की बाधाएं दूर होंगी। नौकरी में आ रही कठिनाई दूर होगी। लघु उद्योगों से जुड़े लोगों के लिए बहुत अच्छा दिन है। भविष्य की योजनाओं को लेकर व्यवहारिक रहें। सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही शानदार है।

**कन्या** – आज किसी से बहसबाजी न करें वरना आपको कठिनाई होगी। सहयोगी आपकी प्रत्येक कार्य में सहायता करेंगे। भाई-बंधुओं को कष्ट हो सकता है। प्रियजनों के साथ देवदर्शन के लिए जा सकते हैं। कुछ लोग आपसे धन उधार मांग सकते हैं।

**तुला** – आज लोग आपकी बातों को गंभीरता से लेंगे। करियर को लेकर तनाव दूर होगा। पूर्व में की गई मेहनत का अच्छा लाभ मिलेगा। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। गूढ़ विषयों का अध्ययन कर सकते हैं। अपनी पुरानी गलतियों से सीखने का प्रयास करें।

**वृश्चिक** – आज आपकी निष्ठा से लोग प्रेरणा लेंगे। व्यापार में काम का दबाव कम होगा। अपनी जीवनशैली में आप सुधार कर सकते हैं। जॉब में बदलाव करने के योग बन रहे हैं। दोस्तों के साथ आप समय बिताएंगे। रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा।

**धनु** – आज दांपत्य जीवन में कलह हो सकती है। पहले दिया गया उधार आपको मिल सकता है। मन में नकारात्मक विचार न आने दें। पुराने उधार को चुकाने में मुश्किलें आएंगी। माता की सेहत का ध्यान रखें। सिर में दर्द और भारीपन हो सकता है।

**मकर** – आज तकनीकी विषयों पर आप अपना ज्ञान बढ़ाने का प्रयास करेंगे। लोग आपकी बातों को ध्यान से सुनेंगे। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। परिजनों के साथ धार्मिक कार्यों में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज आय के अवसर कम हो सकते हैं। किसी बड़े प्रकल्प में धन निवेश कर रहे हैं तो सावधानी अवश्य बरतें। छात्र अपने करियर को लेकर परेशान हो सकते हैं। बड़े-बुजुर्गों की सेहत का ध्यान रखें। घर की कोई वस्तु खराब हो सकती है।

**मीन** – आज जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। बच्चों को सही मार्गदर्शन देने का प्रयास करें। नए प्रकल्पों की शुरुआत न करें। बिना मांगे किसी को भी सलाह न दें। धारदार उपकरणों से चोट लगने की संभावना है, इसीलिए आपको सावधानी रखनी चाहिए।

## सुडोकू-113

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | 1 | | 4 | | |
| | | 7 | | | 2 | | | 1 |
| | | | | 4 | 9 | | | |
| | 6 | | | | | 8 | | |
| 5 | | 2 | | | | | | 7 |
| | | 8 | 4 | 7 | | | 6 | |
| 9 | | | | 5 | | | | |
| | | | 9 | | 7 | 5 | | |
| | | 3 | | 6 | 4 | | | |

### सुडोकू - 112 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 8 | 1 | 2 | 5 | 6 | 3 | 9 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 6 | 9 | 8 | 5 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 1 | 7 | 2 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 2 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 9 | 3 |
| 6 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 | 8 |
| 1 | 5 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 3 | 6 | 5 | 4 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 2 | 8 | 9 | 3 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 |



मैं सोच रहा था कि पावर प्ले में हमारे खिलाफ रन बने। लेकिन बाद में सभी ने योगदान दिया और मैच को सुपर ओवर तक ले गए। सुपर ओवर में मेरी योजना स्पष्ट थी कि वाइड यॉर्कर फेंको और श्रीलंकाई बल्लेबाजों को सिर्फ ऑफ-साइड में ही रन बनाने दो। -अर्शदीप सिंह

स्टेडियम

अयोध्या, रविवार 28 सितंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com

## हाईलाइट

### इगा स्वियातेक चीन ओपन के तीसरे दौर में

**बीजिंग :** विंबलडन चैंपियन इगा स्वियातेक ने शनिवार को युआन यू को सीधे सेट में 6-0, 6-3 से हराकर चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश करके डब्ल्यूटीए टूर में इतिहास रच दिया। डब्ल्यूटीए ने कहा कि शनिवार की जीत के साथ स्वियातेक लगातार तीन सत्र में डब्ल्यूटीए-1000 स्पर्धाओं में 25 या उससे अधिक जीत दर्ज करने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। अन्य मुकाबलों में चौथी वरीयता प्राप्त मीरा आंद्रीवा ने चीन की झू लिन को 6-2, 6-2 से हराया जबकि अमेरिका की ऐमा नवारो ने एलेना-गैब्रियल रुसे को 6-3, 7-6 से शिकस्त दी। महिला टूर्नामेंट के साथ एटीपी 500 पुरुष टूर्नामेंट का भी आयोजन हो रहा है जिसमें यानिक सिनर ने फ्रांस के टेरेंस एटमेन को 6-4, 5-7, 6-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

### एशियाई तैराकी में उतरेंगे 40 भारतीय

**अहमदाबाद (गुजरात) :** अहमदाबाद के नारनपुरा स्थित नवनिर्मित अत्याधुनिक वीर सावरकर खेल परिसर में रविवार से शुरू हो रही 11वीं एशियाई एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में 20 पुरुष और 20 महिलाओं सहित कुल 40 भारतीय तैराक हिस्सा लेंगे। भारतीय दल पिछले एक महीने से राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए नारनपुरा में एशियाई महाद्वीप के सर्वश्रेष्ठ तैराकों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयारी कर रहा था। इस चैंपियनशिप में 29 देशों से 1,100 से अधिक तैराक, कोच और तकनीकी अधिकारी पहुंचे हैं। यह टूर्नामेंट अगले साल जापान के नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाइंग स्पर्धा है।

### रश्मिका-कपिल को एयर पिस्टल में स्वर्ण

**नई दिल्ली :** भारतीय निशानेबाजों ने शनिवार को यहां डॉ. कर्णी सिंह रेंज में आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में दबदबा बनाते हुए शीर्ष दो स्थान हासिल किए जबकि स्कीट स्पर्धा में रायजा ढिल्लों ने रजत पदक जीता जिससे मेजबानों का चमकदार प्रदर्शन जारी रहा। भारत अभी तीन स्वर्ण, पांच रजत और तीन कांस्य पदक सहित कुल 11 पदक जीतकर शीर्ष पर है।

# टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण : हरमनप्रीत



**दुबई, एजेंसी**

कप्तान हरमनप्रीत कौर को विश्वास है कि मंगलवार से शुरू हो रहे महिला विश्व कप के लिए भारतीय टीम में हर विभाग में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के अच्छे मिश्रण से उनकी टीम को पहली बार विश्व खिताब जीतने में मदद मिलेगी। भारत चौथी बार आईसीसी की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है।

टीम इससे पहले दो मौकों पर खिताब जीतने के करीब पहुंची थी। भारतीय टीम ने पिछली बार 2017 में फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन तब मिताली राज की अगुवाई वाली टीम लॉर्ड्स में इंग्लैंड से रोमांचक मुकाबले में हार गई

> हमारी विश्व कप टीम में सभी विभागों में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, प्रतीका रावल, ऋचा घोष और उमा छेत्री जैसी प्रतिभावान बल्लेबाज टीम में मौजूद हैं।
>
> -हरमनप्रीत कौर

थी। भारतीय टीम ने प्रतियोगिता की अच्छी तैयारी करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ उसकी सरजमीं पर पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय श्रृंखला जीती और फिर गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को घरेलू सरजमीं पर कड़ी टक्कर दी लेकिन श्रृंखला में मेजबान टीम को 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

स्मृति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो शतक जड़े जबकि उनकी साथी सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल ने भी बल्ले से उम्दा प्रदर्शन किया। गेंदबाजी विभाग में स्पिनरों ने विशेष रूप से सराहनीय प्रदर्शन किया है। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में दिल्ली में हुए निर्णायक तीसरे एकदिवसीय में भारतीय स्पिनरों ने काफी रन लुटाए थे।

हरमनप्रीत ने कहा गेंदबाजी भी उतनी ही प्रभावशाली है जिसमें रेणुका ठाकुर और अरुंधति रेड्डी के साथ युवा और प्रतिभावान क्रांति गौड़, श्री चरणी और राधा यादव भी हैं। इसके अलावा दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा और अमनजोत कौर के रूप में तीन ऑलराउंडर भी हैं जो मैच का रुख भारत की ओर मोड़ सकती हैं। उन्होंने कहा एक संतुलित टीम। टूर्नामेंट से पहले समर्पित और केंद्रित तैयारी। सफलता केलिए तत्पर और दृढ़ टीम के साथ हम सकारात्मकता और विश्वास के साथ आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में प्रवेश कर रहे हैं।'' हरमनप्रीत ने 2017 में सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 171 रन बनाकर भारतीय टीम को फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। हरमनप्रीत ने कहा कि हालांकि सात बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबला कड़ा होगा लेकिन टीम आत्मविश्वास से भरी है। भारतीय कप्तान ने कहा प्रतिस्पर्धा हमेशा की तरह कड़ी है लेकिन टीम को अपने कौशल, तैयारियों और चुनौती से पार पाने की अपनी क्षमता पर पूरा भरोसा है।

### भारत के वैश्विक खिताबी सूखे को खत्म करना अरुंधति और श्री चरणी का सपना

**नई दिल्ली :** भारतीय तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी और युवा स्पिनर श्री चरणी का सपना घरेलू सरजमीं पर मंगलवार से शुरू होने वाले वनडे विश्व कप को जीतकर भारत के वैश्विक खिताबी सूखे को खत्म करना है। महान सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी से प्रेरणा लेने वाली अरुंधति बचपन में विकेटकीपर बनना चाहती थी लेकिन कोच की सलाह पर उन्होंने गेंदबाजी शुरू की तो वहीं एथलेटिक्स और बैडमिंटन जैसे खेलों में अच्छा करने वाली श्री चरणी के लिए क्रिकेट से जुड़ने का फैसला सही साबित हुआ। महिला वनडे विश्व कप का आगाज 30 सितंबर को गुवाहाटी में भारत बनाम श्रीलंका मैच से होगा। अरुंधति भारतीय पुरुष टीम की 2007 में टी20 विश्व कप और फिर 2011 में वनडे विश्व कप की जीत से प्रेरणा लेती है। हैदराबाद की इस 28 साल की खिलाड़ी ने जियो हॉटस्टार से कहा सच कहूं तो भारत ने जो 2007 का टी20 विश्व कप जीता था, उसने मुझे क्रिकेट खेलना शुरू करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद महान सचिन तेंदुलकर कर मौजूदगी में 2011 में घरेलू सरजमीं पर विश्व कप की जीत ने मुझ पर गहरी छाप छोड़ी। अरुंधति ने कहा मैंने बचपन से ही भारत के लिए खेलना और विश्व कप जीतना चाहती हूं। अब जब मुझे घर पर 50 ओवर का विश्व कप खेलने का मौका मिला है तो मैं इस मौके लिए भगवान की आभारी हूं। अरुंधति हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में चोटिल हो गयी थी और उनकी चोट की गंभीरता के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। धोनी को अपना आदर्श मानने वाली अरुंधति ने बताया कि वह शुरुआत में विकेटकीपर बनना चाहती थीं। उन्होंने शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा मैं कभी तेज गेंदबाज नहीं बनना चाहती थी।

# आखिरी वार के लिए तैयार सूर्यकुमार के जांबाज

## एशिया कप फाइनल : पाकिस्तान के खिलाफ एक बार फिर एकजुट होकर खेलना होगा भारत को

**दुबई, एजेंसी**

जीत ही सब कुछ नहीं होती, लेकिन 11 भारतीय क्रिकेटर रविवार को यहां एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ उतरेंगे तो उनकी नजरें सिर्फ जीत हासिल करने पर टिकी होंगी। इस हाई-वोल्टेज मुकाबले की तैयारी के बीच मैदान पर खेल और मैदान के बाहर की राजनीति के बीच की रेखाएं धुंधली पड़ गई हैं।

अमेरिकी राजनीतिक कार्यकर्ता और लेखक माइक मार्कुसी के शब्दों में यह बिना गोलीबारी के युद्ध जैसा है। वर्षों से भारत-पाकिस्तान मुकाबले में रोमांच की कमी नहीं रही है, लेकिन शायद ही कभी यह इतनी उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि में हुआ जब क्रिकेट के मैदान के बाहर का तनाव, उत्तेजक इशारे और दोनों पक्षों पर लगे जुर्माने इससे जुड़े हुए प्रतीत हों। फिर भी शोरगुल से परे क्रिकेट अपने आप में आकर्षक रहा है और इस दौरान सुर्खियां अभिषेक शर्मा के 200 से अधिक के शानदार स्ट्राइक रेट और कुलदीप यादव के 13 विकेट ने बटोरी।

कागजों पर भारत टूर्नामेंट में अब तक अजेय है और लगातार



अभ्यास करती भारतीय टीम।

छह जीत के क्रम के दौरान सिर्फ श्रीलंका ने उसे सुपर ओवर तक धकेला है। इसके विपरीत पाकिस्तान फाइनल तक लड़खड़ाता हुआ पहुंचा है, लेकिन जैसा कि उनके ने बांग्लादेश को हराने के बाद व्यंग्यात्मक लहजे में कहा फाइनल ही एकमात्र मैच है जो मायने रखता है। यहां तक कि भारत के सहयोगी स्टाफ ने भी यही भावना व्यक्त की। मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस के लिए आए गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने स्वीकार किया कि अब सुंदरता मायने नहीं रखती, बदसूरत जीत भी जीत होती है। भारत का अपराजित अभियान सहज रहा है लेकिन चोटों से मुक्त नहीं रहा। श्रीलंका के खिलाफ हार्दिक पंड्या को पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण एक ओवर के बाद ही मैदान से बाहर होना पड़ा जबकि अभिषेक शर्मा को भी गर्मी में ऐंठन की शिकायत हुई। मोर्कल ने शुक्रवार रात को आश्वस्त किया हार्दिक की कल सुबह जांच की जाएगी। उन्हें और अभिषेक दोनों को ऐंठन हुई है लेकिन अभिषेक ठीक है। यह खबर राहत देने वाली है क्योंकि पंजाब के बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने छह मैच में 309 रन बनाकर अकेले ही भारत की बल्लेबाजी का भार उठाया है। यह अंतर साफ दिख रहा है क्योंकि तिलक वर्मा 144 रन के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

**समय रात 8 बजे**

असली सवाल यह है कि क्या भारत के बाकी खिलाड़ी अभिषेक का बखूबी साथ निभा पाएंगे। सूर्यकुमार से बड़ी पारी की उम्मीद है। शुभमन गिल मुकाबले को खत्म नहीं कर पा रहे जबकि संजू सैमसन और तिलक जैसे खिलाड़ी श्रीलंका के खिलाफ महज औपचारिकता के मैच में ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं। अब तक अभिषेक ने पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अगर वह असफल रहे तो क्या होगा?

पूरे टूर्नामेंट के दौरान अभिषेक के अलावा अन्य बल्लेबाज बिल्कुल भी विश्वसनीय प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और शीर्ष क्रम के लड़खड़ाने पर कोई भी 'प्लान बी' के बारे में नहीं जानता। अगर भारत अभिषेक पर बहुत अधिक निर्भर है तो पाकिस्तान की कमजोरियां और भी अधिक स्पष्ट हैं। टीम का बल्लेबाजी क्रम काफी प्रभावी नहीं रहा है। जसप्रीत बुमराह को कुछ समय परेशान करने वाले साहिबजादा फरहान के अलावा अन्य बल्लेबाज दमदार प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। सईम अयूब का अभियान बेहद निराशाजनक रहा है। वह चार बार शून्य पर आउट हुए और एक समय तो टूर्नामेंट में उनके नाम पर रन से अधिक विकेट दर्ज थे। हुसैन तलत और सलमान अली आगा भारतीय स्पिनरों के सामने लड़खड़ा गए। रविवार का मैच एक बार फिर कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती की चतुराई से तय हो सकता है।

### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा और रिंकू सिंह।

**पाकिस्तान :** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमां, हारिस राऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन अफरीदी और सुफयान मोकिम।

### दबाव में बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी : मोर्कल

**दुबई :** भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल का मानना है कि टीम ने अभी तक पूर्ण खेल नहीं खेला है और उन्हें उम्मीद है कि रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप फाइनल में बल्लेबाजी इकाई दबाव में प्रदर्शन बेहतर करेगी।

हालांकि भारतीय स्पिनरों कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती ने पाकिस्तान सहित अधिकांश विरोधी टीमों को रोकने में सफलता हासिल की, लेकिन दबाव की परिस्थितियों में अभिषेक शर्मा की आतिशी बल्लेबाजी को छोड़कर अन्य बल्लेबाजों का प्रदर्शन बिल्कुल भी प्रेरणादायक नहीं रहा है। मोर्कल ने रविवार को होने वाले फाइनल से पहले कहा मुझे नहीं लगता कि इस टूर्नामेंट में अब तक हमने अपना पूर्ण खेल दिखाया है। हर मैच के बाद उन क्षेत्रों पर चर्चा होनी चाहिए जिनमें हम सुधार करना चाहते हैं और बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। इसलिए, यह एक सामान्य सोच है कि जब हम पर थोड़ा दबाव डाला जाता है तो हमें और तेज होने की जरूरत होती है। बीच के ओवरों में शायद एक-दो यॉर्कर डाली जा सकती हैं। मुझे लगता है कि चलन यह रहा है क्योंकि विकेट थोड़ा धीमा है इसलिए गति कम होती है।

# यूएई की थेकरा अलकाबी ने 100 मीटर थ्री-व्हील फ्रेम रनिंग में विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीता

**विश्व पैरा एथलेटिक्स**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की थेकरा अलकाबी ने शनिवार को यहां विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन महिलाओं की 100 मीटर टी71 फ्रेम रनिंग स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड कायम करते हुए स्वर्ण पदक जीता। टी71 वर्गीकरण उन एथलीटों के लिए है जिनके धड़ और पैरों में गतिशीलता काफी हद तक प्रभावित होती है।

अलकाबी 19.89 सेकेंड का समय निकालकर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम करने में सफल रही। इस 23 साल की खिलाड़ी ने लिथुआनिया की बेला मोरकस के इस साल जुलाई में कायम 20.08 सेकेंड के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। मोरकस ने यहां 21.53 सेकेंड के समय के साथ रजत जबकि पोलैंड की मिरियम डोमिनिकोवस्का ने 23.56 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक हासिल किया।


अलकाबी का इस स्पर्धा में पिछला व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 23.58 सेकेंड था। उन्होंने इससे पहले 2023 हांगझोऊ एशियाई पैरा खेलों में एफ32 क्लब थ्रो स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। महिलाओं की लंबी कूद टी37 स्पर्धा में, विश्व रिकॉर्ड धारक चीन की वेन शियाओयान ने 5.32 मीटर की मीट रिकॉर्ड दूरी के साथ अपेक्षा के अनुरूप स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 2019 में कायम अपने पिछले मीट रिकॉर्ड 5.22 मीटर में सुधार किया। उनका मौजूदा विश्व रिकॉर्ड 5.45 मीटर है। उन्होंने इसे 2023 हांगझोऊ एशियाई पैरा खेलों के दौरान बनाया था। टी 37 वर्गीकरण उन एथलीटों के लिए है जो सेरेब्रल पाल्सी की समस्या से जूझ रहे होते हैं।



ऑस्ट्रेलिया की नियाम मैक अलास्डेयर विश्व पैरा एथलेटिक्स में महिलाओं की लंबी कूद टी37 फाइनल में भाग लेती हुईं। एजेंसी

महिलाओं की गोला फेंक एफ 41 (छोटे कद के खिलाड़ी) में कोलंबिया की अरिजा बुइट्रागो मेयरली ने विश्व रिकॉर्ड धारक और कई पैरालंपिक तथा पैरा विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक विजेता राओआ तलीली को पछाड़ कर स्वर्ण पदक हासिल किया। मेयरली ने 10.21 मीटर की दूरी तय की जबकि उज्बेकिस्तान की कुबारो खाकिमोवा ने 10.17 मीटर के साथ रजत पदक जीता। ट्यूनीशिया की तलीली के नाम 10.55 मीटर का विश्व रिकॉर्ड है। उन्हें 9.96 मीटर के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

नीदरलैंड की नोएल रूर्डा ने महिला भाला फेंक एफ46 स्पर्धा में 43.74 मीटर के प्रयास के साथ अपना पहला विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक जीता। इस स्पर्धा का रजत उज्बेकिस्तान की शाहिनाखोन यिगितालिएवा (41.97 मीटर) और कांस्य ब्रिटेन की हॉली अर्नोल्ड (41.94 मीटर) के नाम रहा। भारत की भावनाबेन चौधरी ने 35.34 मीटर के थ्रो के साथ आठवां स्थान हासिल किया। एफ 46 वर्गीकरण उन एथलीटों के लिए है जिनके एक या दोनों हाथों में गतिविधि प्रभावित होती है।





महिलाओं की लंबी कूद में जोरआजमाइस करतीं तटस्थ पैरालंपिक एथलीट एलेना त्रेतियाकोवा। एजेंसी

भारत की मौजूदा चैंपियन दीप्ति जीवनजी ने सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ महिलाओं की 400 मीटर टी20 स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। तेलंगाना की 22 वर्षीय इस एथलीट ने शुरुआती दौर की दूसरी हीट में 58.35 सेकेंड का समय निकालकर शीर्ष स्थान हासिल किया। यह स्पर्धा उन एथलीटों के लिए है जिनमें बौद्धिक अक्षमता होती है।

### सुपर ओवर में मेरी योजना स्पष्ट थी

**दुबई :** भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने एशिया कप सुपर 4 मैच में श्रीलंका के खिलाफ सुपर ओवर में अपनी सफलता का श्रेय वाइड यॉर्कर फेंकने की अपनी काबिलियत को दिया।

श्रीलंकाई बल्लेबाज पाथुम निसांका और कुसल परेरा ने शुक्रवार को अर्शदीप के दो ओवरों में 26 रन जुटाए। लेकिन बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने अच्छी वापसी की और सुपर ओवर में सिर्फ दो रन दिए और साथ ही परेरा और दासुन शनाका के विकेट भी लिए। बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए

# सूर्यकुमार के सामने फार्म वापसी बनी चुनौती

**दुबई, एजेंसी**

कप्तान के तौर पर एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में अब तक शानदार परिणाम हासिल करने वाले सूर्यकुमार यादव बल्ले से अपनी ख्याति के मुताबिक चमक बिखेरने में नाकाम रहे हैं लेकिन रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले फाइनल में उनके पास शानदार मौका होगा।

सूर्यकुमार का इस टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में नाबाद 47 रन रहा है। उन्होंने यह पारी तब खेली जब टीम जीत के लिए

- **फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ प्रतिभा दिखाने का मौका**

छोटे लक्ष्य का पीछा कर रही थी और आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 31 रन की ताबड़तोड़ पारी से टीम के अन्य बल्लेबाजों से दबाव पूरी तरह से हटा दिया था।

कप्तान बनने के बाद सूर्यकुमार की बल्लेबाजी में थोड़ी गिरावट देखने को मिली है। इसका एक कारण उनके बल्लेबाजी क्रम में लगातार बदलाव करना भी है। सूर्यकुमार युवा खिलाड़ियों को बल्लेबाजी का ज्यादा मौका देने के लिए अपने बल्लेबाजी क्रम को आगे पीछे करते रहे हैं। सूर्यकुमार ने 2024 में 15 पारियों में चार अर्धशतक की मदद से 420 रन बनाए। उन्होंने इस दौरान 271 गेंदें खेली और उनका स्ट्राइक-रेट 155 रहा।

इन 15 पारियों में उन्होंने 40 चौके और 22 छक्के लगाए। उनकी डॉट गेंद का प्रतिशत 35 के आसपास का रहा। भारतीय कप्तान ने साल 10 पारियों में 90 गेंदों पर केवल 99 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक-रेट गिरकर 110 हो गया है। इसका मुख्य कारण उनके बल्लेबाजी क्रम में खुद से किए गए बदलाव का भी योगदान है।

**तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप**

**महज 18 साल की उम्र में शीतल देवी ने हासिल की उपलब्धि**

# शीतल देवी बनीं पैरा विश्व तीरंदाजी चैंपियन

**ग्वांग्जू (दक्षिण कोरिया), एजेंसी**

भारत की 18 वर्षीय शीतल देवी ने शनिवार को यहां विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप में महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में तुर्किये की दुनिया की नंबर एक पैरा तीरंदाज ओजनूर क्यूर गिर्डी को 146-143 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। स्पर्धा में शीतल एकमात्र बिना बाजू वाली पैरा तीरंदाज हैं। वह निशाना लगाने के लिए अपने पैरों और ठुड्डी का इस्तेमाल करती हैं और यह चैंपियनशिप में उनका तीसरा पदक है। इससे पहले शीतल और सरिता ने कंपाउंड महिला ओपन टीम स्पर्धा में रजत पदक। शीतल ने तोमन कुमार के साथ मिलकर कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता।

व्यक्तिगत फाइनल तनावपूर्ण था लेकिन शीतल ने संयम से निशाने



लगाए। पहला राउंड 29-29 से बराबरी पर था, लेकिन शीतल ने दूसरे राउंड में 10-10 के तीन शॉट लगाकर 30-27 से जीत बढ़त हासिल की।

तीसरा राउंड भी 29-29 से बराबरी पर था। चौथे राउंड में शीतल मामूली अंतर से चूक गईं जिसमें उन्होंने 28 अंक बनाए और गिर्डी एक अंक से इसे जीत गईं। हालांकि फिर भी शीतल ने 116-114 के स्कोर पर दो अंक की बढ़त बनाए रखी। इसके बाद उन्होंने अंतिम राउंड में तीन सटीक तीर से 30 अंक बनाकर अपना पहला स्वर्ण पदक पक्का किया। इससे पहले जम्मू कश्मीर की इस तीरंदाज ने सेमीफाइनल में ब्रिटेन की जोडी ग्रिनहम को 145-140 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। यह खिताबी मुकाबला 2023 पिलसन विश्व चैंपियनशिप का दोहराव था जिसमें गिर्डी ने शीतल को 140-138 से हराया था।

### भारतीय जोड़ी ने शानदार शुरुआत की

भारतीय जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले राउंड में गिर्डी और बुर्सा फातमा उन की तुर्की की जोड़ी पर 38-37 की बढ़त बनाई। भारतीय जोड़ी ने अपने शुरुआती चार तीर से तीन बार 10 अंक जुटाए जबकि तुर्की की जोड़ी केवल एक बार ही 10 अंक बना सकी। तुर्की की तीरंदाजों ने दूसरे राउंड में तीन बार 10 अंक से 39 अंक जुटाकर वापसी की और स्कोर 76-76 से बराबर कर दिया। तीसरे राउंड में भारतीय जोड़ी दबाव में आ गई। शीतल और सरिता एक बार 10, दो बार नौ और एक बार आठ अंक से कुल 36 अंक ही बना पाईं। तुर्की की जोड़ी ने अधिक निरंतरता दिखाई और उन्होंने एक बार 10 और तीन बार नौ अंक के साथ कुल स्कोर के आधार पर एक अंक की बढ़त हासिल कर ली।